PRGI NO. RJHIN/26/A2336

# सम्यक् करेंट अफेयर्स

**मासिक पत्रिका** **अप्रैल 2026**

▶ राष्ट्रीय ▶ अंतरराष्ट्रीय ▶ राजस्थान




वर्ष 01, अंक 01, अप्रैल 2026, मूल्य 100/- प्रति, वार्षिक शुल्क 1000/-, पृष्ठ संख्या 46

**CIVIL SERVICES DAY** के अवसर पर बढ़ाएँ प्रशासनिक सेवा की ओर कदम...

# Samyak
An Institute For Civil Services

Presents

CSO
CIVIL SERVICES OLYMPIAD

# IAS RAS

## की तैयारी के लिए 100% तक स्कॉलरशिप पाने का स्वर्णिम अवसर




TO ALL PARTICIPANTS

- NCERT नींव निर्माण COURSE ~~₹10000~~ FREE
- Certificate of Appreciation
- MINIMUM 25% SCHOLARSHIP
- IAS/RAS PRE & MAINS SOLVED PAPERS BOOKLET FREE

रजिस्ट्रेशन शुल्क ₹51

SCAN QR FOR REGISTRATION

**SYLLABUS**

NCERT OF 9th & 10th : SST, SCI. & TECH.
NCERT OF 11th : INDIAN CONSTITUTION
CURRENT AFFAIRS : OCT. 2025-MAR. 2026

परीक्षा की तिथि **26th APRIL**
परीक्षा का समय **09:00 AM-10:30 AM**

रजिस्ट्रेशन के लिए मिस कॉल भी कर सकते है **9785722722**

www.civilservicesolympiad.com

**H.O. NEAR RIDDHI - SIDDHI, JAIPUR 9875170111**

# सम्यक् करेंट अफेयर्स


| No. | Index | Page |
|---|---|---|
| 1 | ▶ राजस्थान समसामयिकी | 5 – 19 |
| 2 | ▶ राष्ट्रीय परिदृश्य | 20 – 21 |
| 3 | ▶ आर्थिक परिदृश्य | 22 – 24 |
| 4 | ▶ अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य | 25 – 26 |
| 5 | ▶ अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी | 27 – 29 |
| 6 | ▶ खेल परिदृश्य | 30 – 31 |
| 7 | ▶ पुरस्कार एवं सम्मान | 32 – 34 |
| 8 | ▶ चर्चित व्यक्तित्व | 35 – 36 |
| 9 | ▶ चर्चित स्थल | 37 – 39 |
| 10 | ▶ प्रमुख सम्मेलन | 40 |
| 11 | ▶ इंडेक्स एवं रिपोर्ट | 41 – 42 |
| 12 | ▶ महत्त्वपूर्ण दिवस | 43 – 44 |



स्वत्वाधिकारी सम्यक एड्यूटेक

प्रकाशक एवं सम्पादक - वैष्णवी भारद्वाज (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर, राजस्थान होगा।)

संपादक कार्यालय - SP-21, गंगाराम नगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर (राजस्थान)-302018 से प्रकाशित

महारानी प्रिन्टर्स, प्लॉट नं. 17, माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर, राजस्थान-302012 से मुद्रित।

e-mail : currentaffairs@samyakias.com

मो. 9460480423 | इस अंक का मूल्य : 100 | वार्षिक सदस्यता शुल्क : 1000



इस अंक मे प्रकाशित किसी भी सामग्री अथवा चित्र के लिए संपादक की सहमति होना आवश्यक नहीं है। इस पत्रिका मे प्रकाशित सूचनाएँ, समाचार, ज्ञान एवं तथ्य पूरी तरह से सत्यापित किए गए हैं। यदि कोई जानकारी या तथ्य गलत प्रकाशित हो गया है तो प्रकाशक, संपादक या मुद्रक, उससे किसी व्यक्ति विशेष को पहुंची क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं हैं।

**!! माँ शारदे के चरणों में सादर नमन !!**

# संपादकीय

**''पूर्व चलने के बटोही, बाट की पहचान कर ले''**

श्री हरिवंशराय बच्चन के हृदयतल की गहराई से निकले भाव कविता के रूप में समस्त यात्रियों का मार्गप्रशस्त करते हुए दिखाई देते हैं। निस्संदेह यह कालजयी सर्वकालिक प्रासंगिक पंक्ति अनंतकाल तक अनगिनत यात्रियों की पथप्रदर्शक बनी रहेगी।

कविवर जीवन के किसी भी क्षेत्र में यात्रा आरंभ कर रहे यात्रियों को प्रेरणा और जागरूकता (Awareness) का संकेत देते हुए कहना चाहते हैं कि 'हे यात्री अपनी यात्रा प्रारंभ करने से पहले रास्ते (राह) को भली-भांति पहचान ले, तत्पश्चात् ही अपनी यात्रा आरंभ कर अन्यथा गंत्तव्य तक पहुँचना मुश्किल हो सकता है।

यात्री से तात्पर्य अभ्यर्थी भी हो सकता है। कवि कहना चाहते हैं कि सर्वप्रथम गंतव्य (मंजिल/लक्ष्य) निश्चित करना आवश्यक है जो स्वप्न देखा है उसे सत्य की कसौटी पर परखना आवश्यक है कि जहाँ जाना चाहते हो वहाँ वास्तव में भी जाना चाहते हो या यह महज एक अस्थायी आकर्षण है। जो लक्ष्य है उसके पीछे उद्देश्य क्या है? आखिर वह क्यों प्राप्त करना चाहते हो? जब इस क्यों का उत्तर मिल जाए और उद्देश्य स्पष्ट हो जाए तो इस लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प लेना आवश्यक है और समर्पित भाव से लक्ष्य की दिशा में यात्रा आरंभ कर दो।

इसके लिए यह भी आवश्यक है कि इस यात्रा की चुनौतियाँ क्या है? उनके समाधान क्या है? उनके लिए क्या तैयारी की गई है? अधूरी तैयारी और अधूरी जानकारी के अभाव में काफी यात्री (अभ्यर्थी) अपनी यात्रा बीच में ही छोड़ देते हैं अत: मार्ग में आने वाली बाधाओं को स्वीकार कर उनका समाधान किया जाना आवश्यक है। मार्ग में अनेक आँधी, तूफान, वर्षा, झंझावत और जंगली जानवरों का सामना करना पड़ेगा इसलिए बिना डरे उनसे निपटने की तैयारी आवश्यक है और उसके लिए आवश्यक संसाधनों का संग्रह तथा उपयोग आवश्यक है।

अनेक चुनौतियों से भरी यात्रा में धैर्य और संयम को धारण किए रहना बहुत जरूरी होगा। यात्रा की स्थिति वास्तविकता किसी अन्य द्वारा सुनाई कहानी से ज्ञात नहीं होगी बल्कि जिन लोगों ने वास्तविक अनुभव लिए हैं उनके अनुभवों से कुछ अनुमान अवश्य लगाया जा सकता है। इस अनिश्चित यात्रा में कुछ सुखद अनुभव प्राप्त होंगे कुछ दु:खद अनुभव मिलेंगे कहीं रहस्यमय परिस्थितियाँ दिखाई देंगी और कहीं किंकर्तव्यविमूढ़ स्थितियाँ पैदा होंगी। कुछ प्राप्त होगा कुछ छूटेगा, इस तरह कुछ भी हो सकता है लेकिन हे राही तू ऐसा संकल्प ले कि तू रूकेगा नहीं।

कवि कहते हैं कि स्वप्न देखना सबका अधिकार है किंतु केवल स्वप्न पर ही मुग्ध नहीं होना है उसे पूरा करने का यत्न भी करना है। जब स्वप्न कुछ विराट (स्वर्ग) का दिखाई देता है तो आँखों में चमक आती है पैरों को पंख लग जाते है और हृदय उत्साह से भर उठता है ऐसी स्थिति में कवि कहते हैं 'आँख में हो स्वर्ग लेकिन पाँव पृथ्वी पर टिके हों।''

प्रिय अभ्यर्थियो, अब जब कदम आगे बढ़ा दिए हैं तो इस यात्रा को अच्छा समझते हुए पूर्ण विश्वास के साथ आगे बढ़ते रहो, सफलता तुम्हारा वरण करेगी।

**सम्पादक**

# राजस्थान परिदृश्य

## प्रमुख कार्यक्रम, योजनाएँ एवं अभियान

### जयपुर मेट्रो विस्तार योजना

- राजस्थान में 20 मार्च, 2026 को जयपुर मेट्रो विस्तार को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसमें नए मेट्रो फेज की योजना में प्रमुख स्थानों को शामिल किया जाए और जनसंख्या घनत्व को ध्यान में रखने का निर्णय लिया गया।
- **नोट:** राजस्थान बजट 2025-26 में जगतपुरा और वैशाली नगर तक मेट्रो विस्तार के लिए डीपीआर तैयार करने की घोषणा की गई।
- मुख्यमंत्री ने मेट्रो को आमेर, बगराना (आगरा रोड), जगतपुरा और आईएसबीटी हीरापुरा तक विस्तारित करने के लिए मास्टर प्लान बनाने के निर्देश दिए।

### अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम

- इस कार्यक्रम का आयोजन 21 मार्च, 2026 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में किया गया।
- यह कार्यक्रम वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री श्री संजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।
- इसका आयोजन "वन एवं अर्थव्यवस्था" थीम पर किया गया।

**अटल वन का उद्घाटन:**

- जयपुर जिले की शाहपुरा तहसील में विकसित "अटल वन" का उद्घाटन किया गया।
- यह वन लगभग 30 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित किया गया है।
- इसमें इंटरप्रिटेशन सेंटर, वॉकिंग ट्रेल, वॉच टावर, सोलर फेंसिंग तथा जैव विविधता संरक्षण से जुड़े कई नवाचार शामिल किए गए हैं।
- इसके अलावा "एक पेड़ मां के नाम" अभियान पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया गया।
- जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए CRESEP परियोजना के अंतर्गत राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- वन प्रबंधन में तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए "DigiVan" डिजिटल प्लेटफॉर्म के नए मॉड्यूल (PoC-3 एवं PoC-4) को लाइव किया गया।
- इन मॉड्यूल्स से वन्यजीव आवास की निगरानी और कार्बन क्रेडिट प्रबंधन में सहायता मिलेगी।
- वन्यजीव संरक्षण को मजबूत करने के लिए 30 करोड़ रुपये की लागत से कोटा, बारां, पाली, सिरोही, चूरू, मुकुंदरा और अजमेर के संरक्षित क्षेत्रों में 20 प्रे-बेस ऑगमेंटेशन सेंटर स्थापित किए गए।

### मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-वार्ड अभियान

- इस अभियान की शुरुआत राजस्थान दिवस के अवसर पर 19 मार्च 2026 को की गई।
- यह अभियान 19 मार्च से 15 मई 2026 तक संचालित होगा।
- यह पहल "विकसित राजस्थान" के लक्ष्य को जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने के लिए शुरू की गई। इसके तहत राज्य की सभी ग्राम पंचायतों और शहरी वार्डों के लिए स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार विकास का रोडमैप तैयार किया जाएगा।
- प्रत्येक क्षेत्र की खेती, वनस्पति, खनिज, पारंपरिक कला और उद्योगों की पहचान की जाएगी।
- कृषि आधारित क्षेत्रों में प्रोसेसिंग, मंडी और वैल्यू एडिशन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि आय और रोजगार बढ़ सके।
- इसमें पंचायत और वार्ड स्तर पर टीमों द्वारा डेटा संग्रह कर मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा।
- यह योजना साक्ष्य आधारित होगी, जिसमें सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जानकारी को शामिल किया जाएगा।

### टीबी मुक्त भारत अभियान

- विश्व टीबी दिवस के अवसर पर 24 मार्च 2026 को जयपुर से राजस्थान में "टीबी मुक्त भारत अभियान—100 दिवसीय" का शुभारंभ किया गया।
- इसके तहत उच्च जोखिम वाले ग्रामों में आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा।
- इसका उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और टीबी के मामलों की शीघ्र पहचान सुनिश्चित करना है।
- 100 दिवसीय अभियान के तहत शिविरों में 14 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की जांच की जाएगी। इन जांचों में टीबी स्क्रीनिंग के साथ ही हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, बॉडी मास इंडेक्स तथा छाती का एक्स-रे शामिल किए जाएंगे।
- यदि न्यूक्लिक एसिड एम्प्लीफिकेशन टेस्ट (NAAT) में टीबी की पुष्टि होती है, तो संबंधित मरीज को तुरंत निःशुल्क और मानक उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।
- **नोट:** राजस्थान ने वर्ष 2025 में 1 करोड़ 75 लाख से अधिक संभावित टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग कर देश में सर्वाधिक उपलब्धि प्राप्त की थी।

### एफएमडी (खुरपका-मुंहपका) टीकाकरण अभियान

- इस अभियान के सातवें चरण का शुभारंभ 16 मार्च 2026 को पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बगरू स्थित रामदेव गौशाला में किया।

- यह खुरपका-मुंहपका (FMD) रोग से पशुधन को बचाने के लिए शुरू किया गया है।
- इस अभियान के तहत राज्य के सभी जिलों में कुल 2 करोड़ 32 लाख गौ एवं भैंस वंशीय पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- यह पहल वर्ष 2030 तक राजस्थान को एफएमडी रोग से मुक्त बनाने के उद्देश्य से की गई है।

## एक जिला एक उत्पाद नीति और एमएसएमई नीति की स्वीकृति प्रक्रिया में बदलाव

- "एक जिला एक उत्पाद नीति-2024" और "राजस्थान एमएसएमई नीति-2024" के तहत आवेदनों की जांच और स्वीकृति का अधिकार जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्रों के महाप्रबंधकों को दिया गया है। पहले यह कार्य जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति करती थी, जिसे अब समाप्त कर दिया गया है।
- इस बदलाव से आवेदनों का निस्तारण तेजी से होगा और लाभार्थियों को जल्दी लाभ मिल सकेगा।

## 'मधुहारी क्लिनिक' का विस्तार होगा

- डायबिटीज की जांच और उपचार के लिए मधुहारी क्लिनिक का दायरा बढ़ाया जाएगा।
- यह सुविधा राजस्थान में पहले 61 जिला अस्पतालों में संचालित थी जिसे अब 198 अस्पतालों तक विस्तारित किया जाएगा।
- इसके तहत 137 नए अस्पतालों में क्लिनिक शुरू किए जाएंगे।
- अप्रैल 2026 से डायबिटिक फुट की स्क्रीनिंग और उपचार की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसमें एसएमएस जयपुर, जेएलएन अजमेर, जोधपुर, आरएनटी उदयपुर, बीकानेर, कोटा और झालावाड़ मेडिकल कॉलेज शामिल हैं।

## 'समर्थ 2.0' योजना

- केंद्र सरकार 2026 से 2031 के बीच 'समर्थ 2.0' योजना पर 2940 करोड़ रुपये खर्च करेगी।
- योजना का उद्देश्य टेक्सटाइल सेक्टर की पूरी वैल्यू चेन को आधुनिक बनाना है।
- इसके तहत 15 लाख लोगों को प्रशिक्षित कर हाईटेक उद्योगों के लिए तैयार किया जाएगा।
- **भीलवाड़ा, पाली और बालोतरा** जैसे राजस्थान के प्रमुख कपड़ा केंद्रों को इससे विशेष लाभ मिलेगा।
- यह योजना पारंपरिक उद्योगों को आधुनिक और तकनीकी रूप से उन्नत बनाने में सहायक होगी।
- भारत का लक्ष्य 2030 तक 100 बिलियन डॉलर का टेक्सटाइल निर्यात हासिल करना है।
- इस योजना के तहत IIT दिल्ली जैसे संस्थानों और उद्योगों को जोड़ा गया है तथा कॉलेजों में डिजिटल क्लासरूम और आधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी।

## वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ODOP) योजना

- केंद्र सरकार की ओडीओपी योजना के अंतर्गत राजस्थान के 41 जिलों से 41 विशिष्ट उत्पादों की पहचान की गई है।
- 13 मार्च 2026 को राज्यसभा में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी दी।
- यह पहल उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) द्वारा संचालित की जा रही है।
- योजना का उद्देश्य प्रत्येक जिले के एक प्रमुख उत्पाद को चयनित कर उसकी ब्रांडिंग, विपणन और निर्यात को बढ़ावा देना है।
- राज्य सरकार ने सभी 41 जिलों के पारंपरिक या विशेष उत्पादों को इस योजना के तहत चिन्हित किया है।

| जिला | उत्पाद | क्षेत्र |
|---|---|---|
| अजमेर | ग्रेनाइट व मार्बल उत्पाद | मैन्युफैक्चरिंग |
| अलवर | ऑटोमोबाइल पार्ट्स | मैन्युफैक्चरिंग |
| बालोतरा | टेक्सटाइल उत्पाद | टेक्सटाइल |
| बांसवाड़ा | मार्बल उत्पाद | मैन्युफैक्चरिंग |
| बारां | लहसुन उत्पाद | कृषि |
| बाड़मेर | कशीदाकारी | हैंडलूम |
| ब्यावर | क्वार्ट्ज व फेल्स्पार पाउडर | मैन्युफैक्चरिंग |
| भरतपुर | एग्रो आधारित उत्पाद | फूड प्रोसेसिंग |
| भीलवाड़ा | टेक्सटाइल उत्पाद | टेक्सटाइल |
| बीकानेर | बीकानेरी नमकीन | फूड प्रोसेसिंग |
| बूंदी | चावल | कृषि |
| चित्तौड़गढ़ | ग्रेनाइट व मार्बल | मैन्युफैक्चरिंग |
| चूरू | लकड़ी के उत्पाद | हस्तशिल्प |
| दौसा | पत्थर उत्पाद | मैन्युफैक्चरिंग |
| डीडवाना - कुचामन | मार्बल व ग्रेनाइट | मैन्युफैक्चरिंग |
| डीग | पत्थर आधारित उत्पाद | मैन्युफैक्चरिंग |
| धौलपुर | पत्थर आधारित उत्पाद | मैन्युफैक्चरिंग |
| डूंगरपुर | ग्रेनाइट उत्पाद | मैन्युफैक्चरिंग |
| हनुमानगढ़ | एग्रो आधारित उत्पाद | कृषि |
| जयपुर | रत्न व आभूषण | मैन्युफैक्चरिंग |
| जैसलमेर | येलो स्टोन | मैन्युफैक्चरिंग |
| जालौर | ग्रेनाइट उत्पाद | मैन्युफैक्चरिंग |
| झालावाड़ | कोटा स्टोन | मैन्युफैक्चरिंग |
| झुंझुनूं | लकड़ी के हस्तशिल्प | हस्तशिल्प |
| जोधपुर | लकड़ी का फर्नीचर | हस्तशिल्प |
| करौली | सैंडस्टोन | मैन्युफैक्चरिंग |
| खैरथल - तिजारा | ऑटोमोबाइल पार्ट्स | मैन्युफैक्चरिंग |

| | | |
|---|---|---|
| कोटा | कोटा डोरिया | हैंडलूम |
| कोटपूतली-बहरोड़ | ऑटोमोबाइल पार्ट्स | मैन्युफैक्चरिंग |
| नागौर | पान मेथी व मसाले | फूड प्रोसेसिंग |
| पाली | टेक्सटाइल उत्पाद | टेक्सटाइल |
| फलोदी | सोनामुखी उत्पाद | फूड प्रोसेसिंग |
| प्रतापगढ़ | थेवा ज्वेलरी | हस्तशिल्प |
| राजसमंद | ग्रेनाइट व मार्बल | मैन्युफैक्चरिंग |
| सलूम्बर | क्वार्ट्ज | मैन्युफैक्चरिंग |
| सवाई माधोपुर | मार्बल उत्पाद | मैन्युफैक्चरिंग |
| सीकर | लकड़ी का फर्नीचर | हस्तशिल्प |
| सिरोही | मार्बल उत्पाद | हस्तशिल्प |
| श्रीगंगानगर | सरसों तेल | फूड प्रोसेसिंग |
| टोंक | स्लेट स्टोन | मैन्युफैक्चरिंग |
| उदयपुर | मार्बल व ग्रेनाइट | मैन्युफैक्चरिंग |

## राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2026

- राजस्थान विधानसभा में 10 मार्च 2026 को यह विधेयक ध्वनिमत से पारित किया गया। इसके तहत दो से अधिक संतानों वाले व्यक्ति अब नगर निकाय चुनावों में भाग ले सकेंगे। इसके अलावा राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 में संशोधन कर खतरनाक रोगों की सूची से कुष्ठ रोग को हटा दिया गया है।

## महाराणा प्रताप खेलकूद विश्वविद्यालय

- जयपुर के आमेर में महाराणा प्रताप खेलकूद विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा। इससे संबंधित विधेयक 10 मार्च 2026 को विधानसभा में ध्वनिमत से पारित किया गया।
- इसके लिए लगभग 2 लाख वर्ग मीटर भूमि चिन्हित की गई है।
- परियोजना की लागत 101 करोड़ रुपये से अधिक अनुमानित है।
- इस विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स साइंस, स्पोर्ट्स कोचिंग, फिजिकल एजुकेशन, स्पोर्ट्स मेडिसिन, स्पोर्ट्स मैनेजमेंट, स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी और एडवेंचर स्पोर्ट्स जैसे विषयों में अध्ययन और प्रशिक्षण की सुविधा होगी। इसका उद्देश्य खेल शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण को बढ़ावा देना तथा विशेषज्ञ और प्रशिक्षक तैयार करना है।
- इस विश्वविद्यालय का अधिकार क्षेत्र पूरे राज्य में रहेगा।
- राज्य के सभी खेल महाविद्यालय इससे संबद्ध किए जा सकेंगे, प्रारंभ में प्रत्येक संभाग से एक-एक कॉलेज जोड़ा जाएगा।
- कुलगुरु की अध्यक्षता में प्रबंध बोर्ड गठित किया जाएगा।
- एक सलाहकार परिषद भी बनाई जाएगी, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित व्यक्ति को अध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा।

## राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक, 2026

- राजस्थान विधानसभा में यह विधेयक 9 मार्च 2026 को ध्वनिमत से पारित किया गया। इसके तहत अब दो से अधिक संतान वाले व्यक्ति भी पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव लड़ सकेंगे।
- इससे पहले 1994 के अधिनियम के तहत ऐसे व्यक्तियों की पात्रता समाप्त कर दी जाती थी।
- वर्तमान में शिक्षा और जागरूकता बढ़ने से जनसंख्या वृद्धि दर में कमी आई है, जिससे यह प्रावधान अप्रासंगिक माना गया।

## आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विश्वविद्यालय, अजमेर

- राजस्थान विधानसभा में 9 मार्च 2026 को विश्वविद्यालय से संबंधित विधेयक ध्वनिमत से पारित किया गया।
- इसकी घोषणा बजट वर्ष 2024-25 में की गई थी।
- यह विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा और अनुसंधान को सुदृढ़ करेगा।
- इसमें आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा दिया जाएगा।

### प्रशासनिक ढांचा

- विश्वविद्यालय में प्रबंध बोर्ड, संकाय बोर्ड, अध्ययन समिति, वित्त एवं लेखा समिति, अनुसंधान, खेल एवं छात्र कल्याण तथा नवाचार बोर्ड का गठन किया जाएगा।
- कुलाधिपति द्वारा कुलगुरु की नियुक्ति के बाद प्रबंध बोर्ड स्थापित होगा।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विभिन्न संकायों में अध्ययन की व्यवस्था की जाएगी।

## अशांत क्षेत्रों में संपत्ति नियंत्रण विधेयक-2026

- राजस्थान विधानसभा ने "राजस्थान विक्षुब्ध क्षेत्रों में स्थावर संपत्ति के अंतरण का प्रतिबंध एवं किरायेदार संरक्षण विधेयक-2026" पारित किया। इसका उद्देश्य धार्मिक आधार पर दबाव में संपत्ति बेचने की घटनाओं को रोकना है।
- इस कानून में किसी धर्म या समुदाय विशेष का उल्लेख नहीं किया गया है और इसे सामाजिक संतुलन को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

### प्रमुख प्रावधान

- किसी क्षेत्र को दंगे या गंभीर साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति में ही विक्षुब्ध क्षेत्र घोषित किया जाएगा।
- इसके लिए मॉनिटरिंग एवं सलाहकार समिति बनाई जाएगी।
- अधिसूचना की अवधि 3 वर्ष होगी, जिसे घटाया या बढ़ाया जा सकता है।
- एडीएम की अनुमति के बिना बाजार मूल्य से कम कीमत पर संपत्ति हस्तांतरण और रजिस्ट्री नहीं होगी।
- बिना अनुमति किया गया हस्तांतरण अमान्य माना जाएगा।
- एसडीएम तीन महीने में संपत्ति संबंधित आवेदन पर निर्णय करेगा।
- नियमों के उल्लंघन पर 3 से 5 वर्ष तक की सजा और 1 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।
- बैंक या वित्तीय संस्थानों के पास गिरवी संपत्तियों और नीलामी पर यह नियम लागू नहीं होगा।

### राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक अधिष्ठान (संशोधन) विधेयक-2026

- राजस्थान विधानसभा ने 5 मार्च 2026 को इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित किया।
- प्रमुख संशोधन
  - दैनिक कार्य अवधि 9 घंटे से बढ़ाकर 10 घंटे कर दी गई, जबकि साप्ताहिक सीमा 48 घंटे ही रखी गई।
  - विश्राम से पहले कार्य करने की अवधि 5 घंटे से बढ़ाकर 6 घंटे कर दी गई, जिसमें कम से कम आधा घंटा विश्राम अनिवार्य है।
  - इन परिवर्तनों से व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। इससे श्रमिकों को बेहतर वेतन और सुविधाएं व उत्पादकता और कौशल में सुधार होगा।
- श्रम से जुड़े प्रावधान
  - अप्रेंटिस की न्यूनतम आयु 12 वर्ष से बढ़ाकर 14 वर्ष कर दी गई है।
  - 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को दुकानों या वाणिज्यिक संस्थानों में कार्य पर लगाने पर रोक लगाई है।
  - इसमें महिलाओं के रात्रि कार्य से संबंधित नियमों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

### राजस्थान जन विश्वास (संशोधन) विधेयक, 2026

- राजस्थान विधानसभा ने 5 मार्च 2026 को राजस्थान जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक, 2026 पारित किया।
- यह विधेयक प्रशासनिक सुधार और नागरिकों के विश्वास को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।
- इससे ईज ऑफ लिविंग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा। इसमें छोटे उल्लंघनों पर कारावास जैसी सजा समाप्त कर कानूनी प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है।
- प्रमुख प्रावधान
  - भाण्डागार अधिनियम 1958 के तहत बिना लाइसेंस भंडारण पर कारावास हटाकर जुर्माना 50,000 रुपये तक बढ़ाया गया।
  - घरेलू पेयजल कनेक्शन के गैर-घरेलू उपयोग पर कारावास हटाकर प्रतिदिन 200 से 1000 रुपये तक जुर्माने का प्रावधान किया गया।
  - निवेश और उद्यमिता को प्रोत्साहन मिलेगा, साथ ही बार-बार अपराध करने वालों पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान भी रखा गया है।

### मंदिर कॉरिडोर परियोजनाएँ

- केंद्र सरकार के तहत देश में कुल 54 मंदिर तीर्थ कॉरिडोर और तीर्थ विकास परियोजनाएं संचालित हो रही हैं।
- ये परियोजनाएं 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू हैं।
- इनमें से सर्वाधिक 4 परियोजनाएं राजस्थान में स्वीकृत हैं।

### देसूरी-चारभुजा स्काई-वे परियोजना

- पाली-नाडोल देसूरी-चारभुजा मार्ग (NH-162E) पर 83 किमी के सेक्शन में विकास कार्य प्रस्तावित है।
- **देसूरी नाल में 9 किमी लंबा स्काई-वे** बनाया जाएगा, जो जमीन के ऊपर सिंगल-पिलर एलिवेटेड संरचना होगी।
- इस परियोजना की लागत लगभग 2000 करोड़ रुपये है।
- इसमें 9 नए बाईपास और कई रियलाइन्मेंट शामिल होंगे, जिससे ट्रैफिक को आबादी से दूर किया जा सके।
- इस स्काई-वे से पहाड़ों की कटाई कम होगी और वन्यजीवों के लिए सुरक्षित मार्ग बना रहेगा। इससे मानसून के दौरान जल प्रवाह बाधित नहीं होगा, जिससे जाम और भूस्खलन की समस्या कम होगी।
- इसमें सड़क का निर्माण 100 किमी/घंटा की गति के अनुसार किया जाएगा।

## चर्चित व्यक्तित्त्व

### अनवर खां मांगणियार

- राजस्थान के लोक कलाकार अनवर खां मांगणियार को संगीत नाटक अकादमी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- इस पद पर पहली बार किसी लोक कलाकार की नियुक्ति की गई है।
- उनके प्रसिद्ध गीतों में "कैसरिया बालम" विशेष रूप से लोकप्रिय है।

### जोगेश्वर गर्गः राजस्थान कूडो के चेयरमैन बने

- जोगेश्वर गर्ग को राजस्थान कूडो का चेयरमैन बनाया गया है।
- यह खेल कराटे, जूडो, ताइक्वांडो, बॉक्सिंग, कुश्ती और जुजुत्सू का मिश्रण है। इसमें सुरक्षा के लिए हेड गार्ड और अन्य प्रोटेक्टिव उपकरणों का उपयोग किया जाता है, इसलिए यह अपेक्षाकृत कम जोखिम वाला खेल माना जाता है।
- इस खेल में राजस्थान के जोधपुर की रुद्राणी पटेल ने अंडर-11 वर्ग में विश्व खिताब जीता है।
- कूडो खेल की शुरुआत 1982 में जापान में हुई थी।
- अब तक इसके 6 वर्ल्ड कप आयोजित हो चुके हैं, जिनमें 2017 का मुंबई वर्ल्ड कप भी शामिल है।

### श्री आलोक गुप्ता

- श्री आलोक गुप्ता 23 मार्च 2026 को राजस्थान आवासन मण्डल के अध्यक्ष बने। आलोक गुप्ता भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी है।

### राजस्थान क्रिकेट संघ (RCA) की एडहॉक कमेटी का पुनर्गठन

- राजस्थान क्रिकेट संघ की एडहॉक कमेटी का पुनर्गठन करते हुए मोहित यादव को संयोजक नियुक्त किया गया है। इससे पहले जयदीप बिहाणी और डी.डी. कुमावत संयोजक रह चुके हैं।

**शामिल सदस्य**

1. मोहित यादव (अलवर जिला क्रिकेट संघ ) - संयोजक
2. धनञ्जय सिंह खींवसर (जोधपुर जिला क्रिकेट संघ)
3. आशीष तिवाड़ी (सीकर जिला क्रिकेट संघ)
4. अर्जुन बेनीवाल (हनुमानगढ़ जिला क्रिकेट संघ)
5. अरिष्ट सिंघवी (जोधपुर जिला क्रिकेट संघ, पूर्व रणजी व आइपीएल खिलाड़ी)

## न्यायमूर्ति अरुण भंसाली: उच्च न्यायालयों में राजस्थान से एकमात्र मुख्य न्यायाधीश

- **न्यायमूर्ति अरुण भंसाली** वर्तमान में राजस्थान से बने एकमात्र न्यायाधीश हैं जो किसी राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हैं उन्हें 5 फरवरी 2024 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया था।
- न्यायमूर्ति अरुण भंसाली 8 जनवरी 2013 को राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बने थे।

## वाणी जैन राष्ट्रीय खेलकूद विभाग का ब्रांड एंबेसडर बनी

- महिला एवं बाल विकास को समर्पित संस्था डब्लूपीएसएफ ने शतरंज खिलाड़ी वाणी जैन को राष्ट्रीय खेलकूद विभाग का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया।
- वाणी जैन प्रतिभाशाली शतरंज खिलाड़ी हैं और बच्चों को प्रशिक्षण देने के लिए विभिन्न स्थानों पर कैंप आयोजित करती हैं।
- वे प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। उनके खेल और सामाजिक योगदान को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई।

# चर्चित स्थान

## डेगाना: राजस्थान में लिथियम खनन हेतु पहली ई-नीलामी

- केंद्रीय खान मंत्रालय ने क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल्स के खनन के लिए टेंडर जारी किए हैं।
- **नागौर के डेगाना क्षेत्र में** लिथियम और टंगस्टन ब्लॉक की नीलामी होगी।
- इस क्षेत्र में रुबिडियम, नियोबियम और टिन जैसे अन्य खनिज भी पाए गए हैं।
- इसकी टेंडर प्रक्रिया 30 मार्च 2026 से शुरू हुई।
- राजस्थान में पहली बार लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज की माइनिंग के लिए ई-नीलामी आयोजित हुई।
- लिथियम का उपयोग मोबाइल फोन, लैपटॉप और इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियों में किया जाता है।
- वर्तमान में भारत इस खनिज के लिए चीन और अन्य देशों पर निर्भर है।

## राजस्थान मंडपम् – देश का सबसे बड़ा कन्वेंशन सेंटर

- जयपुर में "राजस्थान मंडपम्" के रूप में देश का सबसे बड़ा आधुनिक कन्वेंशन सेंटर बनाया जाएगा।
- इस स्व-वित्त पोषित योजना को राजस्थान दिवस पर उद्यमी समिट में लॉन्च किया गया।
- यह द्रव्यवती नदी के पास 91 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगा।
- इसकी डिजाइन डॉ. अनूप बरतरिया द्वारा तैयार की गई।
- 7 लाख वर्ग फीट का देश का सबसे बड़ा एक्सपो सेंटर और 7 हजार सीटों वाला पद्म मंडपम् इसके मुख्य आकर्षण होंगे।
- इसके पिछले गेट के पास द्रव्यवती नदी पर 300 मीटर लंबी कृत्रिम झील बनाई जाएगी।
- यहां विश्व स्तरीय रेजिडेंशियल एरिया, फूड पार्क, ऑर्गेनिक पार्क और डक पार्क विकसित किए जाएंगे।
- इसका निर्माण रीको और भारत सरकार की नवरत्न पीएसयू एनबीसीसी द्वारा किया जा रहा है।

## '100 द्वीपों के शहर' (सिटी ऑफ हंड्रेड आइलैंड्स) में पर्यटन विकास

- बांसवाड़ा को "100 द्वीपों का शहर" कहा जाता है। इसके माही क्षेत्र को पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।
- माही बांध क्षेत्र को अब तक केवल सिंचाई और बिजली उत्पादन तक सीमित था। इसमें पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन गतिविधियों का विकास किया जाएगा।
- इस क्षेत्र में वाटर स्पोर्ट्स, नेचर टूरिज्म और व्यू-पॉइंट जैसे नए आकर्षण विकसित किए जाएंगे।
- इस हेतु एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है।
- इस समिति की अध्यक्षता उदयपुर संभागीय आयुक्त करेंगे।
- यह समिति माही बांध के भराव क्षेत्र और आसपास के द्वीपों के लिए मास्टर प्लान तैयार करेगी।

## नाथद्वारा में 131 फीट ऊंची हनुमान प्रतिमा का लोकार्पण

- नाथद्वारा (राजसमंद) में 26 मार्च 2026 को 131 फीट ऊंची हनुमानजी की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया।
- यह राजस्थान राज्य की सबसे ऊंची हनुमान प्रतिमा है।
- इसे 'श्री श्रीजी के हनुमानजी' के नाम से जाना जाता है।
- यह प्रतिमा गिरिराज पर्वत पर लगभग 500 फीट की ऊंचाई पर निर्मित की गई है।
- यह प्रतिमा विश्वास स्वरूपम शिव प्रतिमा के समक्ष स्थित है।
- इसके मूर्तिकार नरेश कुमावत हैं।

## टपूकड़ा में होंडा की पहली ईवी यूनिट स्थापित होगी

- अलवर जिले के टपूकड़ा में होंडा का पहला इलेक्ट्रिक वाहन (EV) संयंत्र स्थापित किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा कंपनी के पहले ईवी मॉडल का अनावरण 14 मार्च 2026 को किया गया।

### चित्तौड़गढ़ में जौहर स्मृति संग्रहालय बनेगा

- जौहर परंपरा को समर्पित चार मंजिला आधुनिक संग्रहालय बनाया जाएगा। इसमें 6 प्रदर्शनी हॉल होंगे, जहां मध्यकालीन संघर्ष, जौहर और साका की परंपरा को प्रदर्शित किया जाएगा।
- वीआर और एआर तकनीक के माध्यम से आगंतुक ऐतिहासिक घटनाओं का अनुभव कर सकेंगे। इसके अलावा स्पार्टा और मसादा जैसे उदाहरणों के साथ तुलनात्मक जानकारी भी दी जाएगी।
- जौहर श्रद्धांजलि समारोह चित्तौड़गढ़ में 15 मार्च 2026 को आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ थे।

### जयपुर में अंतरराष्ट्रीय स्तर का डर्मेटोलॉजी संस्थान

- जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के चरक भवन में देश का पहला अंतरराष्ट्रीय स्तर का डर्मेटोलॉजी संस्थान स्थापित किया गया है। यह लंदन के बाद विश्व का दूसरा अत्याधुनिक संस्थान माना जा रहा है।
- यहाँ न्यूनतम दरों पर उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी।
- इस संस्थान में डायोड, फ्रेक्शनल $CO_2$, एक्साइमर, एनडी-याग और अलेक्जेंड्राइट जैसे 6 प्रकार के आधुनिक लेजर उपकरण लगाए गए। इसमें पीआरपी तकनीक से बाल उगाने और हाइफू मशीन से त्वचा कसाव व झुर्रियां हटाने की सुविधा भी उपलब्ध है।

### खेतड़ी (त्योंदा) में पुरातात्विक अवशेष मिले

- खेतड़ी तहसील के त्योंदा गांव के पास स्थित रीढ़ का टीला (रैड़ा) पर पुरातात्विक उत्खनन किया जा रहा है।
- इससे प्राप्त अवशेषों से प्राचीन काल में मानव गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र रहने का संकेत मिलता है।
- इस उत्खनन में मंदिर स्थापत्य से जुड़े कई अवशेष जैसे नक्काशीदार स्तंभ, द्वार चौखट के हिस्से और अलंकृत पत्थर के ब्लॉक मिले हैं।
- यह स्थल प्रागैतिहासिक काल में पत्थर के औजार बनाने का केंद्र यानी "फैक्टरी साइट" रहा हो सकता है।
- इसमें खुदाई के दौरान लाल मृदभांड सहित बड़ी मात्रा में मिट्टी के बर्तनों के अवशेष भी मिले हैं।

### कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7 मार्च 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोटा के शंभूपुरा में कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का शिलान्यास किया।
- इसके निर्माण पर करीब 1507 करोड़ रुपये खर्च अनुमानित है।
- इस एयरपोर्ट में 20,000 वर्गमीटर का अत्याधुनिक टर्मिनल बनाया जाएगा, जिसकी क्षमता एक साथ 1000 यात्रियों को संभालने की होगी।
- यहाँ 3200 मीटर लंबा और 45 मीटर चौड़ा रनवे तैयार होगा।
- इस पर भविष्य में ए-321 श्रेणी के बड़े विमान भी आसानी से लैंड कर सकेंगे।

### 3 जिलों में अनाज एटीएम

- जयपुर, भरतपुर और बीकानेर में अनाज एटीएम स्थापित किए जाएंगे। इससे राशन वितरण प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और 24 घंटे उपलब्ध हो सकेगी।
- 1 अप्रैल 2026 से उचित मूल्य दुकानों पर गेहूं का आवंटन न्यूनतम 50 किलो के आधार पर लागू हुआ।
- इससे अधिक या कम वितरण की स्थिति में अगले माह समायोजन किया जाएगा।
- इसके अलावा एससी, एसटी और ओबीसी छात्रावासों को रियायती दर पर गेहूं उपलब्ध कराया जाएगा।
- **खाद्य सुरक्षा पहल**
  - 26 जनवरी 2025 को खाद्य सुरक्षा पोर्टल को पुनः शुरू किया गया, जिससे वंचित पात्रों को लाभ मिला।
  - ई-केवाईसी न करने से खाली हुई जगहों के कारण 75 लाख से अधिक नए लाभार्थी जोड़े गए।

## पुरस्कार एवं सम्मान

### जितेंद्र कुमार सोनी को राजस्थानी भाषा हेतु साहित्य अकादमी पुरस्कार

- वर्ष 2025 के साहित्य अकादमी पुरस्कार की घोषणा 24 भारतीय भाषाओं में की गई।
- यह पुरस्कार समारोह 31 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित हुआ।
- जयपुर के कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी को उनके राजस्थानी कहानी संग्रह "भरखमा" के लिए पुरस्कार दिया गया।
- "भरखमा" ग्रामीण जीवन, संघर्ष और सांस्कृतिक मूल्यों को दर्शाने वाला महत्वपूर्ण कहानी संग्रह है, जिस पर राजस्थानी फिल्म भी बनाई जा चुकी है।
- हिंदी की लेखिका ममता कालिया को उनके संस्मरण "जीते जी इलाहाबाद" के लिए सम्मानित किया गया।
- इस पुरस्कार हेतु चयनित कृतियों में 8 काव्य संग्रह, 4 उपन्यास, 6 लघुकथा संग्रह, 2 निबंध, 2 संस्मरण, एक साहित्यिक आलोचना और एक आत्मकथा शामिल हैं।
- प्रत्येक विजेता को ताम्र पट्टिका, शॉल और 1 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई।

### जल प्रबंधन परियोजनाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर राजस्थान को राष्ट्रीय पुरस्कार

- राजस्थान को जल संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया।
- केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने राज्य को वृहद एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं की प्रथम गणना समय पर पूर्ण करने पर शील्ड और प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया।

- यह सम्मान डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित विश्व जल दिवस कॉन्क्लेव के दौरान दिया गया।
- राजस्थान में जल संसाधन विभाग को इस गणना के लिए नोडल विभाग बनाया गया है। इसके अलावा निदेशक (नहर), जयपुर को राज्य नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## फूड एवं न्यूट्रिशन सिक्योरिटी डैशबोर्ड को स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025

- राजस्थान के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा विकसित फूड एवं न्यूट्रिशन सिक्योरिटी एनालिसिस डैशबोर्ड को 28 मार्च 2025 को स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया।
- यह डैशबोर्ड राज्य में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा की स्थिति का जिलेवार विश्लेषण प्रस्तुत करता है।
- यह प्लेटफॉर्म अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित है और नीति-निर्माताओं को सटीक जानकारी प्रदान करता है। इससे योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और निर्णय लेने में सहायता मिलती है।

## समृद्धि अपार्टमेंट योजना को स्कॉच गोल्ड अवॉर्ड

- राजस्थान आवासन मंडल की समृद्धि अपार्टमेंट योजना को स्कॉच गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित समारोह में आवासन आयुक्त रश्मि शर्मा को प्रदान किया गया। इस योजना के अंतर्गत 960 और 1100 वर्ग फीट के फ्लैट बनाए गए।

## राजस्थान स्टेट गैस को 'डायमण्ड अवार्ड'

- राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड (आरएसजीएल) को आईओटी आधारित स्मार्ट गैस वितरण के लिए राष्ट्रीय 'डायमण्ड अवार्ड' से सम्मानित किया गया।
- यह सम्मान 14 मार्च 2026 को नई दिल्ली में इंडिया स्मार्ट ग्रिड फोरम द्वारा प्रदान किया गया।
- इस कंपनी को सीएनजी मदर स्टेशन पर स्मार्ट तकनीक के प्रभावी उपयोग और नवाचार के लिए यह पुरस्कार मिला।
- इसमें आईओटी तकनीक के माध्यम से सीएनजी स्टेशनों का संचालन रियल टाइम निगरानी प्रणाली से किया जा रहा है।
- इससे डेटा एकीकरण, स्वचालित प्रबंधन, ट्रैकिंग और संचालन प्रक्रिया अधिक प्रभावी बनी है।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान – राज्य स्तरीय सम्मान

- केंद्र सरकार द्वारा राजस्थान में भी गर्भवती महिलाओं को प्रसवपूर्व जांच, परामर्श और उपचार सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान संचालित किया जा रहा है।
- इसके प्रभावी क्रियान्वयन से राज्य में मातृ मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है।
- 19 मार्च 2026 को उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले चिकित्सकों और संस्थानों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया।

| श्रेणी | उप-श्रेणी / स्थान | प्रथम स्थान | द्वितीय स्थान | तृतीय स्थान |
|---|---|---|---|---|
| राजकीय संस्थान | CHC | भीनमाल (जालौर) | सुमेरपुर (पाली) | मेड़ता (नागौर) |
| निजी चिकित्सक | — | डॉ. रंजना गुप्ता (कोटा) | डॉ. प्रियंका माहेश्वरी | डॉ. निधि बंसल |
| जिला स्तर सम्मान | उच्च प्राथमिकता जिले | उदयपुर | राजसमंद | बूंदी |
| जिला स्तर सम्मान | गैर उच्च प्राथमिकता जिले | जयपुर | बीकानेर | कोटा |

## अनिल बिश्नोई को वन्य प्राणी मित्र सम्मान

- हनुमानगढ़ जिले के निवासी अनिल बिश्नोई को वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए वर्ष 2026 का वन्य प्राणी मित्र सम्मान प्रदान किया गया। उन्हें यह सम्मान 23 मार्च 2026 को आयोजित एक समारोह में WWF-इंडिया एवं पीके फाउंडेशन द्वारा दिया गया।
- अनिल बिश्नोई पिछले लगभग 35 वर्षों से काले हिरणों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

## एशिया-प्रशांत सम्मेलन में राजस्थान के दीपक चौहान सम्मानित

- इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ प्रोसिक्यूटर्स (IAP) का 12वां एशिया-प्रशांत सम्मेलन 11 से 13 मार्च तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित हुआ।
- इस सम्मेलन का आयोजन ऑल इंडिया प्रोसिक्यूटर्स एसोसिएशन (AIPA) द्वारा किया गया।
- राजस्थान हाईकोर्ट के अधिवक्ता दीपक चौहान को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। इस सम्मेलन में 31 देशों के प्रतिनिधियों ने आपराधिक न्याय प्रणाली, अंतरराष्ट्रीय विधिक सहयोग और अभियोजन व्यवस्था पर चर्चा की।

## चेतना भाटी को पन्नाधाय पुरस्कार

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हनुमानगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चेतना भाटी को "पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान पुरस्कार" प्रदान किया गया। उन्हें 21,000 रुपये की राशि, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार महिलाओं और बालिकाओं के कल्याण के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दिया गया।

# विभिन्न समझौते/MoUs

## राजीविका एवं माइक्रो फाइनेंस के बीच समझौता ज्ञापन

- राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद एवं सेंटर फॉर माइक्रो फाइनेंस जयपुर के बीच तीन वर्षों के लिए एमओयू किया गया है।
- इस समझौते का उद्देश्य राजीविका द्वारा प्रोत्साहित मॉडल क्लस्टर लेवल फेडरेशन को सुदृढ़ करना तथा फूड, न्यूट्रिशन, हेल्थ एंड वॉश घटक के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तकनीकी सहयोग प्रदान करना है।

## जल प्रबंधन हेतु अंतरराष्ट्रीय समझौते पर हस्ताक्षर

- राजस्थान के जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग और ऑस्ट्रेलिया-इंडिया वाटर सेंटर (AIWC) के बीच 18 मार्च 2026 को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य शोध, नवाचार, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना है।
- यह पहल जल सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लक्ष्यों को मजबूत करेगी।

# खेल

## एशिया कप तीरंदाजी: रजत चौहान को 1 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक

- राजस्थान के रजत चौहान ने बैंकॉक में आयोजित एशिया कप रैंकिंग तीरंदाजी में 1 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक जीते। इसके रैंकिंग राउंड में 712 अंक प्राप्त कर उन्होंने पहला स्थान हासिल किया।
- रजत और चिकिता की टीम ने मिक्स्ड टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीता।
- पुरुष टीम इवेंट में रजत, उदय कंबोज और ऋषभ यादव की टीम ने कांस्य पदक जीता।
- इसके अलावा रजत ने व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

## राष्ट्रीय पैरा तलवारबाजी चैंपियनशिप: राजस्थान की कोमल को 2 पदक, ओडिशा दोनों वर्गों में चैंपियन

- राष्ट्रीय पैरा फेंसिंग (तलवारबाजी) चैंपियनशिप 25-27 मार्च 2026 को सवाई मानसिंह स्टेडियम के इंडोर हॉल में आयोजित हुई। इसमें राजस्थान की कोमल गुर्जर ने दो कांस्य पदक जीते।
- कोमल गुर्जर ने महिलाओं की कैटेगरी 'ए' की ईपी स्पर्धा में और इसी स्पर्धा की टीम इवेंट में कांस्य पदक जीता।
- ओडिशा की पुरुष और महिला टीमों ने दोनों वर्गों में चैंपियनशिप हासिल की। हरियाणा की टीम दोनों वर्गों में दूसरे स्थान पर रही।

## पैरा एथलेटिक्स में खुशबू गिल को स्वर्ण पदक

- राजस्थान की पैरा एथलीट खुशबू गिल ने 24वीं नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शॉट पुट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- यह प्रतियोगिता 17 से 21 मार्च 2026 के बीच भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में आयोजित हुई।
- खुशबू गिल ने 11.58 मीटर का थ्रो कर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए नया कीर्तिमान बनाया।
- **अन्य उपलब्धियाँ:**
  - खेलो इंडिया गेम्स 2025 में स्वर्ण पदक
  - दिल्ली वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 2025 में रजत पदक

## बीच नेशनल वुशु प्रतियोगिता में राजस्थान को 3 पदक

- चेन्नई में आयोजित प्रथम बीच ताईचीवान राष्ट्रीय वुशु प्रतियोगिता में राजस्थान के खिलाड़ियों ने कुल 3 पदक (1 रजत और 2 कांस्य) जीते।
- यह प्रतियोगिता 20 से 23 मार्च तक ब्लू फ्लैग बीच पर आयोजित हुई।

**पदक विजेता:**

1. किशन कच्छावा — ताईचीवान स्पर्धा में रजत पदक
2. ऋद्धि पारिक — ताईचीशान स्पर्धा में कांस्य पदक
3. ऋद्धि पारिक एवं अभिज्ञा शर्मा — पेयर ताईचीवान में कांस्य पदक

## मास्टर्स नेटबॉल में राजस्थान को रजत पदक

- राजस्थान की मास्टर्स नेटबॉल टीम ने 5वें खेलो मास्टर्स नेशनल गेम्स 2026 में रजत पदक जीता।
- यह प्रतियोगिता 20 से 22 मार्च 2026 के बीच चंडीगढ़ में आयोजित की गई। इसके फाइनल मुकाबले में पंजाब ने राजस्थान की टीम को 43–31 के अंतर से हराया।

## एयर पिस्टल में लक्की को रजत और नितिका को कांस्य पदक

- भोपाल में आयोजित इंडिया ओपन शूटिंग चैम्पियनशिप में जयपुर के लक्की अग्रवाल (डेफ) ने रजत पदक जीता। इसके अलावा नितिका चारया ने सीनियर महिला वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। ये पदक 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जीते।

## एशिया कप: राजस्थान के रजत-स्वाति भारतीय टीम में चयनित

- रजत चौहान और स्वाति दूधवाल को एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया।
- यह प्रतियोगिता 21 से 28 मार्च तक बैंकॉक में आयोजित होगी।
- इस टीम के कोच राजस्थान के योगेंद्र सिंह हैं।

## राजस्थान के विद्युत निगमों की पॉवरलिफ्टिंग टीम ने 6 पदक सहित चैम्पियनशिप जीती

- कोटा में आयोजित 47वीं अखिल भारतीय विद्युत पावरलिफ्टिंग एवं बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता (13–15 मार्च 2026) में राजस्थान की विद्युत निगमों की टीम ने चैम्पियनशिप जीती।
- टीम ने कुल 6 पदक प्राप्त किए, जिनमें 2 स्वर्ण, 1 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल हैं।

## मास्टर्स वेटलिफ्टिंग: राजस्थान महिला टीम नेशनल चैंपियन

- हरियाणा के लोहारू में आयोजित नेशनल मास्टर्स वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में राजस्थान की महिला टीम ने 6 स्वर्ण और 1 रजत पदक के साथ राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती।
- महिला खिलाड़ी पूनम सैनी ने सर्वाधिक वजन उठाकर "बेस्ट वूमन वेटलिफ्टर" का खिताब जीता।
- पुरुष टीम ने 12 स्वर्ण, 6 रजत और 3 कांस्य पदक जीतकर उपविजेता का स्थान प्राप्त किया।
- पुरुष वर्ग में प्रेम नारायण सैनी ने 260 किलोग्राम (120 किग्रा स्नैच + 140 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर "बेस्ट लिफ्टर इंडिया" का खिताब जीता।

## वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में नरेश कुमार ने कांस्य पदक जीता

- वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 2026 में जयपुर के नरेश कुमार ने F55 वर्ग की शॉटपुट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।
- यह प्रतियोगिता 8 से 13 मार्च 2026 तक नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित हुई।
- इसमें भारतीय खिलाड़ियों ने कुल 208 पदक (75 स्वर्ण, 69 रजत, 64 कांस्य) जीतकर पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया।

## राजस्थान पावरलिफ्टिंग टीम बनी चैंपियन, अजीत को स्वर्ण पदक

- कोटा में आयोजित अखिल भारतीय इलेक्ट्रिसिटी स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड पावरलिफ्टिंग एवं बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में राजस्थान टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया।
- मध्य प्रदेश दूसरे और महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर रहे।
- इसमें राजस्थान के अजीत सिंह ने 93 किलोग्राम वर्ग में और हरीश कुमार मीना ने 105 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीते।

## बॉक्सिंग: हर्ष का भारतीय टीम में चयन

- जयपुर के हर्ष चौधरी का एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ।
- वे 90 किलोग्राम भार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।
- यह प्रतियोगिता 28 मार्च से 11 अप्रैल 2026 तक मंगोलिया में आयोजित होगी।

## पैरा बैडमिंटन नेशनल में कृष्णा नागर ने 2 स्वर्ण पदक जीते

- पैरालंपिक विजेता कृष्णा नागर ने 7वीं सीनियर नेशनल पैरा बैडमिंटन चैम्पियनशिप में 2 स्वर्ण पदक जीते।
- उन्होंने पुरुष एकल SH6 वर्ग में सुदर्शन एम.एस. को हराकर खिताब जीता।
- मिश्रित युगल SH6 वर्ग में नित्या श्री सुमथी शिवन के साथ मिलकर दूसरा स्वर्ण पदक हासिल किया।
- इस फाइनल में इस जोड़ी ने सुदर्शन एम.एस. और श्रेया कुमारी को पराजित किया।

- इस प्रतियोगिता में राजस्थान के आर्यन शर्मा ने SL4 पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।
- इसके अलावा राजस्थान की कोशिका देवड़ा और चेष्ठा ने क्रमशः SU5 और SH6 महिला युगल वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किए।

## स्पोर्ट्स एंड फिटनेस फॉर ऑल कार्यक्रम

- राजस्थान सरकार ने "खेलो राजस्थान" के तहत प्रतिवर्ष 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इस पहल के अंतर्गत "स्पोर्ट्स एंड फिटनेस फॉर ऑल" कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
- इसमें पारंपरिक खेलों जैसे सितोलिया, खो-खो और रस्साकसी के साथ ओलंपिक खेल भी शामिल होंगे।
- इसमें कुल 12 खेलों का आयोजन किया जाएगा।
- राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं 20 अप्रैल से शुरू होकर 15 दिसंबर 2026 तक चलेंगी।

## आर्यन यादव ने इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स में स्वर्ण पदक जीता

- जयपुर के मुक्केबाज आर्यन यादव ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स में 75 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।
- यह प्रतियोगिता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित हुई थी।
- आर्यन लगातार दूसरी बार इस प्रतियोगिता के चैंपियन बने हैं।

## बॉल बैडमिंटन में भारत ने दोनों वर्गों में खिताब जीते

- मलेशिया के सेलांगोर में आयोजित इंडो-मलेशिया बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरीज में भारत की पुरुष और महिला टीमों ने सभी मैच जीतकर दोहरे स्वर्ण पदक जीते। इस प्रतियोगिता में राजस्थान से हेमलता बाकोलिया (जयपुर) महिला टीम में शामिल रहीं।
- पुरुष टीम में गणेश शर्मा (टोंक) और चिराग सोलंकी (बीकानेर) ने भाग लिया।

## सब जूनियर वॉलीबॉल में राजस्थान टीमों को 2 पदक

- 46वीं सब जूनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप में राजस्थान की बालक और बालिका दोनों टीमों ने कांस्य पदक जीते।
- बालक वर्ग में राजस्थान की टीम ने उत्तराखंड को 3-1 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- बालिका वर्ग में राजस्थान ने हरियाणा को 3-0 से पराजित कर कांस्य पदक हासिल किया। इसी वर्ष वाराणसी में आयोजित 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में भी राजस्थान की महिला टीम ने कांस्य पदक जीता था।

## योगेश कुमार ने अंडर-21 विश्व शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता

- राजस्थान के अंतरराष्ट्रीय शूटर योगेश कुमार ने काहिरा में आयोजित अंडर-21 विश्व शूटिंग चैंपियनशिप में 50 मीटर फ्री पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता।
- योगेश ने टीम स्पर्धा में भी भारत को स्वर्ण पदक दिलवाया।
- योगेश कुमार ने 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त किया।

### महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप

- सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में आयोजित 20वीं ऑल इंडिया हनुमान सिंह महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप-2025-26 में एलपीयू-फगवाड़ा विजेता रही।
- एलपीयू-फगवाड़ा फाइनल में ने नॉर्दर्न रेलवे को 26-23 से हराया।
- मेजबान राजस्थान और बीएसएफ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।
- भावना शर्मा (एलपीयू-फगवाड़ा) को "बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट" चुना गया।
- राजस्थान की पूजा जाट को "बेस्ट गोलकीपर" का पुरस्कार मिला।

## विविध

### नागौरी पान मैथी को सामुदायिक किस्म में पंजीकृत

- भारत सरकार के पौध किस्म एवं किसान अधिकार संरक्षण प्राधिकरण ने नागौरी पान मैथी को सामुदायिक किस्म के रूप में पंजीकृत किया।
- यह उपलब्धि संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष 2026 के दौरान प्राप्त हुई।
- किसान समुदाय की प्रतिनिधि गीता देवी को इसका वैधानिक संरक्षक माना गया है। इससे क्षेत्र की हजारों महिला किसानों को आर्थिक और सामाजिक लाभ मिलेगा।
- पहले इस मैथी को कसूरी मैथी के नाम से बेचा जाता था, जिससे स्थानीय किसानों को उचित पहचान नहीं मिलती थी।
- अब इस पंजीकरण के बाद कोई भी बाहरी संस्था इसके नाम या बीज का दुरुपयोग नहीं कर सकेगी।

### 'जल जीवन मिशन 2.0' के तहत एमओयू करने वाला देश का पहला राज्य

- राजस्थान जल जीवन मिशन 2.0 के तहत नई गाइडलाइन्स के अनुसार केंद्र सरकार के साथ एमओयू करने वाला देश का पहला राज्य बना है।
- यह समझौता 17 मार्च 2026 को नई दिल्ली स्थित जल शक्ति मंत्रालय में किया गया। इस पहल का उद्देश्य राज्य में जल आपूर्ति प्रणाली को मजबूत करना और हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है।

### पीएम-कुसुम योजना: राजस्थान की उल्लेखनीय उपलब्धियां

- राजस्थान के गांवों और ढाणियों में कुसुम योजना के कंपोनेंट-ए और कंपोनेंट-सी के तहत अब तक 3585 मेगावाट क्षमता के 1617 सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं।
- 27 मार्च 2026 को राजस्थान डिस्कॉम्स द्वारा 12 नए सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए गए। इनकी कुल क्षमता 23.60 मेगावाट है।
- जयपुर, अजमेर और जोधपुर में 4-4 संयंत्र लगाए गए हैं।

| घटक (कंपोनेंट) | स्थापित संयंत्र (संख्या) | कुल क्षमता (मेगावाट) | राष्ट्रीय रैंक |
|---|---|---|---|
| कुसुम कंपोनेंट-ए | 496 | 686 | प्रथम स्थान |
| कुसुम कंपोनेंट-सी | 1121 | 2899 | द्वितीय स्थान |

- हाल ही में फीडर लेवल सोलराइजेशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राजस्थान डिस्कॉम्स को गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

### राजस्थान दिवस समारोह 2026

- मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर वर्ष 2025 से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर राजस्थान दिवस मनाने की शुरूआत की गई।
- इससे संबंधित समारोह 14 से 19 मार्च 2026 तक आयोजित हुए।
- इस आयोजन की शुरुआत 14 मार्च से सात दिवसीय स्वच्छता सप्ताह से हुई।
- 15 मार्च को जयपुर में राज्य स्तरीय 'विकसित राजस्थान रन' का आयोजन हुआ।
- 15 मार्च को ही 'राजस्थान को जाने' डिजिटल क्विज का शुभारंभ तथा जयपुर में ओडीओपी मेला एवं प्रदर्शनी का राज्य स्तरीय शुभारंभ किया गया।
- 16 मार्च को डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम में 'राजस्थान जनजातीय गौरव दिवस' का आयोजन किया गया।
- राजस्थान उत्सव 17 से 19 मार्च 2026 के बीच मनाया गया।
- 17 मार्च को जयपुर में 'राजस्थान युवा शक्ति दिवस' मनाते हुए राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन हुआ।
- इसमें 18 मार्च को खेड़ी गेट से सागर लेक, आमेर (6 किमी) तक नेचर हाइक (ट्रेकिंग) आयोजित हुई। इसके अलावा 18 मार्च 2026 को जयपुर शहर में हेरिटेज वॉक भी आयोजित की गई।
- 19 मार्च को अल्बर्ट हॉल में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ।
- 18 मार्च को किसान एवं पशुपालक समृद्धि दिवस मनाया गया।
- राजस्थान दिवस **के मुख्य समारोह का आयोजन 19 मार्च को जालोर में** किया गया। इस दौरान लाभार्थी सम्मेलन आयोजित होगा जिसमें लाभार्थियों के साथ संवाद एवं प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण किया गया।
- 19 मार्च को जयपुर में राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### उद्यमी संवाद समारोह

- राजस्थान दिवस के अवसर पर 18 मार्च 2026 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में उद्यमी संवाद समारोह आयोजित किया गया।
- राज्य में 18 मार्च 2026 को **3 प्रमुख नीतियाँ - राजस्थान इंडस्ट्रियल पार्क प्रमोशन पॉलिसी, राजस्थान एयरोस्पेस एंड डिफेंस और राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी** का अनावरण किया।

- **राजस्थान इंडस्ट्रियल पार्क प्रमोशन पॉलिसी:** औद्योगिक आधारभूत ढांचे के विकास में सहायक होगी।
- **राजस्थान एयरोस्पेस एंड डिफेंस पॉलिसी:** राज्य को एयरोस्पेस और रक्षा उत्पादन का प्रमुख केंद्र बनाएगी।
- **राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी:** राज्य को सेमीकंडक्टर निर्माण और इलेक्ट्रॉनिक्स वैल्यू चेन में महत्वपूर्ण स्थान दिलाएगी।
- **नोट:** पिछले 2.5 वर्षों में राजस्थान सरकार द्वारा कुल 34 नई नीतियां लागू की जा चुकी हैं।

## राजस्थान कैम्पा की बैठक

- राजस्थान कैम्पा (प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण) की संचालन समिति की बैठक 9 मार्च 2026 को मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में सचिवालय में आयोजित हुई।
- इसका मुख्य उद्देश्य प्रतिपूरक वनीकरण, वन एवं वन्यजीव संरक्षण तथा फील्ड स्टाफ के लिए आधारभूत संरचना विकसित करना है।
- इस बैठक में कैम्पा के कार्यों की प्रभावी निगरानी के निर्देश दिए गए।
- इस अवसर पर कैम्पा की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 का विमोचन भी किया गया।
- वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 232.18 करोड़ रुपये की वार्षिक कार्य योजना को स्वीकृति दी गई।

## राजस्थान का खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण में विश्व रिकॉर्ड

- खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय द्वारा 17 और 18 मार्च 2026 को 48,000 से अधिक खाद्य कारोबारियों को प्रशिक्षण देकर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया गया।
- यह अभियान राज्य में मिलावट के विरुद्ध जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाया गया।

## पंचायती राज संस्थानों के प्रतिनिधियों के मानदेय में वृद्धि

- राजस्थान सरकार ने जिला प्रमुख, प्रधान और सरपंचों के मानदेय में 10% की वृद्धि लागू की है।
- अब सरपंचों को ₹7,347, प्रधानों को ₹12,858 और जिला प्रमुखों को ₹18,368 मानदेय दिया जाएगा।
- पूर्व सरपंच, जो प्रशासक के रूप में कार्य कर रहे हैं, उन्हें कोई मानदेय नहीं दिया जाएगा।
- वर्तमान में प्रदेश की पंचायतों में लगभग 1.25 वर्ष से पूर्व सरपंच प्रशासक के रूप में कार्यरत हैं।

## नेशनल प्रिंटिंग एक्सपो 2026

- इस एक्सपो का उद्घाटन सीतापुरा स्थित जेईसीसी में 28 मार्च 2026 को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया।
- इस एक्सपो में देशभर की 200 से अधिक कंपनियों ने आधुनिक प्रिंटिंग तकनीक और मशीनों का प्रदर्शन किया।
- इसमें 'वी-कट' नामक नई पेपर कटिंग तकनीक भी लॉन्च की गई।

## 'बैटलफील्ड थंडर' सैन्य अभ्यास

- यह अभ्यास भारतीय सेना द्वारा जैसलमेर की पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में किया गया। इसके तहत आधुनिक मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चरों से सटीक निशाने साधे गए।
- स्वदेशी पिनाका और बीएम-21 ग्रेड सिस्टम प्रमुख आकर्षण रहे।
- इसके अलावा ड्रोन और सर्विलांस सिस्टम के साथ बेहतर समन्वय का परीक्षण भी किया गया।

## टीकाकरण में राजस्थान राष्ट्रीय औसत से आगे हुआ

- राजस्थान में पूर्ण टीकाकरण का प्रतिशत 1992-93 में 21.1% था, जो 2020-21 तक बढ़कर 80.4% हो गया।
- वर्ष 2024-25 में यह बढ़कर 91.8% तक पहुंच गया है, जो राष्ट्रीय औसत से बेहतर है।
- NFHS-5 के अनुसार भी राजस्थान का टीकाकरण प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से लगभग 4 अंक अधिक रहा।
- राजस्थान में प्रभावी टीकाकरण के कारण मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है।
- राजस्थान में बच्चों को 10 प्रकार के टीकों के माध्यम से लगभग 11 गंभीर बीमारियों से सुरक्षा दी जाती है।
- इनमें बीसीजी, हेपेटाइटिस-बी, पेंटावेलेंट, पोलियो, रोटा वायरस, पीसीवी, खसरा-रूबेला, आईपीवी, डीपीटी बूस्टर और टीडी शामिल हैं।

## प्राचीन ग्रंथों एवं पाण्डुलिपियों का संरक्षण एवं डिजिटलीकरण

- राजस्थान में 16 मार्च 2026 से प्राचीन ग्रंथों और पांडुलिपियों के सर्वेक्षण का कार्य शुरू किया गया।
- यह अभियान भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा "ज्ञान भारतम मिशन" के तहत संचालित किया गया।
- इस सर्वे का कार्य पूरे राज्य में मार्च, अप्रैल और मई के तीन महीनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।
- इसके मिशन के अंतर्गत एक विशेष मोबाइल ऐप विकसित किया गया है, जिसे डाउनलोड कर लोग अपने पास उपलब्ध पांडुलिपियों की जानकारी दर्ज कर सकेंगे।
- इस ऐप से प्राप्त जानकारी के आधार पर पांडुलिपियों का डिजिटल संग्रह और संरक्षण किया जाएगा।
- पांडुलिपियों की स्कैनिंग और डिजिटलीकरण की प्रक्रिया 12 जनवरी 2026 से ही प्रारंभ की जा चुकी है।
- इस अभियान के प्रभावी संचालन और समन्वय के लिए "राज्य पांडुलिपि विरासत परिषद" की स्थापना की गई है।

## 'ऑपरेशन एंटी-वेनम' अभियान

- जयपुर रेंज पुलिस ने राज्य को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से 'ऑपरेशन एंटी-वेनम' संचालित किया गया।
- यह अभियान 15 से 31 मार्च 2026 तक आईजी राहुल प्रकाश के निर्देशन में संचालित हुआ।

- इसमें एनडीपीएस एक्ट के तहत मादक पदार्थ तस्करों, उनके वित्तपोषकों और अवैध खेती करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई।
- इस अभियान का उद्देश्य केवल ड्रग्स जब्त करना नहीं, बल्कि पूरे नेटवर्क और फाइनेंसरों पर प्रभावी कार्रवाई करना था।

### विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों में जयपुर की स्थिति

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में जयपुर जिला राज्य में प्रथम रहा।
- आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल श्रेणी में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) में ठोस कचरा संग्रहण और जीवीपी हटाने में 100% उपलब्धि हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- राजस्थान महिला एवं बाल विकास और ऊर्जा विभाग ने बीस सूत्री कार्यक्रम में सभी लक्ष्य पूरे किए।
- जयपुर जिले को ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट में जिले को द्वितीय स्थान मिला।
- जयपुर ने बैंक सखी, कृषि सखी और पशु सखी कार्यक्रमों में भी 100% लक्ष्य प्राप्त किया गया।

### "संसदीय संस्कृति का उत्कर्ष— नवाचारों के 2 वर्ष" पुस्तक

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 10 मार्च 2026 को "संसदीय संस्कृति का उत्कर्ष— नवाचारों के 2 वर्ष" पुस्तक का विमोचन किया।
- यह पुस्तक विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा लिखी गई है।

### 16 लाख लखपति दीदी बनी

- राजस्थान में 16 लाख से अधिक महिलाओं को "लखपति दीदी" बनाया जा चुका है। इसके तहत 1.39 लाख स्वयं सहायता समूहों को 679 करोड़ रुपये की आजीविका सहायता प्रदान की गई है।

### नमो भारत रेल कॉरिडोर (RRTS)

- इसके तहत राजस्थान सरकार ने संशोधित डीपीआर के अनुसार परियोजना के प्रथम चरण के लिए वित्तीय भागीदारी का निर्णय लिया है।
- इस परियोजना के तहत शाहजहांपुर, घीलोठ, नीमराणा और बहरोड़ जैसे औद्योगिक क्षेत्रों को दिल्ली और गुरुग्राम से हाई-स्पीड रेल कनेक्टिविटी मिलेगी।
- इस परियोजना के तहत लगभग 1.13 किलोमीटर ट्रैक राजस्थान में विकसित होगा।
- हरियाणा द्वारा केवल बाबल तक लागत वहन करने के निर्णय से राजस्थान पर अतिरिक्त 510 करोड़ रुपये का भार आएगा।
- इस परियोजना से केबीएनआईआर टाउनशिप सहित औद्योगिक क्षेत्रों को सीधा लाभ मिलेगा।

### राजस्थान में स्वास्थ्य बजट में वृद्धि

- डब्ल्यूएचओ के मानकों के अनुसार स्वास्थ्य पर जीडीपी का 7.5% खर्च होना चाहिए, और राजस्थान इस स्तर तक पहुंच गया है।
- वर्ष 2026-27 में राज्य का स्वास्थ्य बजट बढ़कर 32,531 करोड़ रुपये हो गया है।

### राज्य वन एवं पर्यावरण विभाग की घोषणाएं

- राजस्थान के प्रत्येक जिले में 2 "श्रीराम वाटिका" विकसित की जाएंगी।
- जयपुर के **शाहपुरा में अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा** स्थापित की जाएगी।
- अलवर स्थित **वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान द्वारा युवाओं को नेचर गाइड प्रशिक्षण** दिया जाएगा।
- "एक जिला-एक प्रजाति" के तहत **प्रत्येक जिले में बीज वन** स्थापित किए जाएंगे।
- वन्यजीव हमलों में मृत्यु पर मुआवजा 10 लाख रुपये किया गया है।
- धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर और अलवर में रैपिड रिस्पांस टीम बनाई जाएगी।
- प्रत्येक जिले को वन्यजीव रेस्क्यू के लिए 90 लाख रुपये का आवंटन दिया गया है।

## सम्मेलन, बैठक, महोत्सव

### राजस्थान ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स कॉन्क्लेव 2026

- इसका आयोजन 25 मार्च 2026 को जयपुर में किया गया।
- इसका उद्देश्य राजस्थान को वैश्विक निवेश तथा तकनीकी नवाचार का प्रमुख केंद्र बनाना है।
- राजस्थान की ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स पॉलिसी—2025 नीति के माध्यम से बहुराष्ट्रीय कंपनियों को आकर्षित कर सेवा और डिजिटल क्षेत्र को मजबूत किया जा रहा है।
- इस नीति के तहत वर्ष 2030 तक 200 से अधिक जीसीसी स्थापित करने तथा लगभग 1.5 लाख रोजगार सृजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### गणगौर महोत्सव 2026

- गणगौर महोत्सव का राज्यस्तरीय आयोजन 20 मार्च 2026 को जयपुर में किया गया। इसे पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन, जयपुर द्वारा आयोजित किया गया।
- यह सवारी 21-22 मार्च 2026 को त्रिपोलिया गेट, छोटी चौपड़ और गंगौरी बाजार होते हुए तालकटोरा/पौंड्रिक पार्क तक गई।
- इसका विदेशों में रहने वाले भारतीयों और राजस्थानी समुदाय के लिए गणगौर सवारी का लाइव प्रसारण राजस्थान फाउंडेशन के माध्यम से किया गया।

### राष्ट्रीय खनन सम्मेलन

- यह सम्मेलन केन्द्रीय खनन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 23-24 मार्च 2026 को नई दिल्ली के स्कोप कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया।
- **सम्मेलन का मुख्य विषय था—"आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन (DMF) निधि का प्रभावी उपयोग।"**

### राजस्थान ललित कला अकादमी का कला मेला

- इस मेले का उद्घाटन जयपुर के जवाहर कला केंद्र स्थित शिल्पग्राम में 17 मार्च 2026 को किया गया।
- इसका शुभारंभ उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया।
- यह मेला 17 से 21 मार्च तक आयोजित किया गया।
- यह आयोजन राजस्थान दिवस समारोह के अंतर्गत हुआ।
- इसके माध्यम से राज्य की लोक संस्कृति और कलात्मक परंपराओं को प्रदर्शित किया गया।

### राज सखी सरस मेला – जोधाणा 2026

- राज सखी जिला स्तरीय सरस मेला "जोधाणा 2026" 14 से 20 मार्च तक जोधपुर में आयोजित हुआ।
- जोधपुर जिले में 28 हजार महिलाओं को "लखपति दीदी" बनाने का लक्ष्य प्राप्त किया गया। इसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और कैडर्स को प्रोत्साहन स्वरूप 210 टैबलेट वितरित किए गए।
- **नोट:** राजीविका के अंतर्गत 25 करोड़ रुपये की लागत से 100 क्लस्टर लेवल फेडरेशन के लिए कार्यालय बनाए जाएंगे।
- इन कार्यालयों में डिजिटल और वित्तीय साक्षरता के लिए सक्षम केंद्र संचालित होंगे।

### शेखावाटी पंच-गौरव राजसखी एवं उद्योग मेला

- यह मेला 13 से 20 मार्च 2026 तक सीकर के अर्बन हाट में आयोजित हुआ।
- इसका शेखावाटी क्षेत्र की महिलाओं को उनकी प्रतिभा, कौशल और उद्यमिता प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करना था।
- इस मेले की थीम "सशक्त नारी, समृद्ध शेखावाटी – एक जिला, एक उत्पाद" रखी गई।
- इसमें स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्प, खाद्य सामग्री तथा महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित विभिन्न घरेलू उत्पादों का प्रदर्शन किया गया।

### मां पन्नाधाय नारी शक्ति महोत्सव

- यह महोत्सव 8 और 9 मार्च को जयपुर के जवाहर कला केंद्र स्थित शिल्पग्राम में आयोजित किया गया।
- इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया।
- इस दौरान मां पन्नाधाय की 10 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया गया।
- महोत्सव में महिला सशक्तीकरण, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व से जुड़े विषयों पर टॉक शो, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रदर्शनियां आयोजित की गईं।

**'शक्ति कवच' अभियान**

- इस अभियान के तहत 1000 बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु निःशुल्क टीकाकरण प्रदान किया जाएगा।
- यह पहल बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण और जागरूकता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है।

# रिपोर्ट एवं इंडेक्स

## राजस्थान की विभिन्न योजनाओं में स्थिति

| देश में प्रथम | देश में द्वितीय | देश में तृतीय |
|---|---|---|
| ■ **प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना** (2.18 करोड़ पॉलिसियां)<br>■ **पीएम- कुसुम योजना कम्पोनेन्ट- ए एवं सी**<br>■ **जनजाति कल्याण एवं सशक्तीकरण :** धरती आबा जनभागीदारी अभियान में बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट<br>■ **फार्मर रजिस्ट्री योजना:** लाभार्थी ID निर्माण<br>■ **स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 :** लक्षित इकाइयों का रूपांतरण<br>■ सहित 13 योजनाओं में देश में प्रथम | ■ **कृषि विभाग :** प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण<br>■ **पीएम विश्वकर्मा योजना :** ऋण स्वीकृति एवं वितरण<br>■ **पीएम कृषि सिंचाई योजना- "पर ड्रॉप मोर क्रॉप" :** 1.31 लाख हेक्टेयर माइक्रो इरिगेशन स्थापना<br>■ **राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार :** श्रेष्ठ डेयरी कोऑपरेटिव सोसायटी श्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन<br>■ **पोषण माह 2025 गतिविधियों में** | ■ **पीएम - कुसुम योजना :** कम्पोनेंट - B एवं C-FLS<br>■ **जल संचय जनभागीदारी 1.0 अभियान:** कार्य क्रियान्वयन के आधार पर<br>■ **आयुष्मान भारत (PM-JAY):** क्लेम सेटलमेंट एवं हॉस्पिटल एम्पैनलमेंट<br>■ **टीबी मुक्त ग्राम पंचायत:** घोषित करने एवं 100 दिवसीय कैम्पेन<br>■ **एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम:** क्रियान्वयन श्रेणी<br>■ सहित 6 योजनाओं में देश में तृतीय |

## राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक

- यह इंडेक्स नीति आयोग द्वारा जारी किया गया।
- इस इंडेक्स में राजस्थान 12वें स्थान से गिरकर 14वें स्थान पर पहुंच गया है।
- इस रिपोर्ट में राज्य को "एस्पिरेशनल" (सुधार की आवश्यकता वाली) श्रेणी में रखा गया है।
- इसके बावजूद व्यय की गुणवत्ता (Quality of Expenditure) के मामले में राज्य का प्रदर्शन अन्य सूचकांकों की तुलना में बेहतर है।
- राजस्थान का कुल स्कोर 27.6 रहा, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह 12.4 से 73.1 के बीच है।
- रिपोर्ट के अनुसार राज्य वित्तीय दबाव में है और खर्च प्रबंधन तथा राजस्व संग्रह में सुधार की आवश्यकता है।
- इस इंडेक्स में राज्यों को चार श्रेणियों—फ्रंट रनर, परफॉर्मर, अचीवर और एस्पिरेशनल—में वर्गीकृत किया गया है।

### ऋण एवं वित्तीय चुनौतियाँ

- राजस्थान पर कर्ज का दबाव अधिक है, जिससे राजकोषीय तनाव बना हुआ है।
- कुल देनदारियां GSDP के लगभग 35% से 45% के बीच हैं।
- राज्य के राजस्व का करीब 15% से 20% हिस्सा केवल ब्याज भुगतान में खर्च हो रहा है।
- भारी कर्ज के कारण विकास कार्यों के लिए वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता सीमित हो रही है।
- राजस्व संग्रहण के उप-सूचकांक में राजस्थान का स्कोर 29.4 दर्ज किया गया, जो मध्यम स्तर का प्रदर्शन दर्शाता है।

## क्यूएस रैंकिंग: शीर्ष 50 शिक्षा संस्थानों में बिट्स पिलानी शामिल

- वैश्विक उच्च शिक्षा का विश्लेषण करने वाली संस्था (क्यूएस) ने अपनी 16वीं वार्षिक विश्वविद्यालय रैंकिंग इंडेक्स जारी किया।
- इस सूची में विश्व के शीर्ष 50 संस्थानों में 4 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय तथा बिड़ला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान, पिलानी सम्मिलित हैं।
- इस बार कुल 99 भारतीय संस्थान इस सूची में शामिल हुए हैं।

## प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की रिपोर्ट: राजस्थान छठा स्थान

- केंद्र सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (DARPG) की 40वीं रिपोर्ट में राजस्थान छठे स्थान पर रहा, जबकि तेलंगाना पहले स्थान पर है।
- राजस्थान में शिकायतों के समाधान में औसतन 27 दिन लगते हैं, जबकि राष्ट्रीय औसत 22 दिन और तेलंगाना में 8 दिन है।
- वर्ष 2025 में कुल 37,311 शिकायतों में से 34,854 (लगभग 93%) का निपटारा किया गया, जबकि 2,457 मामले लंबित रहे।

| शिकायत निपटान में शीर्ष जिले | त्वरित समाधान वाले शीर्ष जिले |
|---|---|
| 1. सवाई माधोपुर | 1. झालावाड़ |
| 2. भीलवाड़ा | 2. सवाई माधोपुर |
| 3. भरतपुर | 3. डूंगरपुर |
| 4. टोंक | 4. राजसमंद |
| 5. अलवर | 5. प्रतापगढ़ |

## विद्युत मंत्रालय की रैंकिंग रिपोर्ट

- केन्द्रीय विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, देश की 54 बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के बीच प्रतिस्पर्धा संबंधी रिपोर्ट जारी की गई।
- **राजस्थान की 3 प्रमुख डिस्कॉम्स की स्थिति**
  - जोधपुर डिस्कॉम – 30वाँ स्थान
  - जयपुर डिस्कॉम – 37वाँ स्थान
  - अजमेर डिस्कॉम – 42वाँ स्थान

| डिस्कॉम | पहले (नंबर / ग्रेड) | अब (नंबर / ग्रेड) |
|---|---|---|
| जोधपुर | 43.70 / बी- | 50.47 / बी |
| जयपुर | 51.30 / बी- | 42.27 / बी- |
| अजमेर | 62.50 / बी | 37.51 / बी- |

- इन तीनों डिस्कॉम्स का कुल घाटा 90 हजार करोड़ रुपये से अधिक अनुमानित है।
- **राष्ट्रीय स्तर पर स्थिति**
  - देशभर में 31 डिस्कॉम्स को ए और ए+ श्रेणी में रखा गया है।
  - शीर्ष 5 में से 4 कंपनियाँ गुजरात से हैं, जिनमें अहमदाबाद, सूरत, उत्तर गुजरात और मध्य गुजरात शामिल हैं।

## जिला एकेडमिक रैंकिंग (फरवरी 2026)

- राजस्थान के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी रैंकिंग में करौली जिला पहले स्थान पर रहा।
- इसमें झुंझुनूं दूसरे और हनुमानगढ़ तीसरे स्थान पर रहे।
- इसके अलावा डूंगरपुर, सीकर, सवाई माधोपुर, भरतपुर, अलवर और गंगानगर भी शीर्ष 10 में शामिल हैं।
- इस रैंकिंग का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था की नियमित समीक्षा और जवाबदेही को मजबूत करना है।
- इसमें शैक्षणिक परिणाम, स्कूल संचालन और प्रशासनिक संकेतकों के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है।

## राजस्थान में प्रति व्यक्ति आय में अलवर शीर्ष पर रहा

- वर्ष 2024-25 में अलवर 2,68,321 रुपये प्रति व्यक्ति आय के साथ राजस्थान में पहले स्थान पर रहा।
- इसके अलावा जयपुर 2,60,991 रुपये के साथ तीसरे से दूसरे स्थान पर पहुंच गया।

- पिछले पांच वर्षों में राजसमंद ने 76% वृद्धि के साथ सबसे अधिक प्रगति की, जबकि बीकानेर दूसरे स्थान पर रहा।
- वर्ष 2020-21 से 2024-25 के बीच 11 प्रमुख जिलों में औसत 60% वृद्धि दर्ज की गई।
- राजस्थान में केवल 8 जिलों की प्रति व्यक्ति आय राज्य औसत के बराबर या उससे अधिक है।
- राजस्थान में बांसवाड़ा प्रति व्यक्ति आय के मामले में अंतिम स्थान पर है।

### राजस्थान के प्रमुख जिलों में प्रति व्यक्ति आय (रुपये में)

| जिला | 2020-21 | 2024-25 | वृद्धि % |
|---|---|---|---|
| अलवर | 1,73,510 | 2,68,321 | 54.6 |
| जयपुर | 1,52,032 | 2,60,991 | 71.7 |
| जैसलमेर | 1,36,242 | 2,34,051 | 71.8 |
| राजसमंद | 1,28,034 | 2,25,260 | 76 |
| भीलवाड़ा | 1,63,404 | 2,22,367 | 36.1 |

### अक्षय ऊर्जा एवं सौर ऊर्जा में राजस्थान की स्थिति

- राजस्थान की देश में अक्षय और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता 43.8 गीगावाट तक पहुंच गई।
- देश की कुल सौर ऊर्जा में लगभग 27% और अक्षय ऊर्जा में 16% से अधिक योगदान है।

**पीएम-कुसुम योजना**

- 3035 मेगावाट क्षमता की 1340 विकेंद्रित परियोजनाएं स्थापित की गई हैं।
- कुसुम कम्पोनेंट-ए में राजस्थान देश में प्रथम और कम्पोनेंट-सी में दूसरे स्थान पर है।
- दिसंबर 2025 तक 2682 मिलियन यूनिट बिजली 3.21 रुपये प्रति यूनिट की दर से खरीदी गई।
- उद्योग एवं वाणिज्य विभाग ने योजनाओं और नीतियों की आवेदन एवं स्वीकृति प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सुधार किए हैं।

## एप एवं पोर्टल

### लाडो प्रोत्साहन योजना पोर्टल

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 8 मार्च 2026 को हनुमानगढ़ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाडो प्रोत्साहन योजना पोर्टल का शुभारंभ किया।
- इस पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है
- इस योजना के तहत पात्र बालिका के जन्म पर कुल ₹1.5 लाख की आर्थिक सहायता 7 किस्तों में दी जाती है।
- इसी अवसर पर 1000 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया।

❑❑❑❑

# 2 राष्ट्रीय परिदृश्य

## ऑपरेशन ऊर्जा सुरक्षा

- पश्चिम एशिया में संयुक्त राज्य अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारत ने 'ऑपरेशन ऊर्जा सुरक्षा' शुरू किया है। इसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य में भारत के ऊर्जा जहाजों की सुरक्षा करना है।
- इस मिशन के तहत भारतीय नौसेना कच्चा तेल, LPG और LNG लेकर आने वाले जहाजों को सुरक्षा दे रही है।
- इस हेतु ओमान की खाड़ी में 5 से अधिक युद्धपोत, जैसे विध्वंसक और फ्रिगेट तैनात किए गए हैं।
- होर्मुज जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित है। यह ईरान को ओमान और यूएई से अलग करता है।
- यह लगभग 140 मील लंबा और 25–33 किमी चौड़ा संकरा समुद्री मार्ग है।

## जनगणना 2027: डिजिटल टूल्स और मैस्कॉट लॉन्च

- केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने जनगणना 2027 के लिए 4 डिजिटल टूल्स और मैस्कॉट "प्रगति" और "विकास" लॉन्च किए।
- यह भारत की पहली पूरी तरह डिजिटल जनगणना होगी।
- "प्रगति" और "विकास" महिला और पुरुष की समान भागीदारी के प्रतीक हैं।
- **4 डिजिटल टूल्स:** हाउसलिस्टिंग ब्लॉक क्रिएटर (HLBC) ऐप, HLO मोबाइल ऐप, सेल्फ-एन्यूमरेशन पोर्टल और जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली (CMMS) पोर्टल।
- इन टूल्स का उद्देश्य डेटा संग्रह प्रक्रिया को आसान और प्रभावी बनाना है।

## पश्चिम एशिया संकट से निपटने को 7 नए समूह का गठन

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 मार्च 2026 को पश्चिम एशिया संघर्ष के दीर्घकालिक प्रभावों से निपटने के लिए 7 नए समूहों के गठन की घोषणा की। इन समूहों का उद्देश्य ऊर्जा आपूर्ति, व्यापार मार्ग और वैश्विक सप्लाई चेन पर प्रभावों का समाधान करना है।

| क्र. सं. | सशक्त समूह | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | रणनीतिक मुद्दे | विदेश सचिव की अध्यक्षता में रक्षा, विदेश मंत्रालय और आंतरिक सुरक्षा से संबंधित मुद्दे |
| 2 | अर्थव्यवस्था, वित्त और आपूर्ति श्रृंखला | निर्यात-आयात और आर्थिक स्थिरता पर ध्यान केंद्रित |
| 3 | पेट्रोलियम, एलएनजी, एलपीजी और ऊर्जा | पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित करना |
| 4 | उर्वरक और कृषि आदान | बुवाई के मौसम के लिए उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति |
| 5 | आवश्यक वस्तुओं की कीमतें और आपूर्ति | कीमतों को नियंत्रित करने और जमाखोरी रोकने हेतु उपाय |
| 6 | परिवहन और लॉजिस्टिक्स | प्रभावित व्यापार मार्गों के विकल्प तलाशना |
| 7 | सूचना, संचार और सार्वजनिक जुड़ाव | स्थिति पर जन जागरूकता और संचार |

## गुजरात: समान नागरिक संहिता (UCC) लागू होगा

- गुजरात विधानसभा ने मार्च 2026 में 'गुजरात समान नागरिक संहिता, 2026' विधेयक पारित किया। इसके साथ गुजरात, उत्तराखंड के बाद UCC लागू करने वाला दूसरा राज्य बन गया।
- यह कानून विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन संबंधों के लिए समान कानूनी ढांचा प्रदान करता है।
- यह कानून राज्य के निवासियों पर लागू होगा, लेकिन अनुसूचित जनजातियों और कुछ संरक्षित समूहों को इससे बाहर रखा गया है।
- राज्य में रहने वाले जोड़ों के लिए लिव-इन संबंध का पंजीकरण अनिवार्य किया गया है।
- यदि 1 महीने के भीतर पंजीकरण नहीं किया जाता है, तो 3 महीने तक की सजा या 10,000 रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।
- इस कानून के तहत बहुविवाह पर रोक लगाई गई है और विवाह तभी मान्य होगा जब दोनों पक्षों का कोई जीवित जीवनसाथी न हो।

## अनुसूचित जाति की मान्यता के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय

- सुप्रीम कोर्ट के अनुसार अनुसूचित जाति (एससी) का दर्जा केवल हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म के लोगों को ही मिलेगा। यह फैसला न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने सुनाया।
- यह निर्णय संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 के प्रावधानों पर आधारित है।
- कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अन्य धर्मों में परिवर्तन करने पर यह दर्जा समाप्त हो जाता है, इसमें ईसाई धर्म में धर्मांतरण भी शामिल है।
- कोर्ट ने कहा कि ऐसे व्यक्ति एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत सुरक्षा का दावा नहीं कर सकते।

## 'सक्षम': भारत की पहली AI आधारित कौशल (Skill) जनगणना

- महाराष्ट्र में भारत की पहली AI आधारित कौशल जनगणना 'सक्षम' शुरू की गई। इसका उद्देश्य 18–40 वर्ष के युवाओं के कौशल का आकलन करना है।
- यह सर्वे सैपियो एनालिटिक्स (Sapio Analytics) द्वारा किया जाएगा।
- इसमें मुंबई के 55,000 घरों को कवर किया जाएगा और AI और GIS तकनीक से स्थानीय स्तर पर कौशल मैपिंग की जाएगी।
- डोर-टू-डोर सर्वे के माध्यम से शिक्षा, कौशल और प्रशिक्षण की जरूरत का आकलन होगा।
- इसके तहत 2027 तक 15,000 युवाओं को प्रशिक्षित करना, जिनमें 5,000 को रोजगार या स्वरोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी का केरल व तमिलनाडु दौरा

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 मार्च 2026 को केरल और तमिलनाडु का दौरा किया।
- इस दौरान उन्होंने लगभग ₹16,450 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।
- केरल की कोच्चि रिफाइनरी में ₹5,500 करोड़ से अधिक की लागत से पॉलीप्रोपाइलीन यूनिट की आधारशिला रखी गई।
- इसके अलावा तमिलनाडु के नीलगिरी और इरोड में ₹3,680 करोड़ की लागत से सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क की आधारशिला रखी गई।
- इससे लाखों घरों को पाइप्ड गैस और कई सीएनजी स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।

## डिफेंस फोर्सेस विज़न 2047

- केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 10 मार्च 2026 को "डिफेंस फोर्सेस विज़न 2047" दस्तावेज जारी किया।
- यह दस्तावेज मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ द्वारा तैयार किया गया है।
- इसका उद्देश्य 2047 तक भारतीय सशस्त्र बलों को आधुनिक, तकनीकी रूप से उन्नत और बहु-आयामी सैन्य शक्ति बनाना है।
- इसमें थल सेना, नौसेना और वायु सेना के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया है।
- यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा और आधुनिक प्रशिक्षण तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देता है।

# 3 आर्थिक परिदृश्य

## भव्य (BHAVYA) योजना

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 18 मार्च 2026 को ₹33,660 करोड़ की भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्य) को मंजूरी दी।
- इस योजना के तहत **देशभर में 100 'प्लग-एंड-प्ले' औद्योगिक पार्क विकसित** किए जाएंगे।
- इसका उद्देश्य विश्वस्तरीय औद्योगिक अवसंरचना विकसित करना और विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देना है।

**प्रमुख विशेषताएँ:**

- इस योजना का कार्यान्वयन राज्यों और निजी क्षेत्र के सहयोग से किया जाएगा।
- परियोजनाओं का चयन प्रतिस्पर्धात्मक (चैलेंज मोड) प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा।
- औद्योगिक पार्क 100 से 1000 एकड़ क्षेत्र में विकसित किए जाएंगे।
- सरकार प्रति एकड़ ₹1 करोड़ तक की सहायता प्रदान करेगी।
- इसमें कोर, वैल्यू-एडेड और सामाजिक अवसंरचना का विकास शामिल होगा।
- कुल परियोजना लागत का अधिकतम 25% बाहरी अवसंरचना (कनेक्टिविटी आदि) पर खर्च किया जाएगा।

## लघु जल विद्युत (SHP) विकास योजना

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ₹2,584.60 करोड़ की लघु जल विद्युत विकास योजना को 2026-27 से 2030-31 तक 5 वर्षों के लिए मंजूरी दी।
- इस योजना का उद्देश्य देश में लगभग 1500 मेगावाट क्षमता के लघु जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना करना है।

**प्रमुख विशेषताएँ:**

- इस योजना का कार्यान्वयन नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा किया जाएगा।
- 1 से 25 मेगावाट क्षमता वाली परियोजनाओं को समर्थन दिया जाएगा।
- पूर्वोत्तर राज्यों और सीमा क्षेत्रों में ₹3.6 करोड़ प्रति मेगावाट या परियोजना लागत का 30% (अधिकतम ₹30 करोड़) सहायता दी जाएगी।
- अन्य राज्यों के लिए ₹2.4 करोड़ प्रति मेगावाट या 20% लागत (अधिकतम ₹20 करोड़) सहायता प्रदान की जाएगी।

## सूचना और प्रसारण मंत्रालय (MIB) द्वारा 3 प्रमुख पहलों का शुभारंभ



- केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 23 मार्च 2026 को 3 प्रमुख पहलें लॉन्च की।

| पहल | उद्देश्य | प्रमुख विशेषताएँ |
|---|---|---|
| **राष्ट्रीय एआई कौशल विकास पहल** | **मीडिया एवं रचनात्मक क्षेत्रों में एआई कुशल कार्यबल तैयार करना** | गूगल व यूट्यूब के सहयोग से 15,000 प्रतिभागियों का प्रशिक्षण; दो चरणों में कार्यक्रम (बुनियादी + उन्नत); एनीमेशन, वीएफएक्स, गेमिंग आदि पर फोकस |
| **मायवेव्स (MyWAVES) (वेव्स ओटीटी)** | **नागरिकों को कंटेंट निर्माण में भागीदारी का मंच देना** | यूजर-जनरेटेड कंटेंट प्लेटफॉर्म; शॉर्ट, वर्टिकल व एपिसोडिक कंटेंट सपोर्ट; बहुभाषी इंटरफेस; "क्रिएट इन इंडिया" जैसी पहल को बढ़ावा |
| **उन्नत ईपीजी व बिल्ट-इन सैटेलाइट ट्यूनर** | **टीवी देखने को सरल, सस्ता और सुलभ बनाना** | बिना सेट-टॉप बॉक्स के डीडी फ्री डिश चैनल देखने की सुविधा; उन्नत प्रोग्राम गाइड; कम खर्च और बेहतर यूजर अनुभव |

## संशोधित UDAN योजना

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मार्च 2026 में संशोधित UDAN (उड़े देश का आम नागरिक) योजना को मंजूरी दी। इस योजना का उद्देश्य देश में क्षेत्रीय हवाई संपर्क को मजबूत करना और विमानन ढांचे का विस्तार करना है।
- यह योजना विशेष रूप से अविकसित और कम सेवा वाले क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाने पर केंद्रित है।

- इससे टियर-2 और टियर-3 शहरों में आर्थिक विकास, व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।
- यह योजना वित्त वर्ष 2026-27 से 2035-36 तक 10 वर्षों के लिए लागू की जाएगी। इस योजना के लिए कुल 28,840 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके तहत लगभग 120 नए गंतव्यों को जोड़ा जाएगा और करीब 4 करोड़ यात्रियों को लाभ मिलेगा।

## IVFRT योजना का विस्तार

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मार्च 2026 में IVFRT योजना को 5 वर्षों के लिए मार्च 2031 तक बढ़ाने की मंजूरी दी।
- IVFRT का पूरा नाम Immigration, Visa, Foreigners Registration & Tracking (आव्रजन, वीजा, विदेशी पंजीकरण और ट्रैकिंग) है। इस योजना के लिए कुल 1,800 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है।
- इसका उद्देश्य आव्रजन, वीज़ा प्रक्रिया और विदेशी नागरिकों के पंजीकरण को एकीकृत और सरल बनाना है।
- यह योजना 2025 के इमिग्रेशन और फॉरेनर्स एक्ट के अनुरूप है।
- इस योजना को गृह मंत्रालय द्वारा ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन के माध्यम से लागू किया जाएगा।
- यह राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना के तहत एक मिशन मोड परियोजना है। इसके अगले चरण में उभरती तकनीक, बुनियादी ढांचे का सुधार और सेवाओं के अनुकूलन पर ध्यान दिया जाएगा।

## रिलीफ योजना (RELIEF)

- इस योजना को 19 मार्च 2026 को केंद्र सरकार द्वारा पश्चिम एशिया संकट के कारण प्रभावित निर्यातकों को सहायता देने के लिए शुरू की गई।
- RELIEF का पूरा नाम Resilience & Logistics Intervention for Export Facilitation है। यह योजना निर्यात प्रोत्साहन मिशन (EPM) के अंतर्गत शुरू की गई है।
- इसे ईसीजीसी (ECGC Ltd.) के माध्यम से लागू किया जाएगा।
- यह निर्यातकों को बढ़ी हुई लॉजिस्टिक्स लागत, बीमा प्रीमियम और ऑटोमैटिक एक्सटेंशन जैसी राहत प्रदान करेगी।
- यह एक समयबद्ध योजना है, जो निर्यातकों के वित्तीय बोझ को कम करने में मदद करती है।
- इसमें बीमा वाले निर्यातकों को 100% तक अतिरिक्त जोखिम कवरेज और भविष्य के शिपमेंट पर 95% तक कवरेज मिलेगा।
- बीमा रहित एमएसएमई को अतिरिक्त खर्च का 50% तक मुआवजा (अधिकतम ₹50 लाख) दिया जाएगा।
- यह योजना खाड़ी और पश्चिम एशियाई देशों के निर्यात पर लागू है।
- इस योजना के लिए ₹497 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है।

## नेशनल क्वांटम मिशन के तहत 23 क्वांटम लैब्स को मंजूरी

- भारत सरकार ने 16 मार्च 2026 को नेशनल क्वांटम मिशन (NQM) के तहत 23 संस्थानों में क्वांटम शिक्षण प्रयोगशालाएँ स्थापित करने को मंजूरी दी।
- इसका उद्देश्य क्वांटम तकनीक में शिक्षा, अनुसंधान और कौशल विकास को बढ़ावा देना है।
- इसके अलावा **इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल 2026 पुणे में** आयोजित होगा।
- नेशनल टेक्नोलॉजी डे 2026 (11 मई) पर भारत मंडपम, नई दिल्ली में 500 से अधिक नवाचार प्रदर्शित किए जाएंगे।

## RBI द्वारा पूंजी पर्याप्तता नियम में संशोधन

- भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने 10 मार्च 2026 को बैंकों के लिए पूंजी पर्याप्तता नियमों में संशोधन किया।
- यह बदलाव बेसल मानकों के अनुरूप काउंटरपार्टी क्रेडिट रिस्क (CCR) को ध्यान में रखकर किया गया है।
- इसके तहत बैंकों को अब स्टैंडअलोन और समेकित दोनों स्तरों पर पूंजी आवश्यकताओं का पालन करना होगा।
- समेकित स्तर पर सभी संबंधित संस्थाओं के सीसीआर जोखिम को शामिल करना अनिवार्य होगा।
- डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए संभावित भविष्य जोखिम (पीएफई) की गणना के नियमों में भी संशोधन किया गया है।

## राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण (NDSA) पहल

- केंद्रीय मंत्री सी.आर. पाटिल ने मार्च 2026 में नई दिल्ली के आर.के. पुरम में राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण (NDSA) के नए कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बांध सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कई डिजिटल पहल शुरू की गईं।

**प्रमुख डिजिटल पहल:**

- **वेबसाइट:** नई वेबसाइट जीआईएस आधारित प्रणाली के साथ लॉन्च की गई, जिसमें देश के बांधों की जानकारी मानचित्र के माध्यम से उपलब्ध है।
- **नेत्रा (NETRA):** यह एआई आधारित प्लेटफॉर्म है, जो बांध सुरक्षा से जुड़े नियमों और दस्तावेजों तक आसान पहुंच प्रदान करता है।
- **NETRA:** NDSA Engine for Tracking and Review using Artificial Intelligence.
- **राष्ट्रीय बांध सुरक्षा दर्पण (RBSD):** यह प्लेटफॉर्म बांध टूटने की स्थिति के विश्लेषण और जोखिम प्रबंधन में सहायता करता है।

## कपास हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) सहायता

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने ₹1,718 करोड़ से अधिक के एमएसपी कोष को मंजूरी दी। यह राशि कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया को प्रदान की जाएगी।
- यह सहायता 2023-24 के कपास सीजन के लिए है।
- इसका उद्देश्य किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत संरक्षण देना है। यह सहायता तब लागू होगी जब बाजार मूल्य एमएसपी से नीचे चले जाएंगे।

## भारत की संशोधित जलवायु योजना

- भारत ने 2031–2035 अवधि के लिए अपनी संशोधित जलवायु योजना को मंजूरी दी है। देश का लक्ष्य 2035 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की उत्सर्जन तीव्रता को 2005 के स्तर की तुलना में 47% तक कम करना है।

- भारत ने 2026 की शुरुआत में ही गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली क्षमता का 52% लक्ष्य हासिल कर लिया है।
- नया लक्ष्य 2035 तक इस हिस्सेदारी को बढ़ाकर 60% करना है।

## 'प्रारंभ (PRARAMBH) 2026' अभियान

- यह अभियान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 20 मार्च 2026 को लॉन्च किया।
- PRARAMBH का पूरा नाम 'Policy Reform and Responsible Action for Mission Viksit Bharat' है।
- यह आयकर अधिनियम 2025 के लागू होने (1 अप्रैल 2026) के लिए जागरूकता अभियान है। इसका उद्देश्य करदाताओं को जागरूक करना और नागरिक-केंद्रित कर व्यवस्था स्थापित करना है।
- यह अभियान प्रिंट, टीवी, रेडियो, डिजिटल और सोशल मीडिया जैसे कई माध्यमों से चलाया जा रहा है।
- यह M.A.N.A.V. ढांचे के तहत नैतिकता, जवाबदेही और समावेशी AI पर आधारित है। इसके तहत इनकम टैक्स वेबसाईट 2.0 और AI चैटबॉट 'कर साथी' लॉन्च किए गए हैं।

## 'फेयर से फुर्सत' योजना

- केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा 'फेयर से फुर्सत – वन रूट वन फेयर' योजना 18 मार्च 2026 को शुरू की गई।
- यह योजना पहले UDAN योजना के तहत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य क्षेत्रीय मार्गों पर सस्ती और निश्चित हवाई किराया सुविधा प्रदान करना है।
- इस योजना के तहत यात्रियों को टिकट एक समान दर पर मिलेंगे, चाहे बुकिंग समय कोई भी हो। योजना का संचालन एलायंस एयर द्वारा 6 चयनित मार्गों पर किया जा रहा है।
- इसमें दिल्ली–रीवा, रीवा–रायपुर, दिल्ली–जयपुर, कोलकाता–गुवाहाटी, तिरुपति–राजमुंद्री और चेन्नई–हैदराबाद मार्ग शामिल हैं।

## भारत का पहला हाइब्रिड पैसिव इंडेक्स फंड लॉन्च

- एडेलवाइस एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने भारत का पहला हाइब्रिड पैसिव इंडेक्स फंड लॉन्च किया।
- यह फंड इक्विटी और सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) को एक साथ जोड़ता है। इसमें 70% निवेश इक्विटी और 30% सरकारी प्रतिभूतियों में किया जाएगा।
- यह फंड स्वचालित मासिक रीबैलेंसिंग पर आधारित है।
- इसमें न्यूनतम निवेश ₹100 रखा गया है।

## SEZ नीति सुधार के लिए समिति गठन

- भारत सरकार ने विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) नीति में सुधार के लिए 17 सदस्यीय समिति बनाई।
- इस समिति का उद्देश्य निर्यात को बढ़ावा देना और नीति में व्यापक सुधार करना है। इस समिति में विभिन्न मंत्रालयों और संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हैं।
- यह छह महीने में अपनी सिफारिशों के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।
- यह समिति SEZ और अन्य निर्यात योजनाओं के एकीकरण का अध्ययन भी करेगी।

## PM E-DRIVE योजना (इलेक्ट्रिक दोपहिया सब्सिडी विस्तार)

- केन्द्रीय भारी उद्योग मंत्रालय ने इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों (e-2Ws) के लिए सब्सिडी को 31 जुलाई 2026 तक बढ़ा दिया।
- यह विस्तार पहले निर्धारित 31 मार्च 2026 से अतिरिक्त 4 महीनों के लिए किया गया है।
- यह योजना 31 मार्च 2028 तक जारी रहेगी, जबकि e-3Ws को भी पूरे अवधि में समर्थन मिलेगा।
- कुल बजट 10,900 करोड़ रुपये है, जिसमें 3,679 करोड़ रुपये मांग प्रोत्साहन के लिए हैं और शेष राशि ई-बस, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और परीक्षण सुविधाओं के लिए निर्धारित है।
- **प्रोत्साहन:**
  - VAHAN पोर्टल के माध्यम से सब्सिडी दी जाती है।
  - 2,500 रुपये प्रति kWh की दर से अधिकतम 5,000 रुपये प्रति वाहन तक प्रोत्साहन मिलता है।
  - यह लाभ 1.5 लाख रुपये तक की कीमत वाले वाहनों पर लागू है। इस योजना का लक्ष्य 24.79 लाख e-2Ws को कवर करना है।

## PM-KUSUM योजना की समय सीमा बढ़ाई गई

- केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (PM-KUSUM) योजना के कुछ प्रोजेक्ट्स की समय सीमा बढ़ाकर 31 मार्च 2027 कर दी।
- यह निर्णय डेवलपर्स और राज्य एजेंसियों को राहत देने के लिए लिया गया। यह विस्तार उन परियोजनाओं पर लागू है जिनके PPA या LoI 31 दिसंबर 2025 तक जारी किए गए थे।
- इस योजना का लक्ष्य 34,800 मेगावाट सौर क्षमता जोड़ना है।
- इसके लिए 34,422 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता निर्धारित है।
- **PM-KUSUM योजना**
  - यह योजना 2019 में शुरू की गई थी।
  - इसका उद्देश्य कृषि क्षेत्र में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना और डीजल व ग्रिड बिजली पर निर्भरता कम करना है।
- **वित्तीय संरचना:**
  - केंद्र और राज्य सरकारें 30-30% सब्सिडी देती हैं और किसान 40% योगदान करते हैं, जिसमें बैंक ऋण की सुविधा भी शामिल है।
- **घटक:**
  - घटक-A: किसानों की बंजर/परती/चरागाह/दलदली/कृषि योग्य भूमि पर 10,000 मेगावाट के विकेंद्रीकृत ग्राउंड/स्टिल्ट माउंटेड सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना।
  - घटक-B: ऑफ-ग्रिड क्षेत्रों में 20 लाख स्टैंड-अलोन सौर पंपों की स्थापना।
  - घटक-C: 15 लाख ग्रिड से जुड़े कृषि पंपों का सोलराइज़ेशन: व्यक्तिगत पंप सोलराइज़ेशन और फीडर लेवल सोलराइज़ेशन।

# 4 अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

## WTO मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (MC-14)

- विश्व व्यापार संगठन का 14वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन कैमरून के याउंडे में 26–29 मार्च 2026 तक आयोजित हुआ।
- इसके प्रमुख विषयों में डब्ल्यूटीओ सुधार, कृषि, ई-कॉमर्स और निवेश सुविधा शामिल हैं।
- इस सम्मेलन की अध्यक्षता कैमरून के व्यापार मंत्री ने की।
- यह सम्मेलन वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनाव के बीच आयोजित हुआ।

## WTO 14वां मंत्रीस्तरीय सम्मेलन (MC-14)

- विश्व व्यापार संगठन का 14वां मंत्रीस्तरीय सम्मेलन 26-30 मार्च 2026 को कैमरून के याउंडे में आयोजित हुआ।
- इसमें वैश्विक व्यापार से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।
- सम्मेलन की अध्यक्षता कैमरून के व्यापार मंत्री लुक मैग्लोइर म्बार्गा अटंगाना ने की।
- इसमें भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पीयूष गोयल ने किया।
- इसमें "याओंदे पैकेज" का मसौदा तैयार किया गया, जिस पर आगे जिनेवा में बातचीत होगी।
- इसमें ई-कॉमर्स पर रोक (मोराटोरियम) को लेकर असहमति के कारण बिना सर्वसम्मति के समाप्त हुआ।

**मुख्य परिणाम:**

- इसमें ई-कॉमर्स पर रोक को पहली बार 26 वर्षों में समाप्त किया गया, जिससे अब WTO सदस्य इलेक्ट्रॉनिक प्रसारणों पर कर लगाने से कानूनी रूप से प्रतिबंधित नहीं रहेंगे।
- बौद्धिक संपदा अधिकारों (TRIPS) के तहत गैर-उल्लंघन संबंधी सुरक्षा उपाय भी समाप्त हो गए। विकासशील देशों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए इस सुरक्षा उपाय का समर्थन किया।
- डीप वाटर में मछली पकड़ने वाली सब्सिडियों को कम करने पर बातचीत जारी रखने पर सहमत हुए, और MC15 में ठोस सिफारिशें करने की योजना बनाई।
- भारत ने WTO ढाँचे में चीन के नेतृत्व वाले निवेश सुविधा के लिये विकास (IFD) समझौते का विरोध किया।
- 66 सदस्य देशों ने ई-कॉमर्स पर वैश्विक नियम बनाने के लिए समझौते पर प्रगति की, जिसमें डेटा प्रवाह, ऑनलाइन लेन-देन, और उपभोक्ता संरक्षण शामिल हैं।
- भारत और अफ्रीकी देशों ने खाद्य सुरक्षा के लिए सार्वजनिक भंडारण (PSH) पर स्थायी समाधान की मांग की, जिससे घरेलू खाद्य सब्सिडी में लचीलापन मिल सके।
- नोट: मंत्रिस्तरीय सम्मेलन WTO का सर्वोच्च निर्णय लेने वाला निकाय है और यह सामान्यतः हर दो वर्ष में आयोजित होता है।
- ई-कॉमर्स स्थगन (Moratorium):1998 में WTO के सदस्य देशों ने इलेक्ट्रॉनिक प्रसारणों (जैसे सॉफ्टवेयर डाउनलोड, डिजिटल संगीत, फिल्में, और ई-बुक्स) पर सीमा शुल्क न लगाने पर सहमति व्यक्त की थी, और यह स्थगन बाद में समय-समय पर बढ़ाया गया था।

## अर्जेंटीना WHO से अलग हुआ

- अर्जेंटीना ने मार्च 2026 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से औपचारिक रूप से अलग होने की प्रक्रिया पूरी कर ली।
- अर्जेंटीना ने यह निर्णय 17 मार्च 2025 को संयुक्त राष्ट्र महासचिव को भेजे गए एक नोट के माध्यम से सूचित किया था।
- यह कदम वियना संधि कानून (वीसीएलटी) के तहत एक वर्ष की नोटिस अवधि के बाद लागू हुआ। इसके अलावा संयुक्त राज्य अमेरिका ने भी जनवरी 2026 में डब्ल्यूएचओ छोड़ा था।

## अमेरिका में नई तेल रिफाइनरी परियोजना में रिलायंस निवेश करेगा

- संयुक्त राज्य अमेरिका ने मार्च 2026 में लगभग 50 वर्षों बाद नई तेल रिफाइनरी बनाने की घोषणा की।
- इस परियोजना में रिलायंस इंडस्ट्रीज का निवेश शामिल है।
- रिफाइनरी टेक्सास के पोर्ट ऑफ ब्राउन्सविल में स्थापित की जाएगी। इसका उद्देश्य ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाना और घरेलू उत्पादन को मजबूत करना है।
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
  - यह परियोजना अमेरिका की रिफाइनिंग क्षमता को बढ़ाएगी और आयात पर निर्भरता कम करेगी।
  - इसमें लगभग 300 अरब डॉलर का निवेश किया जाएगा।
  - रिफाइनरी 1.2 अरब बैरल शेल ऑयल प्रोसेस करेगी और बड़ी मात्रा में पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन करेगी।

## भारत-उज्बेकिस्तान फार्मा-न्यूट्रास्यूटिकल कॉरिडोर

- भारत और उज्बेकिस्तान ने फार्मा और न्यूट्रास्यूटिकल कॉरिडोर की शुरुआत की।
- इसका उद्देश्य कॉमनवेल्थ ऑफ इंडिपेंडेंट स्टेट्स (CIS) और व्यापक यूरेशियन हेल्थकेयर बाजार तक पहुंच बढ़ाना है।
- यह पहल व्यापार, निवेश और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देगी।
- यह कॉरिडोर कंपनियों को नियामकीय समन्वय और बाजार तक आसान पहुंच प्रदान करेगा।

- इसका औपचारिक व्यावसायिक शुभारंभ मई 2026 में ताशकंद में होगा।

## FATF ग्रे लिस्ट में 2 नए देश शामिल

- फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) ने **कुवैत और पापुआ न्यू गिनी को ग्रे लिस्ट में शामिल** किया।
- अब इस सूची में कुल 22 देश हो गए हैं।
- ग्रे लिस्ट उन देशों की पहचान करती है जिनके पास एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग (AML) और काउंटर-टेररिस्ट फाइनेंसिंग (CFT) को रोकने में नाकाम रहते हैं।
- यह निर्णय मेक्सिको सिटी में 5वीं FATF पूर्ण बैठक के दौरान लिया गया।

## फिनलैंड के राष्ट्रपति का भारत दौरा

- फिनलैंड के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर स्टब ने 4–7 मार्च 2026 तक भारत का दौरा किया।
- इस दौरे का उद्देश्य डिजिटल, सतत विकास, नवाचार और व्यापार में सहयोग बढ़ाना था।
- इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक उन्नत किया गया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति स्टब के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई।
- राष्ट्रपति स्टब ने रायसीना डायलॉग 2026 में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने व्यापार, नवाचार, डिजिटल प्रौद्योगिकियों, स्थिरता और बहुपक्षीय मंचों में सहयोग को मजबूत करने के लिए द्विपक्षीय चर्चा की।
- भारत और फिनलैंड ने डिजिटल प्रौद्योगिकियों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), क्वांटम कंप्यूटिंग, ग्रीन हाइड्रोजन और 6G प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करने पर सहमत हुए।

## कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी का भारत दौरा

- कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने 27 फरवरी – 2 मार्च 2026 तक भारत का आधिकारिक दौरा किया।
- यह उनका भारत का पहला दौरा था, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना था।
- उन्होंने मुंबई और नई दिल्ली का दौरा किया।
- भारत और कनाडा के बीच व्यापार, ऊर्जा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों पर चर्चा हुई।
- भारत और कनाडा ने CEPA (व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता) पर वार्ता शुरू की।
- दोनों देशों ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।
- भारत और कनाडा के बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), स्वास्थ्य देखभाल, कृषि, नवाचार, शिक्षा और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में कई समझौता ज्ञापनों (MoU) का आदान-प्रदान किया गया।

## रोमानिया अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन में शामिल

- रोमानिया ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) के फ्रेमवर्क समझौते की पुष्टि की।
- इसके साथ वह औपचारिक रूप से ISA का 118वाँ सदस्य बन गया।
- इससे पहले 2023 में उसने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

### अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA)

- **गठन:** भारत और फ्रांस के सहयोग से वर्ष 2015 में पेरिस में आयोजित जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (COP-21) सम्मेलन में किया गया।
- यह एक अंतर सरकारी संगठन है।
- उद्देश्य: सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना है तथा कर्क रेखा और मकर रेखा के मध्य स्थित देशों को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में समृद्ध करना।
- इसका मुख्यालय भारत के हरियाणा, गुरुग्राम में स्थित है।
- भारत ISA का अध्यक्ष है और फ्रांस इसका सह-अध्यक्ष देश है।
- इस गठबंधन में 118 सदस्य देश शामिल हैं।

## चिली कुष्ठ रोग को खत्म करने वाला अमेरिका का पहला देश बना

- विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार चिली ने कुष्ठ रोग को सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में समाप्त कर दिया।
- यह उपलब्धि हासिल करने वाला अमेरिका महाद्वीप का पहला देश बना।
- विश्व स्तर पर यह जॉर्डन के बाद दूसरा देश है।
- WHO के अनुसार 10,000 लोगों पर 1 से कम मामलों को उन्मूलन माना जाता है।
- यह पहल 2030 तक रोग उन्मूलन के वैश्विक लक्ष्य का हिस्सा है।

# 5 अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी

### 'Agnite': दुनिया का पहला पूर्णतः 3D-प्रिंटेड बूस्टर इंजन का सफल परीक्षण

- चेन्नई स्थित अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमॉस ने अपने बूस्टर इंजन, एग्नाइट का सफल परीक्षण किया।
- यह दुनिया का सबसे बड़ा रॉकेट इंजन है जिसे एक ही 3D -प्रिंटेड तकनीक से बनाया गया है।
- एग्नाइट एक मीटर लंबा है और यह अपनी तरह का पहला इंजन है जिसका परीक्षण इलेक्ट्रिक मोटर चालित पंपों के साथ किया गया है।
- यह इनकॉनेल से निर्मित है, जो एक उच्च-प्रदर्शन वाला निकेल सुपरअलॉय है और अत्यधिक तापमान वाले एयरोस्पेस अनुप्रयोगों में उपयोग किया जाता है।

### गुजरात साउंडिंग रॉकेट लॉन्च करने वाला भारत का पहला राज्य बना

- गुजरात ने मार्च 2026 में धोलरा के पास बावलियारी गांव से अपना पहला साउंडिंग रॉकेट सफलतापूर्वक लॉन्च किया।
- इस परीक्षण को अहमदाबाद स्थित स्टार्टअप ओमस्पेस रॉकेट एंड एक्सप्लोरेशन प्राइवेट लिमिटेड ने किया।
- यह एक सिंगल-स्टेज सब-ऑर्बिटल रॉकेट था, जिसने लगभग 3 किमी ऊँचाई तक उड़ान भरी।
- इस रॉकेट में मौसम डेटा संग्रह के लिए मिनी-सैटेलाइट लगाया गया था। इसे कार्बन फाइबर और उन्नत सामग्री से 'मेक इन इंडिया' के तहत बनाया गया।

### इसरो का क्रायोजेनिक इंजन परीक्षण

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने 10 मार्च 2026 को तमिलनाडु के महेंद्रगिरि स्थित इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स (IPRC) में CE20 क्रायोजेनिक इंजन का सफल समुद्र-स्तरीय हॉट टेस्ट किया।
- यह 165 सेकंड का परीक्षण 22 टन थ्रस्ट पर किया गया।
- यह परीक्षण LVM3 रॉकेट की क्षमता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है।
- इसमें नोज़ल प्रोटेक्शन सिस्टम का उपयोग किया गया, जिससे परीक्षण सुरक्षित रहा।
- इस इंजन ने कुल 20 सफल हॉट टेस्ट पूरे किए हैं।

### ISRO–ESA में अंतरिक्ष में सहयोग समझौता

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) ने पृथ्वी अवलोकन मिशनों के लिए नया समझौता किया।
- इसका उद्देश्य सैटेलाइट डेटा की सटीकता और विश्वसनीयता को बढ़ाना है।
- यह सहयोग जलवायु निगरानी, पर्यावरण अध्ययन और आपदा प्रबंधन में मदद करेगा।
- यह समझौता विशेष रूप से फ्लोरेसेंस एक्सप्लोरर (FLEX) मिशन को समर्थन देगा, जो वनस्पति स्वास्थ्य का अध्ययन करेगा।

## रक्षा प्रौद्योगिकी

### 'वायु बाण' प्रोजेक्ट

- भारतीय वायु सेना ने 'वायु बाण' प्रोजेक्ट शुरू किया है, जिसमें हेलीकॉप्टर से ड्रोन लॉन्च किए जाएंगे।
- यह स्वदेशी परियोजना IAF के डायरेक्टरेट ऑफ एयरोस्पेस डिज़ाइन (DAD) द्वारा संचालित की जाएगी।
- इसके तहत ड्रोन को उड़ते हेलीकॉप्टर से छोड़ा जाएगा और यह स्वतः लक्ष्य की ओर बढ़ेगा।
- यह ड्रोन रियल-टाइम वीडियो भेज सकता है और जरूरत पड़ने पर सटीक हमला भी कर सकता है। इसकी रेंज 50 किमी से अधिक और उड़ान समय लगभग 30 मिनट होगी।
- इसमें इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल और इंफ्रारेड सेंसर लगे होंगे, जो निगरानी और लक्ष्य पहचान में मदद करेंगे।
- यह GPS जाम होने की स्थिति में भी कार्य करने में सक्षम होगा।
- इस सिस्टम के विकास, परीक्षण और तैनाती की प्रक्रिया एक वर्ष के भीतर पूरी करने का लक्ष्य है। इस परियोजना से भारत अमेरिका और चीन जैसे देशों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा।

### स्टील्थ फ्रिगेट 'तारागिरी (F41)'

- भारतीय नौसेना ने 3 अप्रैल 2026 को स्टील्थ फ्रिगेट 'तारागिरी' को शामिल किया।
- यह जहाज पहले के फ्रिगेट डिज़ाइनों की तुलना में अधिक उन्नत और सुव्यवस्थित है। इसे कम रडार सिग्नेचर के साथ बेहतर स्टील्थ क्षमता के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- इसमें 75% से अधिक स्वदेशी घटक शामिल हैं।
- यह संयुक्त डीजल या गैस (कोडॉग – CODOG) प्रणोदन प्रणाली से संचालित है।
- यह प्रणाली उच्च गति और लंबी परिचालन क्षमता प्रदान करती है।
- इसमें सुपरसोनिक सतह से सतह और मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें लगी हैं।
- इसमें उन्नत पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताएं भी मौजूद हैं।

## ADC-150 का सफल परीक्षण

- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) और भारतीय नौसेना (IN) ने 21 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक स्वदेशी एयर ड्रॉपेबल कंटेनर (ADC-150) का सफल परीक्षण किया।
- यह परीक्षण गोवा तट के पास P-8I विमान से किया गया।

**एयर ड्रॉपेबल कंटेनर 'ADC-150'**

- ADC-150 को पूरी तरह से स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है।
- यह प्रणाली 150 किलोग्राम तक का भार समुद्र में जहाजों तक पहुंचाने में सक्षम है।
- इससे तट से दूर गहरे समुद्र में काम कर रहे नौसैनिक जहाजों तक ज़रूरी सामान की तेज़ी से आपूर्ति संभव है।
- इसका उपयोग आपात स्थिति में आवश्यक सामग्री, उपकरण और चिकित्सा सहायता पहुंचाने के लिए किया जाएगा।

## 'AVATAAR': भारत का पहला उभयचर (Amphibious) निगरानी ड्रोन

- डीप-टेक स्टार्टअप, AquaAirX ऑटोनॉमस सिस्टम्स ने भारत का पहला उभयचर (Amphibious) निगरानी ड्रोन 'AVATAAR' लॉन्च किया। AVATAAR का पूरा नाम **Amphibious Vehicle for Autonomous Tactical Aerial & Aquatic Reconnaissance** है।
- यह ड्रोन हवा और पानी दोनों में काम करने में सक्षम है।
- यह समुद्री निगरानी, खुफिया जानकारी और टोही मिशनों में उपयोगी है।
- इसमें सोनार, कैमरा, AI आधारित नेविगेशन और अंडरवॉटर कम्युनिकेशन सिस्टम जैसे उन्नत फीचर्स हैं।
- यह कम दृश्यता में भी डेटा एकत्र करने में सक्षम है।

## ALH Mk-III (MR) और VL-Shtil मिसाइलों के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर

- रक्षा मंत्रालय (MoD) ने भारतीय तटरक्षक बल (ICG) के लिए उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (ALH) Mk-III (समुद्री भूमिका) और भारतीय नौसेना (IN) के लिए सतह से हवा में मार करने वाले वर्टिकल लॉन्च (VL) – Shtil मिसाइल सिस्टम हेतु ₹5,083 करोड़ के रक्षा सौदों पर हस्ताक्षर किए।

**ALH Mk-III हेलीकॉप्टर:**

- ये HAL से ₹2,901 करोड़ में 6 हेलीकॉप्टर खरीदे जाएंगे।
- ये भारतीय तटरक्षक बल के लिए हैं।

**VL-शिटल मिसाइल सिस्टम:**

- रूस से ₹2,182 करोड़ में मिसाइल सिस्टम खरीदे जाएंगे।
- यह भारतीय नौसेना की वायु रक्षा क्षमता को मजबूत करेगा।

## भारतीय नौसेना के लिए फ्यूल बार्ज अनुबंध

- भारतीय नौसेना ने 4 स्व-चालित फ्यूल बार्ज बनाने के लिए शॉफ्ट शिपयार्ड के साथ अनुबंध किया।
- प्रत्येक बार्ज की क्षमता 500 टन होगी।
- ये बार्ज नौसेना के जहाजों और पनडुब्बियों को ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। इनका निर्माण भारतीय मानकों के अनुसार किया जाएगा।
- यह परियोजना 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' को बढ़ावा देती है।

# तकनीक

## स्वदेशी फ्लोटिंग LiDAR बॉय का सफल परीक्षण

- राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान (NIOT) ने स्वदेशी रूप से विकसित **फ्लोटिंग लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग (LiDAR) बॉय सिस्टम** का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।
- यह तकनीक मौसम पूर्वानुमान और चक्रवात की भविष्यवाणी को बेहतर बनाती है। यह ऑफशोर पवन ऊर्जा के आकलन और विकास में भी सहायक है।
- LiDAR तकनीक लेजर किरणों के माध्यम से हवा की गति और दिशा को मापती है।
- यह 300 मीटर तक सटीक डेटा प्रदान कर सकती है, खासकर गहरे समुद्र में।
- यह प्रणाली समुद्री परिस्थितियों में स्थिरता के साथ काम करने के लिए डिजाइन की गई है।

# अभ्यास

## संयुक्त सैन्य अभ्यास LAMITIYE-2026

- भारत और सेशेल्स ने संयुक्त सैन्य अभ्यास LAMITIYE-2026 9 से 20 मार्च 2026 तक सेशेल्स रक्षा अकादमी (SDA), विक्टोरिया, सेशेल्स में आयोजित किया गया। इसमें पहली बार भारत की तीनों सेनाओं (थल, जल, वायु) ने भाग लिया।
- भारतीय नौसेना का युद्धपोत INS त्रिकंद और वायुसेना का C-130 विमान भी शामिल हैं।
- इसका उद्देश्य सैन्य सहयोग और समन्वय को मजबूत करना है।

## सैन्य अभ्यास 'कोल्ड रिस्पांस (Cold Response) 2026'

- उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO) ने 'Cold Response 2026' सैन्य अभ्यास नॉर्वे और फिनलैंड में शुरू किया।
- यह अभ्यास 9 से 19 मार्च 2026 तक आयोजित किया गया।
- इसमें 14 देशों के लगभग 25,000 सैनिकों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य आर्कटिक क्षेत्र में सैन्य क्षमता और उपस्थिति को मजबूत करना था।

## सैन्य अभ्यास काकाडू 2026

- भारतीय नौसेना ने 'सैन्य अभ्यास काकाडू 2026' में भाग लिया।
- 21 मार्च 2026 को सिडनी हार्बर में काकाडू फ्लीट रिव्यू आयोजित हुआ। इसमें भारतीय युद्धपोत INS नीलगिरि ने ऑस्ट्रेलिया में समुद्री अभ्यास किया।
- यह अभ्यास जर्विस बे से डार्विन तक के बड़े क्षेत्र में आयोजित किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में समुद्री सहयोग को मजबूत करना है।

## सी ड्रैगन अभ्यास 2026

- भारतीय नौसेना ने मार्च 2026 में संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व वाले बहुराष्ट्रीय अभ्यास सी ड्रैगन 2026 में भाग लिया।
- यह अभ्यास गुआम स्थित एंडरसन एयर फोर्स बेस में आयोजित किया गया।
- इसका मुख्य उद्देश्य पनडुब्बी रोधी युद्ध (एएसडब्ल्यू) प्रशिक्षण को मजबूत करना है।
- इसमें भारत, अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की सेनाओं ने भाग लिया।

## अभ्यास 'अमोघ ज्वाला'

- भारतीय सेना ने 6-18 मार्च 2026 तक उत्तर प्रदेश के बबीना में 'अमोघ ज्वाला' अभ्यास आयोजित किया।
- इसका उद्देश्य बहु-आयामी युद्ध परिस्थितियों में सेना की तैयारी का परीक्षण करना था।
- इसमें अपाचे हेलीकॉप्टर, फाइटर विमान, ड्रोन और काउंटर-ड्रोन सिस्टम का उपयोग किया गया।
- अभ्यास में उन्नत निगरानी प्रणाली, सटीक फायरपावर और रियल-टाइम संचार का प्रदर्शन किया गया।

## IONS समुद्री अभ्यास (IMEX) TTX 2026

- भारतीय नौसेना ने 27 मार्च 2026 को कोच्चि (केरल) में IMEX TTX 2026 अभ्यास आयोजित किया।
- यह भारतीय महासागर नौसेना संगोष्ठी (IONS) का तीसरा संस्करण था।
- भारत ने 2026–2028 के लिए IONS की अध्यक्षता संभाली है।
- इस अभ्यास का उद्देश्य समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से निपटना और समन्वय बढ़ाना था।

❒❒❒❒

# 6 खेल परिदृश्य

## लियोनेल मेसी ने 900 गोल की उपलब्धि हासिल की

- लियोनेल मेस्सी आधिकारिक करियर में 900 गोल करने वाले दूसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं।
- उन्होंने यह उपलब्धि इंटर मियामी सीएफ के लिए खेलते हुए हासिल की।
- मेस्सी ने 1,142 मैचों में 900 गोल पूरे किए।
- वे क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं।
- रोनाल्डो ने यह उपलब्धि 1,236 मैचों में हासिल की थी और उनके नाम 965 गोल हैं।

## लोकेश सत्यनाथन का लंबी कूद में रिकॉर्ड

- लोकेश सत्यनाथन इनडोर लंबी कूद में 8 मीटर पार करने वाले पहले भारतीय बने।
- उन्होंने टायसन इनविटेशनल 2026 (यूएसए) में 8.01 मीटर की छलांग लगाई।
- उन्होंने यह प्रदर्शन रैंडल टायसन इनडोर सेंटर में किया।
- वे प्रतियोगिता में 16 खिलाड़ियों में आठवें स्थान पर रहे।
- इस स्पर्धा में यूएसए के कॉर्डेल टिंच ने 8.29 मीटर के साथ पहला स्थान हासिल किया।

## किमी एंटोनेली पहली चीनी ग्रां प्री 2026 जीते

- 15 मार्च 2026 को इटली के किमी एंटोनेली ने अपना पहला फॉर्मूला 1 चीनी ग्रां प्री 2026 जीता।
- यह रेस शंघाई इंटरनेशनल सर्किट (चीन) में आयोजित हुई।
- जॉर्ज रसेल दूसरे और लुईस हैमिल्टन तीसरे स्थान पर रहे।
- यह 2026 फॉर्मूला वन विश्व चैम्पियनशिप का दूसरा राउंड था।
- यह चीनी ग्रां प्री का 19वां संस्करण था और लगातार 19वीं बार शंघाई में आयोजित हुआ।

## वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 2026

- भारत ने नई दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 2026 में 208 पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया।
- भारत ने 75 स्वर्ण, 69 रजत और 64 कांस्य पदक जीते।
- यह प्रतियोगिता 11 से 13 मार्च 2026 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, दिल्ली में आयोजित हुई।
- इसमें रूस 35 पदकों (15 स्वर्ण, 14 रजत और 6 कांस्य पदक) के साथ दूसरे और बोस्निया एवं हर्जेगोविना 3 पदकों (1 स्वर्ण और 2 रजत पदक) तीसरे स्थान पर रहा।
- इसमें 90 से अधिक ट्रैक और फील्ड स्पर्धाएं आयोजित की गईं।

## ऑस्ट्रेलियन ग्रां. प्री. 2026

- जॉर्ज रसेल ने F1 2026 सीज़न ओपनर में मर्सिडीज के लिए ऑस्ट्रेलियन ग्रां. प्री. 2026 जीता।
- यह रेस F1 2026 सीजन की पहली रेस थी।
- मर्सिडीज टीम ने पहला और दूसरा स्थान हासिल किया।
- किमी एंटोनेली दूसरे और चार्ल्स लेक्लर्क तीसरे स्थान पर रहे।
- यह रसेल की छठी ग्रां प्री जीत थी।

## मयंक चक्रवर्ती भारत के 94वें ग्रैंडमास्टर बने

- असम के 17 वर्षीय मयंक चक्रवर्ती भारत के 94वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बने।
- वे उत्तर-पूर्व भारत के पहले ग्रैंडमास्टर हैं। उन्होंने स्वीडन के स्टॉकहोम में आयोजित टूर्नामेंट में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 7/9 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त कर अंतिम जीएम नॉर्म पूरा किया।
- उन्होंने फिडे की 2500 रेटिंग की अनिवार्य शर्त भी पूरी की।

## साइक्लिंग लीग ऑफ इंडिया (CLI)

- भारत में दुनिया की पहली फ्रेंचाइजी-आधारित साइक्लिंग लीग ऑफ इंडिया शुरू की जाएगी।
- केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने 5 मार्च 2026 को साइक्लिंग लीग ऑफ इंडिया (CLI) के लोगो का अनावरण किया। इसका उद्देश्य साइक्लिंग खेल को बढ़ावा देना और पेशेवर ढांचा तैयार करना है।
- लीग में 8 फ्रेंचाइज़ टीमें होंगी। प्रत्येक टीम में 10 साइकिलिस्ट होंगे। इसमें अंतरराष्ट्रीय और जूनियर खिलाड़ियों को भी शामिल किया जाएगा।
- प्रतियोगिताएं विभिन्न प्रारूपों में आयोजित की जाएंगी।

## जम्मू एवं कश्मीर रणजी ट्रॉफी 2025–26 विजेता

- जम्मू एवं कश्मीर ने पहली बार रणजी ट्रॉफी 2025–26 का खिताब जीता। इसने राजनगर स्टेडियम, हुबली, कर्नाटक में आयोजित फाइनल में कर्नाटक को हराया।
- यह जम्मू कश्मीर का पहला खिताब है। यह मैच ड्रॉ रहा, लेकिन पहली पारी में बड़ी बढ़त के आधार पर J&K विजेता बना।
- औकिब नबी को 62 विकेट लेकर 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार दिया गया।

## ओडिशा को विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2028 की मेजबानी मिली

- भारत को मार्च 2026 में वर्ल्ड इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2028 की मेजबानी मिली।

- यह प्रतियोगिता भुवनेश्वर (ओडिशा) के कलिंगा इंडोर एथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित होगी।
- यह आयोजन वर्ल्ड एथलेटिक्स द्वारा आयोजित द्विवार्षिक प्रतियोगिता है।
- भारत पहली बार इस चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा।
- भारत एशिया का चौथा देश बना है, जिसने यह आयोजन प्राप्त किया है।
- वर्ष 2026 का आयोजन पोलैंड में और 2030 का आयोजन कजाकिस्तान में होगा।

## कॉमनवेल्थ यूथ गेम्स 2027 माल्टा में होंगे

- माल्टा 2027 में 8वें कॉमनवेल्थ यूथ गेम्स की मेजबानी करेगा।
- यह आयोजन 29 अक्टूबर से 4 नवंबर 2027 तक आयोजित होगा।
- इसमें 74 देशों के लगभग 1,200 युवा एथलीट भाग लेंगे।
- यह अब तक का सबसे बड़ा पैरा स्पोर्ट्स कार्यक्रम होगा।
- प्रतियोगिता माल्टा और गोज़ो द्वीप के 7 स्थानों पर आयोजित होगी।
- इस आयोजन में कुल 8 खेल शामिल होंगे।
- इसमें पहली बार सेलिंग और वॉटर पोलो को शामिल किया गया है।
- इसके अन्य खेलों में एथलेटिक्स, नेटबॉल, स्क्वैश, तैराकी, ट्रायथलॉन और भारोत्तोलन शामिल हैं।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026

- खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 का आयोजन 25 मार्च से 3 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ में किया जाएगा।
- यह आयोजन रायपुर, जगदलपुर और सरगुजा में आयोजित होगा।
- इसमें लगभग 2,300 एथलीटों सहित 6,000 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे।
- इसका उद्देश्य आदिवासी प्रतिभाओं को बढ़ावा देना और उन्हें राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है।
- इसमें तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, भारोत्तोलन, कुश्ती, मल्लखंब और कबड्डी जैसे खेल शामिल हैं।
- यह आयोजन आदिवासी संस्कृति और खेल प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है।

## एशिया कप तीरंदाजी 2027 की मेजबानी भारत को मिली

- भारत 2027 में एशिया कप तीरंदाजी के दूसरे चरण की मेजबानी नई दिल्ली में करेगा।
- यह 22 वर्षों बाद भारत में आयोजित होने वाला अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी आयोजन होगा।
- यह निर्णय विश्व तीरंदाजी एशिया के अधिकारियों की बैठक के बाद लिया गया।

**अन्य प्रमुख टूर्नामेंट:**

- अहमदाबाद में एशियन पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप 2026 आयोजित होगी।
- दक्षिण एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप 2026 कोलकाता में होगी।
- एशिया कप तीरंदाजी 2026 का पहला चरण बैंकॉक में होगा।
- आर्चरी वर्ल्ड कप 2026 के विभिन्न चरण मैक्सिको, चीन और तुर्की में आयोजित होंगे।


❑❑❑❑

# 7 पुरस्कार एवं सम्मान

## TIME वीमेन ऑफ द ईयर 2026



Safeena Husain Wants to Lift Up India's 'Left-Behind' Girls



Physician-Scientist Reshma Kewalramani Runs One of Biotech's Biggest Companies



How Reshma Saujani's Viral Moment Led to a Win for Affordable Childcare

- टाइम पत्रिका ने सफीना हुसैन को वर्ष 2026 की 16 सर्वश्रेष्ठ महिलाओं में से एक नामित किया।
- गैर-लाभकारी संगठन (NPO) एजुकेट गर्ल्स की संस्थापक सफीना हुसैन को TIME वुमन ऑफ द ईयर 2026 की सूची शामिल किया गया। इसके अलावा भारतीय मूल की रेशमा केवलरमानी और रेशमा सौजानी भी इस सूची में शामिल है।
- सफीना हुसैन भारत के ग्रामीण, दूरदराज और आदिवासी समुदायों में स्कूल न जाने वाली लड़कियों हेतु एजुकेट गर्ल्स की संस्थापक है।
- 'एजुकेट गर्ल्स' 2025 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त करने वाला पहला भारतीय संगठन है।
- यह सूची वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली महिलाओं को सम्मानित करती है।

## आर. वैरामुथु को 60वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार

- प्रसिद्ध तमिल कवि और लेखक आर. वैरामुथु को ज्ञानपीठ पुरस्कार 2025 (60वें संस्करण) के लिए चुना गया है।
- यह सम्मान उन्हें तमिल साहित्य में उत्कृष्ट योगदान और विशिष्ट काव्य शैली के लिए दिया गया। वे समकालीन तमिल साहित्य के प्रमुख और प्रभावशाली लेखक माने जाते हैं। उन्होंने 37 से अधिक पुस्तकें लिखी हैं और उनकी रचनाओं में सामाजिक व सांस्कृतिक विषयों की गहरी अभिव्यक्ति है।
- वे ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले तीसरे तमिल लेखक बने हैं।

**आर. वैरामुथु**

- उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ गीत) 7 बार प्राप्त हुआ है।
- उन्हें पद्म श्री (2003) और पद्म भूषण (2014) से सम्मानित किया गया है।
- उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है।

**ज्ञानपीठ पुरस्कार**

- ज्ञानपीठ पुरस्कार भारत का सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान है।
- इसकी स्थापना 1961 में हुई और पहला पुरस्कार 1965 में दिया गया।
- यह पुरस्कार भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी में उत्कृष्ट साहित्य के लिए दिया जाता है।
- इसमें ₹11 लाख नकद, सरस्वती की कांस्य प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है।
- 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार (2024) विनोद कुमार शुक्ला को मिला।
- पहला ज्ञानपीठ पुरस्कार जी. शंकर कुरुप को दिया गया था।
- पहली महिला पुरस्कार विजेता आशापूर्णा देवी थीं (1976)।

## सरस्वती सम्मान 2025

- बंगाली लेखक रामकुमार मुखोपाध्याय को मार्च 2026 में 35वें सरस्वती सम्मान 2025 के लिए चुना गया। उन्हें यह सम्मान उनके उपन्यास 'हरा पार्वती कथा (2020)' के लिए दिया गया।
- सरस्वती सम्मान की स्थापना 1991 में के. के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा की गई थी।
- यह भारत के सबसे प्रतिष्ठित साहित्यिक पुरस्कारों में से एक है।
- यह पुरस्कार संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं में प्रकाशित श्रेष्ठ कृतियों को दिया जाता है। इस सम्मान में 15 लाख रुपये, प्रशस्ति पत्र और पट्टिका प्रदान की जाती है।

## विलियम डेलरिम्पल को 'द गोल्डन रोड' के लिए मार्क लिंटन इतिहास पुरस्कार 2026

- इतिहासकार विलियम डेलरिम्पल को मार्च 2026 में मार्क लिंटन हिस्ट्री प्राइज 2026 से सम्मानित किया गया।

- उन्हें यह पुरस्कार उनकी पुस्तक "The Golden Road: How Ancient India Transformed the World" के लिए मिला।
- यह पुरस्कार नीमन फाउंडेशन (Nieman Foundation) और कोलंबिया विश्वविद्यालय (Columbia University) द्वारा प्रदान किया जाता है।
- इसमें 10,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि दी जाती है।
- यह पुरस्कार उत्कृष्ट ऐतिहासिक लेखन के लिए दिया जाता है।
- डेलरिम्पल के अन्य प्रसिद्ध कार्यों में 'White Mughals' और 'The Anarchy' शामिल हैं।

## स्टॉकहोम वाटर प्राइज 2026



- ईरान के कावेह मदानी को 18 मार्च 2026 को स्टॉकहोम वाटर प्राइज 2026 से सम्मानित किया गया।
- वे इस पुरस्कार के इतिहास में सबसे युवा (44 वर्ष) विजेता बने।
- यह यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट फॉर वॉटर, एनवायरनमेंट एंड हेल्थ (UNU-INWEH) के निदेशक है।
- वे पहले संयुक्त राष्ट्र अधिकारी और पूर्व राजनेता हैं जिन्हें यह सम्मान मिला। उन्हें जल प्रबंधन और संकट समाधान में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने जल संकट में कमजोर शासन को मुख्य कारण के रूप में उजागर किया।

## टाटा संस के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन को यूके द्वारा मानद नाइटहुड से सम्मानित

- टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को मार्च 2026 में यूनाइटेड किंगडम (UK) सरकार द्वारा मानद नाइटहुड (KBE) से सम्मानित किया गया। उन्हें भारत-UK व्यापार संबंधों को मजबूत करने के लिए यह सम्मान दिया गया।
- यह सम्मान ब्रिटिश उच्चायुक्त लिंडी कैमरन द्वारा नई दिल्ली में प्रदान किया गया।
- यह पुरस्कार विदेशी नागरिकों को व्यवसाय, सार्वजनिक जीवन और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में योगदान के लिए दिया जाता है।
- इसमें गैर-UK नागरिक अपने नाम के साथ 'KBE' जोड़ते हैं।
- इससे पहले रतन टाटा, लक्ष्मी मित्तल और सुनील भारती मित्तल जैसे भारतीयों को भी यह सम्मान मिल चुका है।

## रितुपर्णा सेनगुप्ता को यूके के हाउस ऑफ कॉमन्स में महिला सशक्तिकरण पुरस्कार

- भारतीय अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता को मार्च 2026 में यूनाइटेड किंगडम (UK) के हाउस ऑफ कॉमन्स में सम्मानित किया गया। उन्हें कला और संस्कृति के क्षेत्र में योगदान के लिए महिला सशक्तिकरण पुरस्कार (Women Empowerment Award) दिया गया।
- यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया।
- रितुपर्णा को फिल्म 'दहन' के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री) मिला था।
- उन्हें 2014 में ''अलिक सुख'(Alik Sukh)' के लिए फिल्मफेयर क्रिटिक्स अवॉर्ड भी दिया गया।

## कल्पना सोरेन को BRICS में वीमेन एम्पावरमेंट अवॉर्ड

- कल्पना सोरेन को मार्च 2026 में BRICS 2026 में महिला सशक्तिकरण ट्रेलब्लेज़र पुरस्कार मिला।
- यह सम्मान उन्हें महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास और समावेशी प्रगति में योगदान के लिए दिया गया। उन्होंने झारखंड में महिलाओं को उद्यमी बनने और सामाजिक रूप से सक्रिय होने के लिए प्रेरित किया है। उनका कार्य विशेष रूप से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में केंद्रित रहा है।
- यह पुरस्कार BRICS चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दिया गया।
- देबजानी घोष को इसी कार्यक्रम में लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया गया।

## "च्यिमी" को न्यूयॉर्क शॉर्ट एनीमेशन फेस्टिवल 2026 में 'सर्वश्रेष्ठ निर्देशक' पुरस्कार

- एनिमेटेड लघु फिल्म "च्यिमी" ने न्यूयॉर्क शॉर्ट एनीमेशन फेस्टिवल (एनवाईएसएएफ) 2026 में 'सर्वश्रेष्ठ निर्देशक' का पुरस्कार जीता।
- इसका निर्देशन डॉ. पार्थ सारथी महंत ने किया, जो असम पुलिस में पुलिस महानिरीक्षक (IGP) हैं।
- इस उपलब्धि ने भारतीय एनीमेशन को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई है।

## जावेद अशरफ को फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

- पूर्व भारतीय राजदूत जावेद अशरफ को फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान लीजन ऑफ ऑनर (कमांडर रैंक) प्रदान किया गया।
- यह सम्मान उन्हें भारत-फ्रांस रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए दिया गया।
- वे इस सम्मान को पाने वाले पहले भारतीय राजदूत बने।

## केवी सुब्रमण्यन शिकागो पूर्व छात्र (Alumni) पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय अर्थशास्त्री बने

- के. वी. सुब्रमण्यम पहले भारतीय अर्थशास्त्री बने जिन्हें शिकागो विश्वविद्यालय का प्रतिष्ठित एलुमनी अवॉर्ड मिला।
- वे भारत के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार रह चुके हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।
- वर्तमान में वे इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस में प्रोफेसर हैं।

## स्काईट्रेक्स अवॉर्ड 2026

- वर्ष 2026 हेतु सिंगापुर चांगी एयरपोर्ट को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा घोषित किया गया।

- यह चांगी एयरपोर्ट का 13वां खिताब है और इसे चार अन्य प्रमुख पुरस्कार भी मिले। इसमें सर्वश्रेष्ठ डाइनिंग, इमिग्रेशन सेवा और एशिया का सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट शामिल हैं।

**दिल्ली एयरपोर्ट (IGI) की उपलब्धियाँ**

- दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा दुनिया में 28वें स्थान पर पहुंच गया।
- यह भारत का एकमात्र एयरपोर्ट है जो वैश्विक शीर्ष 30 में शामिल हुआ। इसने लगातार 8वीं बार 'भारत और दक्षिण एशिया का सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट' का खिताब जीता।
- यह 70 मिलियन से अधिक यात्रियों की श्रेणी में दुनिया में तीसरे स्थान पर रहा। इसे सर्वश्रेष्ठ स्टाफ में दूसरा और सर्वश्रेष्ठ लेओवर एयरपोर्ट में सातवां स्थान मिला।

**अन्य भारतीय विजेता**

- हैदराबाद एयरपोर्ट को सर्वश्रेष्ठ स्टाफ के लिए सम्मान मिला।
- गोवा (मोपा) एयरपोर्ट को सबसे स्वच्छ एयरपोर्ट घोषित किया गया।
- बेंगलुरु एयरपोर्ट को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय एयरपोर्ट का खिताब मिला।

## BCCI नमन अवॉर्ड 2026

- ये पुरस्कार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) द्वारा मार्च 2026 में नई दिल्ली में प्रदान किए गए।
- इसमें 2024-25 सीज़न के दौरान भारतीय क्रिकेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन और योगदान के लिए खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।
- इसमें **रोजर बिन्नी और राहुल द्रविड़ को सी.के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड** दिया गया।
- **मिताली राज को महिला वर्ग में लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड** मिला।

**प्रमुख पुरस्कार:**

- शुभमन गिल: सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय पुरुष क्रिकेटर (पॉली उमरीगर अवॉर्ड)।
- स्मृति मंधाना: सर्वश्रेष्ठ महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर का पुरस्कार।
- शेफाली वर्मा: सर्वश्रेष्ठ महिला घरेलू खिलाड़ी का सम्मान।
- हर्षित राणा और एन. श्री चरणी: सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय पदार्पण पुरस्कार

## कतर एयरवेज दुनिया की सर्वश्रेष्ठ एयरलाइन 2026 बनी

- **कतर एयरवेज** को 2026 हेतु दुनिया की सर्वश्रेष्ठ फुल-सर्विस एयरलाइन घोषित किया गया।
- यह लगातार 9वीं बार इस स्थान पर रही है।
- कैथे पैसिफिक दूसरे और और सिंगापुर एयरलाइन तीसरे स्थान पर रहे। यह रैंकिंग यात्री अनुभव, सेवाओं और ऑनबोर्ड सुविधाओं के आधार पर तय की जाती है।
- कतर एयरवेज बेहतर भोजन, आधुनिक केबिन और उच्च ग्राहक संतुष्टि के लिए जानी जाती है।

## स्काईट्रैक्स वर्ल्ड एयरपोर्ट अवॉर्ड्स 2026

- मार्च 2026 में सिंगापुर का चांगी एयरपोर्ट दुनिया का सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट घोषित हुआ।
- चांगी एयरपोर्ट ने डाइनिंग, इमिग्रेशन सेवा, एशिया का सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट और 60–70 मिलियन यात्री श्रेणी में भी पुरस्कार जीते।
- इसके अलावा दक्षिण कोरिया का सियोल इंचियोन एयरपोर्ट दूसरे स्थान पर रहा और "सबसे परिवार अनुकूल एयरपोर्ट" का पुरस्कार जीता। जापान का टोक्यो हानेडा एयरपोर्ट तीसरे स्थान पर रहा और साफ-सफाई व घरेलू एयरपोर्ट श्रेणी में शीर्ष रहा।

## भारतीय एयरपोर्ट्स

- दुनिया के शीर्ष 100 एयरपोर्ट्स में भारत के 5 एयरपोर्ट शामिल हुए।
- दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (IGI) एयरपोर्ट 28वें स्थान पर रहा और "भारत व दक्षिण एशिया का सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट" बना।
- केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (बेंगलुरु) 41वें स्थान पर रहा और लगातार तीसरी बार "सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय एयरपोर्ट" बना।
- राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (हैदराबाद) को "सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट स्टाफ" का पुरस्कार मिला।
- मनोहर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (गोवा) 64वें स्थान पर रहा।
- छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (मुंबई) 66वें स्थान पर रहा।

## एशियन स्क्वैश फेडरेशन (ASF) अवॉर्ड्स 2025

- भारत के स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह और अभय सिंह को ASF प्लेयर ऑफ द ईयर 2025 से सम्मानित किया गया।
- अनाहत सिंह को गर्ल्स (U-19) श्रेणी और अभय सिंह को पुरुष वर्ग (Dato Alex Lee Award) में यह सम्मान मिला।
- यह सम्मान उनके 2024–25 सीजन के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गया।
- ये पुरस्कार मई 2026 में चीन के पांझीहुआ में आयोजित एशियन जूनियर चैंपियनशिप में दिए जाएंगे।
- जापान की सातोमी वातानाबे को महिला वर्ग में ASF प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया।
- भारतीय पुरुष टीम को वर्ल्ड जूनियर टीम चैंपियनशिप 2025 (मिस्र) में कांस्य पदक जीतने पर टीम ऑफ द ईयर अवॉर्ड मिला।

## शीतल देवी को "पैरा आर्चर ऑफ द ईयर 2025" सम्मान

- भारत की शीतल देवी को 31 मार्च 2026 को वर्ल्ड आर्चरी फेडरेशन द्वारा "पैरा आर्चर ऑफ द ईयर 2025" चुना गया।
- यह सम्मान उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गया।
- शीतल देवी भारत की पहली बिना हाथों वाली महिला पैरा तीरंदाज हैं। उन्होंने 2025 में दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू में विश्व पैरा आर्चरी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।

# 8 चर्चित व्यक्तित्व

## 9 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में नए राज्यपाल एवं उपराज्यपालों की नियुक्ति

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 6 मार्च 2026 को 9 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में राज्यपाल और उपराज्यपालों की नई नियुक्तियाँ व स्थानांतरण किए।

| | नियुक्ति/ स्थानांतरण | पद | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश |
|---|---|---|---|
| लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन | नवनियुक्त | राज्यपाल | बिहार |
| जिष्णु देव वर्मा | नवनियुक्त | राज्यपाल | महाराष्ट्र |
| शिव प्रताप शुक्ल | नवनियुक्त | राज्यपाल | तेलंगाना |
| नंद किशोर यादव | नवनियुक्त | राज्यपाल | नागालैंड |
| आर.एन. रवि | **स्थानांतरण** | राज्यपाल | पश्चिम बंगाल |
| राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर | **स्थानांतरण** | अतिरिक्त प्रभार | तमिलनाडु |
| कविंदर गुप्ता | **स्थानांतरण** | राज्यपाल | हिमाचल प्रदेश |
| तरनजीत सिंह संधू | नवनियुक्त | उपराज्यपाल | दिल्ली |
| विनय कुमार सक्सेना | **स्थानांतरण** | उपराज्यपाल | लद्दाख |

## के.वी. रमना मूर्ति SEBI के सदस्य बने

- मार्च 2026 में के.वी. रमना मूर्ति को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया।
- उनका कार्यकाल 3 वर्ष का होगा या अगले आदेश तक जारी रहेगा।
- वे 1991 बैच के भारतीय रक्षा लेखा सेवा के अधिकारी हैं।
- इससे पहले वे रक्षा मंत्रालय में अतिरिक्त नियंत्रक जनरल के पद पर कार्यरत थे।
- उनकी नियुक्ति के बाद सेबी में पूर्णकालिक सदस्यों की संख्या 4 हो गई है।
- के. वी. रमन मूर्ति के अलावा कमलेश चंद्र वर्ष्णेय, संदीप प्रधान और अमरजीत सिंह सदस्य है।
- **श्री तुहिन कांत पाण्डे** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के वर्तमान अध्यक्ष है।

## स्तुति प्रधान का चयन

- हाल ही में सिक्किम की स्तुति प्रधान का चयन वर्ल्ड यूथ पार्लियामेंट 2026 के लिए हुआ।
- वे भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी और वैश्विक मुद्दों पर युवाओं की भूमिका को मजबूत करेंगी।
- वर्ल्ड यूथ पार्लियामेंट एक अंतरराष्ट्रीय मंच है, जहां कई देशों के युवा प्रतिनिधि भाग लेते हैं।
- स्तुति प्रधान अपनी बहस और नेतृत्व क्षमता के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने 'विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025' में राज्य स्तर पर जीत हासिल की थी।
- उन्हें गणतंत्र दिवस 2026 पर सिक्किम में विशेष अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया था।

## सुदर्शन पटनायक जनगणना 2027 के ब्रांड एंबेसडर बने

- भारत सरकार ने सुदर्शन पटनायक को जनगणना 2027 का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।
- यह निर्णय जनगणना प्रक्रिया में जागरूकता और जनभागीदारी बढ़ाने के लिए लिया गया है। वे अपनी रेत कला के माध्यम से लोगों को जनगणना के महत्व के बारे में जागरूक करेंगे।
- जनगणना 2027 के लिए सरकार ने ₹11,718.24 करोड़ की राशि स्वीकृत की है।
- सुदर्शन पटनायक को 2014 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।
- उन्होंने 2017 में दुनिया का सबसे बड़ा रेत का किला बनाकर गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था।

## प्रधानमंत्री मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता बने

- अमेरिका की डेटा एनालिटिक्स फर्म 'मॉर्निंग कंसल्ट' द्वारा किए गए अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता घोषित किया गया।
- उन्हें 68% की लोकप्रियता रेटिंग प्राप्त हुई।
- स्विट्ज़रलैंड के राष्ट्रपति गाय पार्मेलिन और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्यंग को 62% रेटिंग के साथ दूसरा स्थान मिला।
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 39% रेटिंग मिली और वे शीर्ष 10 में शामिल नहीं हो सके।
- नरेंद्र मोदी भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले नेताओं में से एक हैं।

## नरेंद्र मोदी सबसे लंबे कार्यकाल वाले सरकार के प्रमुख बने

- नरेंद्र मोदी भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले निर्वाचित सरकार प्रमुख बन गए हैं।

- उन्होंने कुल 8,931 दिनों से अधिक का कार्यकाल पूरा किया है।
- इसमें गुजरात के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री दोनों पद शामिल हैं।
- उन्होंने पवन कुमार चामलिंग का रिकॉर्ड तोड़ा है।
- वे 2001 से 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे।
- उन्होंने 2014 में प्रधानमंत्री पद संभाला और तीन बार (2014, 2019, 2024) चुनाव जीते।
- वे पूर्ण बहुमत पाने वाले पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री बने।
- वे स्वतंत्रता के बाद जन्म लेने वाले पहले प्रधानमंत्री भी हैं।

### धीरज सेठ उप सेना प्रमुख बने

- लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ को भारतीय सेना का नया उप सेना प्रमुख नियुक्त किया गया।
- उन्होंने 1 अप्रैल 2026 से पदभार ग्रहण किया।
- यह पद सेना में दूसरा सबसे उच्च पद होता है।
- धीरज सेठ 1986 में आर्मर्ड कोर में शामिल हुए थे। उन्होंने दक्षिणी कमान और XXI स्ट्राइक कोर का नेतृत्व किया है।

### बालेंद्र शाह नेपाल के सबसे युवा प्रधानमंत्री बने

- बालेंद्र शाह 27 मार्च 2026 को नेपाल के सबसे युवा प्रधानमंत्री बने। वे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (RSP) के नेता हैं और उनकी उम्र 35 वर्ष है। उन्हें राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने काठमांडू में शपथ दिलाई। उन्होंने सुशीला कार्की का स्थान लिया, जो 2025 के राजनीतिक संकट के बाद अंतरिम प्रधानमंत्री थीं।
- राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (RSP) ने नेपाल संसद में 275 में से 182 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया। इस जीत के साथ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (RSP) ने नेपाल में पहली पूर्ण बहुमत सरकार बनाई है।

### जोस एंटोनियो कास्ट चिली के राष्ट्रपति बने

- जोसे एंटोनियो कास्ट मार्च 2026 में चिली के 38वें राष्ट्रपति बने।
- उन्होंने 2025 के राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की थी और उनका कार्यकाल 4 वर्ष का होगा। उन्होंने परंपरागत प्रतीक 'पिओचा डे ओ'हिगिन्स' ग्रहण कर पद संभाला।
- भारत की ओर से केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने समारोह में भाग लिया।

### मोज्तबा खामेनेई ईरान के नए सर्वोच्च नेता बने

- मोजतबा खामेनेई को 8 मार्च 2026 को ईरान का नया सर्वोच्च नेता नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स द्वारा उनके पिता अली खामेनेई की मृत्यु के बाद की गई।
- वे ईरान के तीसरे सर्वोच्च नेता बने है। यह निर्णय विशेषज्ञों की सभा के सदस्यों द्वारा निर्णायक वोट के बाद लिया गया, जो सर्वोच्च नेता की नियुक्ति और पर्यवेक्षण के लिए जिम्मेदार संवैधानिक निकाय है।

### उचरल न्याम-ओसोर मंगोलिया के नए प्रधानमंत्री बने

- मार्च 2026 में उचरल न्याम-ओसोर को मंगोलिया का नया प्रधानमंत्री चुना गया।
- वह मंगोलियन पीपल्स पार्टी के नेता और पूर्व उप-प्रधानमंत्री रहे हैं।
- राजनीतिक अस्थिरता के बीच वह मंगोलिया में 9 महीनों में वह देश के तीसरे प्रधानमंत्री बने है।

### विजयपत सिंघानिया का निधन

- रेमंड के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का 28 मार्च 2026 को निधन हो गया। वह देश की प्रमुख टेक्सटाइल कंपनी रेमंड ग्रुप के चेयरमैन और पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर थे। उन्हें 2006 में उद्योग और समाज सेवा योगदान हेतु पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

## निधन

### दत्ता मेघे का निधन

- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद दत्ता मेघे का 22 मार्च 2026 को निधन हो गया।
- वे 1978 में महाराष्ट्र विधान परिषद (MLC) के सदस्य बने और 1991 तक लगातार तीन कार्यकाल पूरे किए।
- वे नागपुर, रामटेक और वर्धा से 4 बार लोकसभा सांसद रहे।
- वे 2002 से 2008 तक राज्यसभा के सदस्य भी रहे।

### बीरेन सिंह एंग्टी का निधन

- वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेन सिंह एंग्टी का 10 मार्च 2026 को निधन हो गया।
- वे दीफू निर्वाचन क्षेत्र (असम) से 5 बार लोकसभा सांसद चुने गए थे। उन्होंने 1986 से 1989 के बीच विभिन्न मंत्रालयों में राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया। वे कार्बी आंगलोंग स्वायत्त परिषद के मुख्य कार्यकारी सदस्य भी रहे।

### के.पी. उन्नीकृष्णन का निधन

- वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री के.पी. उन्नीकृष्णन का 3 मार्च 2026 को निधन हो गया। वे केरल के कोझिकोड से थे।
- केरल के राजनीतिक इतिहास में सबसे लंबे समय तक एक ही लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र (कोझिकोड में वडकारा से) का प्रतिनिधित्व करने वाले नेता रहे।

### वरिष्ठ पत्रकार एच.के. दुआ का निधन

- प्रसिद्ध पत्रकार और पूर्व राजनयिक एच.के. दुआ का 4 मार्च 2026 को निधन हो गया। उन्हें 1998 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।
- वे हिंदुस्तान टाइम्स, इंडियन एक्सप्रेस और द ट्रिब्यून जैसे प्रमुख अखबारों में संपादक रहे थे। वे भारत के डेनमार्क में राजदूत भी रहे थे।

### लियोनेल जोस्पिन का निधन

- फ्रांस के पूर्व प्रधानमंत्री लियोनेल जोस्पिन का 22 मार्च 2026 को निधन हो गया। 1981 में वे सोशलिस्ट पार्टी के प्रमुख बनाए गए थे। उन्होंने 1997 से 2002 तक फ्रांस के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया।

# 9 चर्चित स्थल

## हैदराबादः रेयर अर्थ मैग्रेट के लिए देश का पहला पायलट प्लांट

- भारत सरकार ने मार्च 2026 में तेलंगाना के **हैदराबाद में** देश का पहला रेयर अर्थ मैग्नेट का पायलट प्लांट स्थापित किया।
- यह प्लांट ARCI (Advanced Research Centre) में स्थापित किया गया है। इसमें Nd-Fe-B (नियोडिमियम-आयरन-बोरॉन) मैग्नेट का निर्माण किया जाएगा।
- यह 7,280 करोड़ रुपये की सरकारी योजना (PLI) का हिस्सा है।
- इसका उद्देश्य चीन की निर्भरता कम करना और ईवी, रक्षा और ऊर्जा क्षेत्र के लिए 2026 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाना है।
- इसका लक्ष्य 6,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष (MTPA) की एकीकृत क्षमता स्थापित करना है।
- यह प्लांट पूरी उत्पादन प्रक्रिया को एक ही प्रणाली में शामिल करता है। इसका उपयोग तकनीक परीक्षण, प्रक्रिया सुधार और उद्योग सहयोग के लिए किया जाएगा।

## गुरुग्रामः भारत का पहला LPG ATM

- हरियाणा के गुरुग्राम में सेक्टर 33, सोहना में सेंट्रल पार्क फ्लावर वैली में भारत की पहली तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (LPG) ऑटो-मेटेड टेलर मशीन (ATM) लॉन्च किया।
- महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (PSU) भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL) द्वारा जारी किया गया।
- यह 'BharatGas Insta LPG' पायलट प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में स्वचालित गैस वितरण को बढ़ावा देना है।
- इसका उद्देश्य 24x7 तेज, सुरक्षित और आसान LPG उपलब्ध कराना है।
- इसमें ग्राहक मोबाइल नंबर और OTP के माध्यम से सत्यापन कर सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं।
- भुगतान UPI या डेबिट कार्ड के जरिए डिजिटल रूप से किया जाता है।
- इसमें हल्के कंपोजिट सिलेंडर (लगभग 15 किग्रा) उपलब्ध हैं।
- इस मशीन में अधिकतम 10 सिलेंडर रखने की क्षमता है।

## भारत का पहला रिवराइन लाइटहाउस

- भारत में **ब्रह्मपुत्र नदी पर** पहली बार अंतर्देशीय जलमार्ग पर रिव-राइन लाइटहाउस बनाए जा रहे हैं।
- केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने गुवाहाटी में 5 मार्च 2026 को इसकी आधारशिला रखी।
- ये लाइटहाउस राष्ट्रीय जलमार्ग -2 (NW-2) पर ब्रह्मपुत्र नदी के 4 स्थानों पर बनाए जाएंगे।
  1. बोगीबील (डिब्रूगढ़ जिला, असम)
  2. पांडु (कामरूप मेट्रो जिला, असम)
  3. सिलघाट (नागांव जिला, असम)
  4. विश्वनाथ घाट (बिश्वनाथ जिला, असम)
- प्रत्येक लाइटहाउस 20 मीटर ऊँचा होगा और सौर ऊर्जा से संचालित होगा।
- यह परियोजना जल परिवहन सुरक्षा और नेविगेशन को बेहतर बनाएगी। इसके अलावा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए संग्रहालय, कैफेटेरिया और अन्य सुविधाएँ भी विकसित की जाएंगी।

## नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 मार्च 2026 को नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया।
- इस परियोजना की लागत लगभग 11,200 करोड़ रुपये है।
- इसे एक सतत और भविष्य-उन्मुख अवसंरचना परियोजना के रूप में डिजाइन किया गया।
- इसका लक्ष्य 'नेट-जीरो उत्सर्जन' हवाई अड्डा बनना है।
- यह भारत की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजनाओं में से एक है।
- यह दिल्ली-एनसीआर के लिए दूसरे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित किया गया है।
- यह इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के संचालन को पूरक करेगा। इस प्रारंभिक क्षमता 1.2 करोड़ यात्रियों प्रति वर्ष है, जिसे आगे 7 करोड़ तक बढ़ाया जा सकता है। इसमें कार्गो संचालन और मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स हब की सुविधा भी शामिल है।

## कालिंजर किला पहाड़ी राष्ट्रीय भू-धरोहर स्थल

- भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में स्थित कालिंजर किला पहाड़ी को राष्ट्रीय भू-धरोहर स्थल घोषित किया है।
- यह स्थल अपनी विशेष भूवैज्ञानिक और ऐतिहासिक महत्ता के लिए जाना जाता है।
- यहाँ 'एपार्कियन अनकॉनफॉर्मिटी' नामक दुर्लभ भूवैज्ञानिक संरचना है, जो लगभग 1.3 अरब वर्षों का अंतर दर्शाती है।
- इस क्षेत्र में लगभग 2.5 अरब वर्ष पुराने बुंदेलखंड ग्रेनाइट के ऊपर 1.2 अरब वर्ष पुराने कैमूर सैंडस्टोन हैं।
- यह संरचना विंध्य पर्वतमाला के विकास को समझने में महत्वपूर्ण है।

## नेल्लोर (आंध्र प्रदेश): विश्व का पहला स्वायत्त समुद्री शिपबिल्डिंग केंद्र

- सागर डिफेंस इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड ने मार्च 2026 में आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में विश्व के पहले स्वायत्त समुद्री शिपबिल्डिंग और सिस्टम्स सेंटर की आधारशिला रखी।
- यह केंद्र रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के उपयोग से जहाज निर्माण को अधिक कुशल और टिकाऊ बनाएगा।
- इसमें शिपबिल्डिंग यूनिट्स, परीक्षण सुविधाएं, अनुसंधान एवं विकास केंद्र, एमआरओ सुविधाएं और प्रशिक्षण केंद्र शामिल होंगे।
- यह केंद्र स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग तकनीकों जैसे रोबोटिक वेल्डिंग, कटिंग, पेंटिंग और 3D प्रिंटिंग का उपयोग करेगा।

## जम्मू-कश्मीर में एकीकृत एक्वा पार्क परियोजना को मंजूरी

- केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में ₹100 करोड़ की इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क परियोजना को मंजूरी दी।
- यह घोषणा श्रीनगर में आयोजित कोल्ड वॉटर फिशरीज पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान की गई। इस दौरान केंद्र सरकार ने कोल्ड वॉटर फिशरीज के विकास हेतु मॉडल गाइडलाइंस जारी की।
- इन गाइडलाइंस में वैज्ञानिक बीज उत्पादन, एक्वाकल्चर, जैव विविधता संरक्षण और मूल्य श्रृंखला विकास शामिल हैं।

## लक्षद्वीप: भारत का पहला ओशन थर्मल एनर्जी कन्वर्जन (OTEC) प्लांट

- भारत का पहला ओशन थर्मल एनर्जी कन्वर्जन (OTEC) प्लांट **लक्षद्वीप के कावरत्ती** में विकसित किया जा रहा है।
- OTEC तकनीक समुद्र के गर्म और ठंडे पानी के तापमान अंतर से बिजली उत्पन्न करती है। यह परियोजना स्वच्छ ऊर्जा और पेयजल (डिसेलिनेशन) दोनों उपलब्ध कराएगी।
- यह द्वीप क्षेत्रों के लिए टिकाऊ ऊर्जा समाधान प्रदान करेगी।
- इसे पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और NIOT द्वारा विकसित किया जा रहा है।

## रिलायंस मेट सिटी LEED प्लेटिनम प्री-सर्टिफिकेशन वाला पहला प्रोजेक्ट बना

- हरियाणा के झज्जर स्थित रिलायंस मेट सिटी का 'मेट्रोपोलिस' प्रोजेक्ट भारत का पहला प्रोजेक्ट बना जिसे LEED प्लेटिनम प्री-सर्टिफिकेशन मिला।
- यह प्रमाणन ग्रीन बिजनेस सर्टिफिकेशन इंक द्वारा प्रदान किया गया।
- यह वैश्विक स्तर पर टिकाऊ शहरी विकास का उच्च मानक माना जाता है।
- LEED प्रणाली पर्यावरण, ऊर्जा, जल, परिवहन और जीवन गुणवत्ता जैसे पहलुओं का मूल्यांकन करती है। इसका उद्देश्य संसाधनों के कुशल उपयोग और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करना है।

## केरल में जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान सुविधा का उद्घाटन

- डॉ. जितेंद्र सिंह ने केरल में रिकॉम्बिनेंट सेल्स और सेंसर की केंद्रीय सुविधा का उद्घाटन किया।
- यह सुविधा जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान और नवाचार केंद्र-राजीव गांधी सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी (BRIC-RGCB), तिरुवनंतपुरम में स्थापित की गई है। इसका उद्देश्य दवा खोज, मेडिकल जीनोमिक्स और कृषि जीनोमिक्स अनुसंधान को बढ़ावा देना है।
- यह उच्च स्तरीय अनुसंधान और दवा विकास में सहायता करेगी।

## नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (फेज-I) का उद्घाटन

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 मार्च 2026 को उत्तर प्रदेश के जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया।
- यह परियोजना 11,200 करोड़ रुपये की लागत से पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) मॉडल के तहत विकसित की गई है।
- **मुख्य विशेषताएं:**
  - यह दिल्ली NCR के लिए इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाद दूसरा अंतरराष्ट्रीय हवाई केंद्र होगा।
  - इसे स्विट्ज़रलैंड की ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल AG के सहयोग से विकसित किया गया है।
  - इसके पहले चरण में एक रनवे और 1.2 करोड़ यात्रियों की वार्षिक क्षमता है।
  - घरेलू और कार्गो सेवाएं अप्रैल/मई 2026 से तथा अंतरराष्ट्रीय उड़ानें सितंबर 2026 से शुरू होगी।

# विविध

## PRISM-SG पोर्टल

- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और अश्विनी वैष्णव ने 25 मार्च 2026 को सड़क-रेल पुल परियोजनाओं के लिए 'PRISM-SG पोर्टल' लॉन्च किया।
- PRISM-SG का पूरा नाम Portal for Rail-Road Inspection & Stages Management – Steel Girders है।
- इसका उद्देश्य रोड-रेल ब्रिज और रेलवे परियोजनाओं की स्वीकृति व निरीक्षण प्रक्रिया को डिजिटल बनाना है।
- यह पोर्टल एंड-टू-एंड डिजिटल वर्कफ्लो प्रदान करता है।
- इसमें रियल-टाइम मॉनिटरिंग और डेटा आधारित विश्लेषण की सुविधा है। यह विभिन्न विभागों और एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करता है।
- अनुमोदन और निरीक्षण का समय 12 महीनों से घटाकर 3–4 महीने कर दिया गया है।

## गृह सुगम पोर्टल

- राष्ट्रीय आवास बैंक (NHB) ने मार्च 2026 में 'गृह सुगम पोर्टल'

लॉन्च किया। इसका उद्देश्य रक्षा कर्मियों, अर्धसैनिक बलों और सरकारी कर्मचारियों के लिए होम लोन प्रक्रिया को सरल और डिजिटल बनाना है।

- यह पोर्टल एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जहां उपयोगकर्ता होम लोन की तुलना, आवेदन और ट्रैकिंग एक ही स्थान पर कर सकते हैं।
- इसमें पात्र लाभार्थी प्रशासनिक इकाइयों के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिससे बैंक जाने की आवश्यकता नहीं होती है।

## SEBI का AI सिस्टम 'सुदर्शन'

- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने 'सुदर्शन' नामक AI आधारित सिस्टम लॉन्च किया है।
- यह एक इन-हाउस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) प्रणाली है
- इसका उद्देश्य ऑनलाइन वित्तीय सामग्री की निगरानी करना है।
- यह सिस्टम ऑडियो, वीडियो और टेक्स्ट कंटेंट को स्कैन करता है।
- अब तक 1.2 लाख से अधिक भ्रामक पोस्ट हटाए जा चुके हैं।
- यह अवैध वित्तीय सलाह और गलत दावों की पहचान करने में मदद करता है।

## 100 दिवसीय टीबी अभियान

- विश्व क्षय रोग दिवस (24 मार्च) के अवसर पर त्रिपुरा के अगरतला में 100 दिवसीय टीबी अभियान शुरू किया गया।
- इस अभियान का आयोजन त्रिपुरा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से किया।
- इसका उद्देश्य टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नियंत्रण उपायों को मजबूत करना है।
- टीबी एक उपचार योग्य संक्रामक रोग है, इसलिए समय पर जांच और इलाज पर जोर दिया गया है।
- टीबी हवा के माध्यम से फैलता है और मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है।
- यह माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु से होता है।

❐❐❐❐

# 10 प्रमुख सम्मेलन

## रायसीना डायलॉग 2026

- रायसीना डायलॉग का 11वां संस्करण 5–7 मार्च 2026 तक नई दिल्ली में आयोजित किया गया।
- इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया और फिनलैंड के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर स्टब मुख्य अतिथि रहे।
- यह सम्मेलन ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन और विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया।
- इसका थीम "Samskara – Assertion, Accommodation, Advancement" था।
- यह सम्मेलन वैश्विक राजनीति, अर्थव्यवस्था और तकनीकी चुनौतियों पर केंद्रित रहा।

## जल महोत्सव 2026

- केंद्र सरकार द्वारा 8 मार्च 2026 को गुजरात के नवसारी जिले के गणदेवी ब्लॉक के रहेज गांव से राष्ट्रव्यापी अभियान जल महोत्सव 2026 की शुरुआत की गई।
- यह अभियान 8 से 22 मार्च तक आयोजित हुआ।
- इसका उद्देश्य ग्रामीण जल प्रबंधन में जनभागीदारी को बढ़ाना है।
- यह अभियान जल जीवन मिशन के तहत जल संसाधनों की स्थिरता को बढ़ावा देता है।
- इसकी टैगलाइन "गाँव का उत्सव, देश का महोत्सव" थी।

## भारत टेक्स 2026

- केंद्रीय कपड़ा मंत्रालय (MoT) द्वारा 11 मार्च 2026 को भारत टेक्स 2026 का शुभारंभ किया गया।
- यह भारत का प्रमुख वैश्विक कपड़ा कार्यक्रम है और दुनिया के सबसे बड़े एकीकृत कपड़ा मेलों में से एक है।
- यह 14 से 17 जुलाई 2026 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा।
- इसका उद्देश्य भारत को वैश्विक टेक्सटाइल हब के रूप में स्थापित करना है।
- यह प्रधानमंत्री की 5F विजन (फार्म से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्ट्री से फैशन, फैशन से विदेशी बाजार) पर आधारित है।

## भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026

- भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट (BES 2026) का पहला संस्करण 19-22 मार्च 2026 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया।
- इसका उद्देश्य भारत के ऊर्जा संक्रमण और बिजली क्षेत्र सुधारों को मजबूत करना था।
- इस समिट का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने किया।
- इसका थीम "Electrifying Growth, Empowering Sustainability, Connecting Globally" था।
- इस कार्यक्रम का आयोजन ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) द्वारा किया गया।

## मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस 2026

- मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस 2026 का आयोजन 2–5 मार्च 2026 को बार्सिलोना, स्पेन में हुआ।
- यह दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल और टेक्नोलॉजी इवेंट है।
- इसका थीम "The IQ Era" था, जो AI और कनेक्टिविटी के एकीकरण पर आधारित है।
- इस कार्यक्रम का आयोजन ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल कम्युनिकेशंस एसोसिएशन (GSMA) द्वारा किया गया।
- भारत का प्रतिनिधित्व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने किया।

## राष्ट्रीय आरोग्य मेला 2026

- राष्ट्रीय आरोग्य मेला 2026 का आयोजन महाराष्ट्र के शेगांव में 25–28 फरवरी 2026 तक किया गया। (उद्घाटन: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू) इसमें स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों और संस्थाओं ने भाग लिया।
- इसमें एलोपैथी और AYUSH की सभी पद्धतियों को प्रदर्शित किया गया।
- इसका उद्देश्य सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देना है। इसका आयोजन आयुष मंत्रालय और ऑल इंडिया आयुर्वेदिक कांग्रेस द्वारा किया गया।

## विश्व बौद्ध शांति सम्मेलन 2026

- पहला विश्व बौद्ध शांति सम्मेलन 27-29 मार्च 2026 तक हैदराबाद और नागार्जुनसागर (तेलंगाना) में आयोजित किया गया।
- इसका आयोजन तेलंगाना पर्यटन विकास निगम और वियतनाम बौद्ध संघ के सहयोग से किया गया।
- इस सम्मेलन में "तेलंगाना शांति घोषणा" को अपनाया गया, जिसमें नैतिक मूल्यों और आंतरिक परिवर्तन पर जोर दिया गया।
- राज्य सरकार ने 274 एकड़ क्षेत्र में बुद्धवनम को वैश्विक शांति केंद्र के रूप में विकसित करने की घोषणा की।

# 11 इंडेक्स एवं रिपोर्ट

## फिस्कल हेल्थ इंडेक्स 2026

- नीति आयोग द्वारा फिस्कल हेल्थ इंडेक्स 2026 जारी किया गया।
- यह सूचकांक राज्यों की वित्तीय स्थिति और प्रदर्शन का आकलन करता है।
- ओडिशा 73.1 स्कोर के साथ पहले स्थान पर रहा, जबकि गोवा और झारखंड क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

**राज्यों की श्रेणियां:**

- फ्रंट-रनर: गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश आदि।
- परफॉर्मर: मध्य प्रदेश, हरियाणा, बिहार, तमिलनाडु और राजस्थान।
- एस्पिरेशनल: पश्चिम बंगाल, केरल, आंध्र प्रदेश और पंजाब।

## निर्यात डेटा (NIRYAT) FY25

- उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT), वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय (MoC&I) ने मार्च 2026 में वित्तीय वर्ष 2024-25(FY25) के लिए व्यापार के वार्षिक विश्लेषण (NIRYAT) डेटा के लिए राष्ट्रीय-आयात-निर्यात रिकॉर्ड जारी किया।
- भारत का कुल टेक्सटाइल निर्यात 36,610 मिलियन USD रहा।
- इसके अनुसार तमिलनाडु भारत का सबसे बड़ा टेक्सटाइल निर्यातक राज्य बन गया।
- तमिलनाडु का निर्यात 7,997.17 मिलियन USD रहा, जो कुल निर्यात का 21.84% है।
- गुजरात दूसरे और महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर रहे।

## उत्तराखंड ICJS 2.0 में प्रथम स्थान

- इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (ICJS) 2.0 और क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स (CCTNS) डैशबोर्ड में उत्तराखंड ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया।
- उत्तराखंड को 93.46 अंक मिले।
- हरियाणा और असम क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।
- राज्यों ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू किए गए।
- इसके तहत 'वन डेटा, वन एंट्री' प्रणाली से पुलिस, न्यायालय, जेल और फॉरेंसिक सिस्टम को जोड़ा गया है। इससे आपराधिक न्याय प्रणाली में डिजिटल एकीकरण मजबूत हुआ।

## वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2026

- यह रिपोर्ट गैलप, ऑक्सफोर्ड वेलबीइंग रिसर्च सेंटर और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क (SDSN) द्वारा मिलकर जारी की जाती है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार फिनलैंड लगातार 9वीं बार दुनिया का सबसे खुशहाल देश है।
- फिनलैंड का जीवन मूल्यांकन स्कोर 7.764 रहा।
- फिनलैंड, आइसलैंड, डेनमार्क, कोस्टारिका, स्वीडन, नॉर्वे, नीदरलैंड्स, इज़राइल, लक्ज़मबर्ग और स्विट्ज़रलैंड शीर्ष 10 में शामिल हैं।
- अफगानिस्तान 147वें स्थान के साथ सबसे कम खुशहाल देश रहा।

**भारत की स्थिति**

- भारत 2026 में 116वें स्थान पर रहा, जिसका स्कोर 4.536 है।
- भारत की रैंकिंग में पिछले वर्षों की तुलना में सुधार हुआ है।
- भारत पाकिस्तान (104वाँ स्थान) और श्रीलंका (99 वाँ स्थान) से पीछे है, जबकि बांग्लादेश (127वाँ स्थान) और अफगानिस्तान (147वाँ स्थान) से आगे है।

## SIPRI रिपोर्ट 2025

- स्वीडिश थिंक टैंक स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) ने 'ट्रेंड्स इन इंटरनेशनल आर्म्स ट्रांसफर, 2025' शीर्षक से अपनी नवीनतम रिपोर्ट जारी की।
- इस रिपोर्ट के अनुसार 2021–2025 के दौरान हथियारों के आयात में यूक्रेन पहले स्थान पर रहा।
- भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक रहा।
- भारत का वैश्विक आयात में हिस्सा 8.2% रहा।
- सऊदी अरब तीसरे स्थान पर रहा।
- संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस और रूस शीर्ष 3 वैश्विक हथियार निर्यातक रहे।
- वैश्विक स्तर पर हथियारों के आयात में लगभग 10% वृद्धि हुई।
- भारत फ्रांसीसी हथियारों का सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता (फ्रांस के निर्यात का 24%) और रूसी हथियारों के निर्यात के लिए सबसे बड़ा गंतव्य (48%) बना रहा

## QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026

- क्वाक्वेरेली साइमंड्स (QS) ने सब्जेक्ट 2026 के आधार पर QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग का 16वाँ संस्करण जारी किया।
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान – इंडियन स्कूल ऑफ माइंस (IIT-ISM) धनबाद, झारखंड ने मिनरल एंड माइनिंग इंजीनियरिंग में विश्व में 21वाँ स्थान प्राप्त किया।
- भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM) अहमदाबाद ने बिजनेस, मैनेजमेंट और मार्केटिंग में 21वाँ स्थान हासिल किया।
- भारत ने पहली बार मार्केटिंग विषय की रैंकिंग में स्थान प्राप्त किया।

- संयुक्त राज्य अमेरिका 37 विषयों में पहले स्थान के साथ शीर्ष पर बना हुआ है, जबकि यूनाइटेड किंगडम (UK) दूसरे स्थान पर है।
- संयुक्त राज्य अमेरिका 228 संस्थानों के साथ शीर्ष पर है, इसके बाद चीन 158 और यूके 114 के साथ है, जबकि भारत में 99 संस्थान शामिल हैं।
- भारत 120 नई प्रविष्टियों के साथ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी उच्च शिक्षा प्रणाली बना।

## फोर्ब्स अरबपतियों की सूची 2026

- फोर्ब्स ने मार्च 2026 में विश्व के अरबपतियों की 40वीं सूची जारी की।
- एलन मस्क लगातार दूसरे वर्ष दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने रहे। (संपत्ति लगभग 839 अरब डॉलर)
- अल्फाबेट (गूगल) के लैरी पेज दूसरे और अल्फाबेट इंक (गूगल) के सर्गेई ब्रिन तीसरे स्थान पर रहे।
- मुकेश अंबानी 99.7 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ भारत के सबसे अमीर व्यक्ति रहे।
- इस सूची में कुल 3,428 अरबपति शामिल हैं, जिनकी कुल संपत्ति 20.1 ट्रिलियन डॉलर है।
- इसमें अमेरिका 989 अरबपतियों के साथ पहले स्थान पर है, जबकि चीन दूसरे और भारत 229 अरबपतियों के साथ तीसरे स्थान पर है।
- सूची में 481 महिलाएं शामिल हैं, जो कुल का 14% हैं।
- एलिस वाल्टन लगातार दूसरे वर्ष दुनिया की सबसे अमीर महिला रहीं।

## ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2026

- यह इंडेक्स मार्च 2026 में इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस (IEP) द्वारा जारी किया गया।
- इस रिपोर्ट में पाकिस्तान को आतंकवाद से सबसे अधिक प्रभावित देश बताया गया है।
- पाकिस्तान का स्कोर 8.574 रहा और 2025 में 1,139 मौतें तथा 1,045 घटनाएं दर्ज हुईं।
- अन्य प्रभावित देशों में बुर्किना फासो (2nd), नाइजर (3rd), नाइजीरिया (4th) और माली (5th) शामिल हैं।
- भारत 6.428 स्कोर के साथ 13वें स्थान पर रहा।
- GTI में देशों को 0 से 10 के स्कोर के आधार पर रैंक किया जाता है।
- वर्ष 2025 में आतंकवादी घटनाएं 2020 की तुलना में लगभग 6 गुना अधिक रहीं।
- हालांकि कुल घटनाओं में 22% की कमी आई और यह 2,944 तक पहुंच गई, जो 2007 के बाद सबसे कम है।

## हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2026

- हुरुन रिपोर्ट 2026 के अनुसार भारत अरबपतियों की संख्या में दुनिया में तीसरे स्थान पर रहा।
- भारत में कुल 308 अरबपति हैं, जिनमें 57 नए शामिल हुए हैं।
- मुकेश अंबानी भारत और एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने रहे।
- एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति रहे, उनके बाद जेफ बेजोस और लैरी पेज का स्थान रहा।
- वैश्विक स्तर पर पहली बार अरबपतियों की संख्या 4000 से अधिक हो गई।
- भारत के अरबपतियों की कुल संपत्ति लगभग ₹112 लाख करोड़ आंकी गई।
- चीन 75% के साथ सेल्फ मेड महिला अरबपतियों के साथ पहले स्थान पर है।
- ABC सप्लाई (USA) की डायने हेंड्रिक्स दुनिया की सबसे अमीर सेल्फ मेड महिला है।
- रोशनी नाडर मल्होत्रा भारत की सबसे अमीर महिला है।

## महिलाओं के अधिकार संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट

- संयुक्त राष्ट्र (UN) द्वारा "सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करना और मजबूत करना" शीर्षक से रिपोर्ट जारी की गई।
- इस रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं को पुरुषों की तुलना में केवल 64% कानूनी अधिकार प्राप्त हैं।
- इसके तहत कई देशों में बलात्कार की परिभाषा सहमति पर आधारित नहीं किया गया है।
- लगभग 75% देशों में बाल विवाह अभी भी कानूनन संभव है।
- 44% देशों में समान काम के लिए समान वेतन का कानून नहीं है।
- दुनिया में अभी तक कोई भी देश पूर्ण लैंगिक समानता हासिल नहीं कर पाया है।

## भारत विश्व का 5वाँ का कोयला भंडार बना

- केन्द्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी के अनुसार भारत के पास दुनिया का पाँचवाँ सबसे बड़ा कोयला भंडार है। ये भंडार देश की ऊर्जा जरूरतों को 60–70 वर्षों तक पूरा कर सकते हैं।
- केंद्र सरकार ने कोयला क्षेत्र में कई सुधार लागू किए हैं और आवंटन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाया है।
- देश में लगभग 74% बिजली उत्पादन कोयला आधारित तापीय संयंत्रों से होता है।
- भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कोयला उत्पादक और उपभोक्ता है।

# 12 महत्वपूर्ण दिवस

| दिवस | तारीख | मुख्य बिंदु |
|---|---|---|
| शून्य भेदभाव दिवस (ZDD) | 1 मार्च | समानता और समावेशन को बढ़ावा देना। 2026 थीम: "People First" |
| विश्व नागरिक सुरक्षा दिवस | 1 मार्च | नागरिक सुरक्षा कर्मियों के सम्मान में मनाया जाता है। 2026 थीम: "Managing Environmental Risks for a Resilient and Sustainable Future" |
| विश्व समुद्री घास दिवस | 1 मार्च | समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र में समुद्री घास के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना |
| विश्व वन्यजीव दिवस | 3 मार्च | वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना। 2026 थीम: "Medicinal and Aromatic Plants: Conserving Health, Heritage and Livelihoods" |
| विश्व श्रवण दिवस | 3 मार्च | सुनने की समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना। 2026 थीम: "From communities to classrooms: hearing care for all children" |
| यौन शोषण के विरुद्ध संघर्ष दिवस | 4 मार्च | जागरूकता बढ़ाना और पीड़ितों का समर्थन करना |
| राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस | 4 मार्च | कार्यस्थल सुरक्षा और दुर्घटना रोकथाम पर केंद्रित। थीम: "Engage, Educate & Empower People to Enhance Safety" |
| विश्व मोटापा दिवस | 4 मार्च | मोटापे के प्रति जागरूकता बढ़ाना। 2026 थीम: "8 Billion Reasons to Act on Obesity" |
| सतत विकास हेतु विश्व इंजीनियरिंग दिवस | 4 मार्च | सतत विकास में इंजीनियरिंग की भूमिका को दर्शाता है। 2026 थीम: "Smart Engineering for Sustainable Future through Innovation and Digitalization" |
| निरस्त्रीकरण एवं अप्रसार जागरूकता दिवस | 5 मार्च | हथियारों के खतरे के प्रति जागरूकता और शांति को बढ़ावा देना |
| जन औषधि दिवस | 7 मार्च | सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देना |
| अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस | 8 मार्च | महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान और अधिकारों को बढ़ावा देना। 2026 थीम: "Rights, Justice, Action for All Women and Girls" |
| अंतर्राष्ट्रीय महिला न्यायाधीश दिवस | 10 मार्च | न्याय प्रणाली में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना। 2026 थीम: "Women Judges on the Bench and Beyond: Protecting Access to Justice" |
| CISF स्थापना दिवस | 10 मार्च | 1969 में CISF की स्थापना की स्मृति; औद्योगिक सुरक्षा में योगदान |
| विश्व किडनी दिवस | 12 मार्च (दूसरा गुरुवार) | किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता। 2026 थीम: "Kidney Health for All: Caring for People, Protecting the Planet" |
| विश्व रोटरैक्ट दिवस | 13 मार्च | युवाओं के सेवा और नेतृत्व योगदान को सम्मानित करना |
| अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस | 14 मार्च | विभिन्न क्षेत्रों में गणित के महत्व को उजागर करना। 2026 थीम: "Mathematics and Hope" |
| अंतर्राष्ट्रीय नदियों के लिए कार्य दिवस | 14 मार्च | नदियों के संरक्षण और जल सुरक्षा का महत्व। 2026 थीम: "Protect Rivers, Protect People" |
| विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस | 15 मार्च | उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना। 2026 थीम: "Safe Products, Confident Consumers" |
| इस्लामोफोबिया के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस | 15 मार्च | मुस्लिम विरोधी भेदभाव को रोकना और सामाजिक सद्भाव बढ़ाना |
| राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस | 16 मार्च | 1995 में ओरल पोलियो वैक्सीन की शुरुआत की स्मृति; टीकाकरण के महत्व पर जागरूकता |

| | | |
|---|---|---|
| आयुध निर्माणी दिवस | 18 मार्च | 1801 में पहली आयुध फैक्ट्री (काशीपुर, कोलकाता) की स्थापना की स्मृति |
| वैश्विक पुनर्चक्रण दिवस | 18 मार्च | प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना। 2026 थीम: "Don't think waste – Think Opportunity" |
| अंतरराष्ट्रीय खुशी दिवस | 20 मार्च | खुशी और कल्याण को बढ़ावा देना। 2026 थीम: "Caring and Sharing" |
| विश्व गौरैया दिवस | 20 मार्च | गौरैया की घटती संख्या के प्रति जागरूकता। 2026 थीम: "Creating Bird-Friendly Cities & Communities" |
| बच्चों और युवाओं के लिए विश्व रंगमंच दिवस | 20 मार्च | बच्चों और युवाओं के सांस्कृतिक अधिकारों को बढ़ावा देना |
| नस्लीय भेदभाव उन्मूलन अंतरराष्ट्रीय दिवस | 21 मार्च | नस्लवाद के खिलाफ जागरूकता; प्रभावित समुदायों के अधिकारों पर ध्यान |
| विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस | 21 मार्च | समावेशन और कल्याण को बढ़ावा देना। 2026 थीम: "Together Against Loneliness" |
| अंतरराष्ट्रीय नौरोज़ दिवस | 21 मार्च | सांस्कृतिक आदान-प्रदान, शांति और एकता को बढ़ावा देना |
| विश्व कविता दिवस | 21 मार्च | भाषाई विविधता और लुप्तप्राय भाषाओं का संरक्षण। 2026 थीम: "Poetry as a Bridge for Peace and Inclusion" |
| विश्व हिमनद दिवस | 21 मार्च | हिमनदों के संरक्षण के प्रति जागरूकता |
| अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस | 21 मार्च | वनों के महत्व और संरक्षण को बढ़ावा देना। 2026 थीम: "Forests and Economies" |
| विश्व कठपुतली दिवस | 21 मार्च | कठपुतली कला को बढ़ावा देना |
| बिहार स्थापना दिवस | 22 मार्च | 1912 में राज्य गठन की स्मृति। थीम: "उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार" |
| विश्व जल दिवस | 22 मार्च | जल के महत्व और जल संकट पर जागरूकता। 2026 थीम: "Water and Gender" |
| शहीद दिवस | 23 मार्च | भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के बलिदान की स्मृति |
| विश्व मौसम विज्ञान दिवस | 23 मार्च | मौसम और जलवायु के महत्व पर जागरूकता। 2026 थीम: "Observing Today, Protecting Tomorrow" |
| विश्व क्षय रोग दिवस | 24 मार्च | टीबी के प्रति जागरूकता और उन्मूलन प्रयास। 2026 थीम: "Yes! We Can End TB!" |
| मानवाधिकार उल्लंघनों के पीड़ितों के लिए सत्य का अधिकार दिवस | 24 मार्च | मानवाधिकार पीड़ितों के सम्मान और न्याय को बढ़ावा देना |
| दासता और ट्रांसअटलांटिक दास व्यापार के पीड़ितों की स्मृति दिवस | 25 मार्च | दास व्यापार के पीड़ितों को श्रद्धांजलि। 2026 थीम: "Justice in Action" |
| अंतरराष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस | 30 मार्च | अपशिष्ट प्रबंधन और जिम्मेदार उपभोग। 2026 थीम: "Food Waste" |
| अंतरराष्ट्रीय ट्रांसजेंडर दृश्यता दिवस | 31 मार्च | ट्रांसजेंडर समुदाय के योगदान और अधिकारों का सम्मान |

## जन औषधि सप्ताह 2026

- 1 से 7 मार्च 2026 तक जन औषधि सप्ताह मनाया गया।
- इसका उद्देश्य सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।
- इसका आयोजन फार्मास्यूटिकल्स एवं मेडिकल डिवाइस ब्यूरो ऑफ इंडिया द्वारा किया गया।
- थीम: "जन औषधि सस्ती भी, भरोसेमंद भी, सेहत की बात, बचत के साथ"।


SAMYAK वाहक बना है हजारों अभ्यर्थियों की सफलता में
RAS 2013
1st RANK
Anil Kumar Singhal
RAS 2016
2A RANK
Shailesh Khairwa
RAS 2018
1st RANK
Mukta Rao
IAS 2020
13th RANK
Gaurav Budania
RAS 2021
1st RANK
Vikrant Sharma
RAS 2023
1st RANK
Kushal Choudhary
NEXT
1st RANK
YOU
सम्यक् मार्गदर्शन = सर्वश्रेष्ठ परिणाम
TOPPERS 2023
RANK 02 Ankita Parasar
RANK 03 Parameshwar
RANK 04 Ranjan Sharma
RANK 09 Kamal Choudhary
RANK 10 Vikash Siyag
RANK 11 Kuldeep Kumawat
RANK 13 Madan Lal Delu
RANK 14 Balveer Dhaka
RANK 16 Priyanka Choudh.
RANK 19 Rajendra Swami
RANK 20 Ashok Goar
RANK 21 Neha Bhojwani
RANK 24 Ritu Bhojwani
RANK 26 Anshika Agarwal
RANK 30 Virendra Echoliya
RANK 31 Dinesh
TOPPERS 2021
RANK 02 Priya Bajaj
RANK 04 Vishwajeet
RANK 05 Bharti Gupta
RANK 06 Akanksha Dubey
RANK 07 Kanchan Choudhary
RANK 08 Shubham Sharma
RANK 09 Nidhi Udsaria
RANK 10 Satya Narayan
RANK 13 Deepshikha
RANK 15 Karmveer singh
RANK 16 Divya Soni
RANK 18 Gaurav Saraswat
RANK 19 Divya Bishnoi
RANK 20 Sejal Shekhawat
RANK 23 Pooja Pareek
RANK 27 Paramjeet
TOPPERS 2018
RANK 03 Shivakshi Khandal
RANK 04 Nikhil Kumar
RANK 05 Varsha Sharma
RANK 06 Yashwant Meena
RANK 07 Ravi Goyal
RANK 09 Vikash Prajapat
RANK 12 Gaurav Budania
RANK 14 Garima Sharma
RANK 15 Niharika Sharma
RANK 17 Mahesh Gagoriya
RANK 18 Hukmi Rulaniya
RANK 20 Rishi Sudhanshu
RANK 21 Sarita Sharma
RANK 23 Kriti Sharma
RANK 25 Kalpit
RANK 26 Neha Mishra
TOPPERS 2016
RANK 05 Upendra Sharma
RANK 06 Sanjay Gora
RANK 12 Mrityunjay Mishra
RANK 22 Shivcharan Sharma
RANK 23 Manish Sharma
RANK 27 Arun Kumar
RANK 39 Rudra Pratap
RANK 46 Arshdeep Barar
RANK 60 Mamta Gaur
RANK 95 Ravi Goyal
RANK 97 Khushbu Ameta
RANK 105 Shalini Bajaj
RANK 110 Bhanu Pratap
RANK 128 Chhavi Sharma
RANK 148 Anadaram Parihar
RANK 151 Manish Kumar
TOPPERS 2013
RANK ST-01 Mukesh Meena
RANK BL-02 Komal Jain
RANK ST-WE-2 Sanju Meena
RANK ST-WE-4 Kusum Meena
RANK WE-6 Sunita Yadav
RANK SC-6 Manish Kr. Jatav
RANK SC-WE-9 Pratibha Nimesh
RANK WE-10 Khushboo Sharma
RANK OBC WE-19 Santra Devi
RANK SC-30 Krishna Pratap
RANK OBC WE-38 Ashish Yadav
RANK 38 Anshul Singh
RANK OBC WE-58 Vidya Choudhary
RANK WE-67 Karishma Kavia
RANK WE-72 Pooja Diggi
RANK 95 Harish Sharma
IAS & RAS में सफलता - सम्यक् है तो संभव है

# Samyak
An Institute For Civil Services

# IAS
## FOUNDATION
क्लास 12th के बाद ग्रेजुएशन के साथ 3 वर्षीय कोर्स

# RAS
## FOUNDATION
क्लास 12th के बाद ग्रेजुएशन के साथ 3 वर्षीय कोर्स

# PSI
## PAPER 1st & PAPER 2nd

**ONLINE COURSE & TEST SERIES AVAILABLE ON APP**

Samyak
An Institute For Civil Services

SCAN QR & DOWNLOAD APP NOW

- Live & Recorded Classes
- Test Series & Solution
- Personal Mentorship
- Toppers' Strategic Sessions

## RAS-2023 RESULT
## सम्यक् मार्गदर्शन सर्वश्रेष्ठ परिणाम



RANK 1 कुशल चौधरी | RANK 2 अंकिता परासर | RANK 3 परमेश्वर | RANK 4 रंजन शर्मा | RANK 9 कमल चौधरी | RANK 10 विकास सियाग

**06** RANKS in TOP 10 | **56** RANKS in TOP 100 | **680+** SELECTION in RAS-2023

## RAS की तैयारी के लिए पूर्ण सुरक्षित माहौल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आवासीय कोचिंग

**Samyak Gurukul**
A Residential Coaching For Civil Services
शिक्षा | स्वास्थ्य | संस्कार | सफलता

### गुरुकुल की सुविधाएँ



विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन



गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन



योग एवं प्राणायाम



सेपरेट हॉस्टल (Boys & Girls)




आधुनिक क्लासरूम



लाइब्रेरी

### अभ्यर्थी से अधिकारी




**HEAD OFFICE: NEAR RIDDHI - SIDDHI, JAIPUR 9875170111**